शनिवार

25 मई 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




लालू परिवार बिहार में फिर से जंगलराज लाना चाहते हैं: गिरिराज सिंह

4



# आज यूपी में जमीन में गाड़ दिये गये हैं माफिया, जेल की हवा खा रहे गुर्गे: जेपी नड्डा

- बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कुशीनगर में जनसभा को किया संबोधित
- बोले- जनता ने लिया है देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प

**केटी न्यूज/ कुशीनगर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को साखोपार में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कुशीनगर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित भारत बनाने के लिए बीजेपी पूरी ताकत से मैदान में है। कहा कि कभी यही उत्तर प्रदेश माफिया सरगनाओं के आतंक से परेशान था, दिन दहाड़े हत्याएं होती थीं, व्यापारी और बेटी असुरक्षित थे। आज यही यूपी है जहां प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में माफिया सरगनाओं को जमीन में गाड़ दिया गया है और उनके सहयोगी जेलों में हैं। आज व्यापारी अपना व्यापार कर रहे हैं और बेटियां अपने भविष्य को संवार रही हैं। उकहा कि योगी आदित्यनाथ यूपी को अग्रणी राज्य बनाने में दिन रात जुटे हैं।



**इंडी गठबंधन वाले या तो जेल में हैं या बेल पर:** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से आपका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। कहा कि 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। 11 करोड़ परिवारों को हर घर नल योजना का लाभ दिया जा रहा है। नेशनल हाईवे 10 साल में 55 हजार किमी बन चुका है। उन्होंने कहा कि आपका वोट सही जगह पड़ता है तो विकास होता है, गलत जगह पड़ता है तो बहन बेटियों की इज्जत पर खतरा बढ़ता है। कांग्रेस ने भारत की जनता को अनपढ़ बताया था, मोदी जी ने देश के सामर्थ्य को पहचाना और आज सब्जीवाला भी डिजिटल ट्रांजेक्शन करता है। हमें 10 साल पहले का भारत और आज के भारत और 7 साल पहले का यूपी और आज के यूपी का अंतर समझना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अंतरिक्ष से लेकर पाताल तक घोटाला किया। लालू, अखिलेश, ममता बनर्जी, डीएमके सबने घोटाला किया। ये सारे भ्रष्टाचारी एक हो गये हैं। राहुल, सोनिया, लालू, चिदंबरम, संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल, आजम खां, के कविता या तो बेल पर हैं या जेल में हैं। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### आज भारत दुनिया में दूसरे नंबर का दवा एक्सपोर्टर

नड्डा ने कहा कि कोरोना काल में अमेरिका, यूरोप, जापान आदि दुनिया के बड़े बड़े देश भी यह तय नहीं कर पाए कि इससे कैसे निपटा जाए, अर्थव्यवस्था बचाई जाए या जीवन, मगर प्रधानमंत्री मोदी ने कड़ा फैसला लिया और जान है तो जहान है मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि इन्सेफलाइटिस की वैक्सिन भारत आने में 100 साल लग गये, जबकि कोरोना काल में मात्र 9 महीने में एक नहीं बल्कि दो-दो वैक्सीन भारत को दी गइ। 220 करोड़ डोज और बाद में बूस्टर देकर जनता की जान बचाई गई। आज भारत दुनिया में दूसरे नंबर का दवा एक्सपोर्टर हो चुका है। ऑटोमोबाइल में भारत जापान को पछाड़कर दुनिया में तीसरे नंबर का देश बन गया है। इस्पात के मामले में भारत दूसरे नंबर का देश बन चुका है।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आरा में जनसभा को किया संबोधित, बोले...

# आरा में गलती से भी माले जीत गया तो नक्सल और गोलियां फिर से आएंगी

- बोले- मैं आपसे कहता हूं एनडीए को 400 सीट जिताइए, हम मुस्लिम आरक्षण खत्म कर देंगे
- लालू यादव ने न तो पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और न ही अपनी जाति के लिए

**केटी न्यूज/आरा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आरके सिंह के चुनावी सभा को संबोधित किया। जहां हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान अमित शाह लालू परिवार पर जम कर हमला बोला। भीषण गर्मी के बावजूद हजारों की संख्या में लोग अपने चाहते नेता के भाषण को सुनने के लिए यहां मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में 32 आरा लोक सभा के उम्मीदवार आरके सिंह के पक्ष में वोट मांगने पहुंचे थे।

उन्होंने लालू परिवार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि राजद प्रमुख ने न तो पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और न ही अपनी जाति यादव के लोगों के लिए। लालू ने न तो पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और न ही अपनी जाति यादव के लोगों के लिए। लोगों में गलत धारणा है कि लालू उनके लिए काम करते हैं। आरा वालों लालू जी ने वोट बैंक की राजनीति में माले वालों को लड़ाया है गलती से भी माले अगर जीत गया तो नक्सल और गोलियां फिर से आयेंगी। नक्सलवाद को लाने वाले लोगों को जीतना चाहिए क्या! अपहरण की इंडस्ट्री चाहते हो क्या! लूट खसोट चाहते हो क्या? अगर माले आया तो मेरी बात याद रखना पीछे ही पीछे नक्सलवाद वापस आ जायेगा। हमारे आरके सिंह लाखों वोट से जीतने वाले हैं। इसका मुझे पूरा भरोसा है।



### मोदी जी पीएम बने तो छत्तीसगढ़ से भी नक्सल खत्म कर देंगे

अमित शाह ने कहा कि 5 चरण का चुनाव हो चुका है और हमलोग 5 चरण में 310 सीट प्राप्त कर चुके हैं। लालू और राहुल का सूपड़ा साफ हो गया है। आरके सिंह को आप लोग विकास के नाम पर वोट मत दीजिए। लेकिन मैं बताता हूं आखिर क्यों वोट देना है। कश्मीर हमारा है या नहीं है। कांग्रेस वाले और लालू यादव हमें डराते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हम लोग भाजपा वाले हैं। पाकिस्तान के परमाणु बम से हमलोग नहीं डरते हैं। कश्मीर हमारा है और रहेगा। वहीं विपक्ष पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस वालों ने धारा 370 बच्चे की तरह संभाल कर रखा था। जब दूसरी बार प्रधानमंत्री मोदी जी ने 5 अगस्त को 370 हटा दिया और देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि आरा भी नक्सलवाद के चपेट में था। आरा वालों तीसरी बार भी मोदी जी को प्रधानमंत्री बना दो छत्तीसगढ़ से भी नक्सल खत्म कर देंगे।

### अपने परिवार को आगे बढ़ाने में रहा लालूजी का फोकस

उन्होंने परिवारवाद पर लालू यादव को घेरते हुए कहा कि लालू यादव का पूरा जीवन परिवार के लिए ही गया। यहां यादव समाज भी गलत मुगालते में है। लालू के दोनों लाल बिहार में मंत्री बने। एक पुत्री राज्यसभा सांसद बनी। राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया। राबड़ी देवी के दोनों भाई को भी मंत्री और सांसद लालू यादव ने बनाया। आपके लिए लालू यादव के पास कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू यादव को पिछड़ों के लिए सम्मान होता तो कपूर्री ठाकुर को कब का भारत रत्न मिल गया होता। पीएम मोदी ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर पिछड़ों का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, लालू यादव और ममता बनर्जी पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं। जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, दलित, आदिवासी और पिछड़ा-अति पिछड़े के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। शाह ने बिहार के जंगलराज का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि क्या आप लालू वाला जंगलराज चाहते हैं। लूट की फैक्ट्री चाहते हैं। जब तक मोदी हैं बिहार में जंगलराज नहीं आने देंगे। अमित शाह ने आरा वालों से सवाल पूछा कि क्या अयोध्या में मंदिर नहीं बनाना चाहिए था, कांग्रेस और लालू जी ने 70 सालों तक रामलला को रोक रखा, लेकिन पांच साल में मोदी जी ने राम मंदिर बनवा दिया।

## चिराग पासवान बोले... कांग्रेस-राजद नहीं चाहती गरीबी दूर हो

**नालंदा।** एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने नालंदा के हिलसा प्रखंड पहुंचे चिराग पासवान विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के लोग नहीं चाहते हैं कि लोग गरीबी रेखा से आगे निकलें। यह वही लोग हैं जो 90 के दशक में लाठी में तेल पिलाकर अत्याचार करते थे। यह वही लोग हैं जो नौकरी देने के नाम पर जमीन छीनने का काम करते हैं। कहा कि 1975 में इन लोगों ने ही देश में इमरजेंसी लगाकर सही मायनों में लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया था।

## 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर मतदान आज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर छठे चरण का मतदान 25 मई को किया जाना है। इस दौरान आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों पर मतदान किया जाएगा। इस दौरान अलग-अलग राज्यों की अलग-अलग सीटों पर मतदान किया जाएगा। 25 मई को बिहार, हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर, झारखंड, दिल्ली, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वोटिंग की जाएगी। बता दें कि इस दौरान सबसे अधिक उम्मीदवार जो चुनावी मैदान में हैं वो हरियाणा के हैं। दरअसल हरियाणा की 10 सीटों के लिए 239 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वहीं बिहार के 8 सीटों के लिए 89 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। जम्मू कश्मीर में एक सीट के लिए मतदान किया जाएगा। झारखंड की 4 सीटों के लिए 96 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। दिल्ली की 7 सीटों के लिए 166 उम्मीदवार मैदान में हैं। ओडिशा की 6 सीटों के लिए 65 उम्मीदवार मैदान में हैं। उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए 164 उम्मीदवार मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए 81 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## शशि थरूर का दावा... देश में बदलाव की हवा चल रही है, 4 को दिल्ली में दिखेगा बदलाव

**एजेंसी/पटना**

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने दावा किया है कि देश में अब बदलाव की हवा चल रही है। 4 जून को दिल्ली में बदलाव दिखेगा। शशि थरूर ने देश में बदलाव के लिए बिहार में गठबंधन को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि पटना में सेंट्रल यूनिवर्सिटी नहीं बनाया गया। पीएम सिर्फ अच्छे भाषण देते हैं पर कोई समस्या दूर नहीं करते हैं। शुक्रवार को कांग्रेस नेता शशि थरुर ने पटना स्थित सदाकत आश्रम में प्रेस कांफ्रेंस



कर राज्य और केंद्र सरकार पर हमला बोला। शशि थरुर ने कहा कि अबतक पांच चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया कि बिहार में बदलाव दिखेगा। कैसे भारत में रहना है ये आपको तय करना है। शशि थरूर ने कहा कि इस बार के चुनाव में मत प्रतिशत गिरा है। कई जगह लगातार मत प्रतिशत गिरा है यह अच्छा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार बिहार दौरे पर तंज कसते हुए शशि थरूर ने कहा कि पीएम मोदी को पता है कि बिहार में कड़ी टक्कर मिल रही है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव बहुत मेहनत कर रहे हैं। सबसे ज्यादा चुनाव प्रचार करने का रिकॉर्ड इस बार उन्हें के नाम रहेगा। देश बहुत बड़ा है यही कारण है कि बहुत सारे नेता हर जगह नहीं जा सकते हैं, लेकिन वह चाहते हैं कि बिहार की सभी 9 सीट कांग्रेस जीते।

## नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर मानहानि केस में दोषी करार

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

दिल्ली के एक कोर्ट ने शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता और नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराए गए मानहानि के मामले में दोषी ठहराया। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को आपराधिक मानहानि का दोषी पाया।

मेधा पाटकर को जिस मामले में दोषी करार दिया गया है वह करीब 20 साल पुराना है। पाटकर और दिल्ली एलजी वीके सक्सेना के बीच यह मामला 2003 से ही चल रहा है। तब मेधा पाटकर ने अपने और नर्मदा बचाओ आंदोलन के खिलाफ विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए वीके सक्सेना के खिलाफ मामला दायर करवाया था। इसके बाद विनय कुमार सक्सेना मेधा पाटकर के खिलाफ टीवी चैनल पर मानिहानिकारक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए दो केस दर्ज कराए थे। एक टीवी चैनल पर पैनल चर्चा में पाटकर ने आरोप लगाया था कि सक्सेना को गुजरात में मौजूद सरदार सरोवर निगम से सिविल कॉन्ट्रैक्ट मिले थे, जो सरदार सरोवर बांध का मैनेजमेंट करता है। इन सभी आरोपों को सक्सेना ने खारिज कर दिया था।

## पतंजलि के को-फाउंडर बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण पर केरल की कोर्ट में क्रिमिनल केस

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

पतंजलि आयुर्वेद के को-फाउंडर बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ केरल की एक कोर्ट में क्रिमिनल केस दर्ज किया गया है। यह मामला कंपनी द्वारा कथित रूप से भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के संबंध में दायर किया गया है। कोझिकोड में न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कोर्ट तीन जून को मामले की सुनवाई करेगी। इस मामले में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की संभावना है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी भ्रामक विज्ञापनों के लिए पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ शुरू की गई अदालती अवमानना की कार्यवाही में उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया था। पतंजलि उत्पादों का विपणन और बिक्री करने वाली दिव्य फामेर्सी के खिलाफ इस साल अप्रैल में ड्रग्स इंस्पेक्टर ने मामला दर्ज किया है। यह ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 की धारा 3 (बी) और 3 (डी) के तहत दायर किया गया था, जो कुछ बीमारियों और विकारों के इलाज के लिए कुछ दवाओं के विज्ञापन पर रोक लगाता है।

धारा 3(बी) विज्ञापनों में किसी भी दवा का जिक्र करने से रोकती है, जो सुझाव देती है कि इसका उपयोग यौन आनंद के लिए मनुष्यों की क्षमता को बनाए रखने या सुधारने के लिए किया जा सकता है। धारा 3(डी) विज्ञापनों को किसी भी दवा का संदर्भ देने से रोकती है जो सुझाव देती है कि इसका उपयोग अनुसूची में निर्दिष्ट किसी भी बीमारी, विकार या स्थिति या किसी अन्य बीमारी, विकार के निदान, इलाज, शमन, उपचार या रोकथाम के लिए किया जा सकता है। या शर्त जो अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों में निर्दिष्ट की जा सकती है।

## जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर कसा तंज, बोले...

# तेजस्वी यादव की अपनी क्या पहचान है, वो नौंवी फेल आदमी है

**केटी न्यूज/पटना**

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव पर तंज कसा। कहा कि इन लोगों को क्या मतलब है इन सब चीजों से, गए उलूल-जलूल बकवास करते हैं, लोगों को जाति-धर्म में बांटा, पैसा, शराब, बालू का काम किया, पैसा वसूल कर टिकट बांटा, जाति के नाम पर लोग गरीबी-मजबूरी में वोट दे देते हैं उसके बाद नेता बनकर ज्ञान दे रहा है। तेजस्वी यादव की क्या पहचान है, वो नौंवी फेल आदमी है। वह क्रिकेट खेलने गए



तो वहां पानी ढोते थे। लालू यादव के लड़के हैं इसलिए सब लोग जानते हैं। लालू जी के लड़के हैं इसलिए राजद के नेता हैं। समाज का जो दबा-कुचला वर्ग है, जिसका वे दावा करते हैं कि उनको आवाज दे रहे हैं, आप उन्हें मौका दीजिए। अगर, तेजस्वी यादव खुद से अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ले लेते और जो मुस्लिम मंत्री हैं जिन्हें अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय का प्रभार दिया गया है अगर वे गृह मंत्री हो जाते तो इससे उन्हें कौन रोक रहा है।

### तेजस्वी यादव ने किया दावा... प्रशांत किशोर भाजपा के एजेंट

इससे पहले राष्ट्रीय जनता दल ने प्रशांत किशोर को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य करार दिया था। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने यह दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कहने पर ही प्रशांत किशोर को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी जनता दल यूनाइडेट (जेडीयू) का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया था। उस समय शाह बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुआ करते थे। तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सीएम नीतीश ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में यह बात खुद स्वीकार की थी। न तो नीतीश और न ही प्रशांत किशोर या अमित शाह ने इस बात का खंडन किया था। इससे स्पष्ट उदाहरण क्या चाहिए कि पीके बीजेपी के एक्टिव मेंबर हैं।




### बिहार की 8 सीटों पर सुबह सात बजे से शुरू होगी वोटिंग शाम 6 बजे तक चलेगी

# बिहार में छठे चरण के चुनाव की तैयारियां पूरी, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

♦ छठे चरण में आज बिहार के बाल्मिकीनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज लोकसभा सीट पर होगा मतदान



**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में बिहार की कुल 8 सीटों पर शनिवार यानी 25 मई को वोटिंग होनी है। छठे चरण के चुनाव को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज को बिहार की 8 सीटों पर सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हो जाएगी, जो शाम 6 बजे तक चलेगी। वोटिंग वाले सभी जिलों की सुरक्षा सख्त कर दी गई है। पोलिंग पार्टी को ईवीएम के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। दरअसल, छठे चरण मे बिहार के बाल्मिकीनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज लोकसभा सीट के लिए शनिवार को वोट डाले जाएंगे। शिवहर में जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली है। मतदान कर्मी ईवीएम लेकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए हैं। जिले की 120 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। जबकि 84 मतदान केंद्रों पर माइक्रो आब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गई है।

**शिवहर में 12 जोनल दंडाधिकारी तैनात:** शिवहर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी पंकज कुमार और एसपी अनंत कुमार राय ने कहा है कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिले में 12 जोनल दंडाधिकारी और पांच सुपर जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। अंतर जिला बॉर्डर को सील कर दिया गया है। इलेक्शन बूथ मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि के बाहर स्थापित करने को निर्देशित किया गया है। मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा अधिकृत व्यक्ति को छोड़कर किसी को भी मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 120 मतदान केंद्र पर वेबकास्टिंग कराया जा रहा है। 84 मतदान केंद्रों पर माइक्रो आब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी आदर्श मतदान केंद्र पीडब्लूयडी संचालित मतदान केंद्र, महिला संचालित मतदान केंद्र, युवा संचालित मतदान केंद्रों पर वीडियो की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। जिला पदाधिकारी पंकज कुमार ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी प्रशासनिक पदाधिकारी सहित पीठासीन पदाधिकारीयों व कर्मियों को निर्देशित किया है।

**पूर्वी चंपारण में छह विधानसभा क्षेत्रों में डिस्पैच सेंटर:** पूर्वी चंपारण में भी छठे चरण में होने वाले मतदान को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एमएस कॉलेज में बने ईवीएम डिस्पैच सेंटर से मतदानकर्मी ईवीएम प्राप्त कर अपने बूथों पर जा रहे हैं। पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में ही डिस्पैच सेंटर बनाये गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सौरभ जोरवाल ने बताया कि मतदान को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सौरभ जोरवाल ने बताया कि ईवीएम डिस्पैच का कार्य शुरू हो चुका है। कल ही पोलिंग पार्टी ने अपनी ज्वाईनिंग दे दी है। चुनाव सामग्री भी उन्हें कल ही दे दिया गया था। आज मतदानकर्मियों को ईवीएम दिया जा रहा है और मतदानकर्मी ईवीएम लेकर अपने पोलिंग बूथ पर रवाना हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईवीएम के साथ बूथ पर जा रहे मतदानकर्मियों के साथ पुलिस टीम भी जा रही है। सभी बूथ पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। सभी बूथ का पूर्व में ही भौतिक सत्यापन कर दिया गया है। चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा को 48 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। अत्यावश्यक कार्य से आने-जाने वाले लोग अपनी पहचान और कारण बतायेंगे। बॉर्डर पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। ताकि चुनाव कार्य शांतिपूर्ण और निष्पक्ष सम्पन्न कराया जा सके। पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल 1743 मतदान केंद्र हैं। जिन मतदान केंद्रों पर कुल 17 लाख, 90 हजार, 761 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 9 लाख, 40 हजार, 101 पुरुष और 8 लाख, 50 हजार, 639 महिलाओं के अलावा 21 थर्ड जेंडर मतदाता भी हैं। अपना भाग्य अजमा रहे 12 प्रत्याशियों की किस्मत शनिवार को ईवीएम में लॉक हो जाएगी।

## बेटी मीसा के लिए राबड़ी को वोट मांगना पड़ा महंगा, मतदाताओं के तीखें सवालों से हुईं परेशान

**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव में अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिए तमाम दलों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। पांच साल तक जिन जन प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की तरफ झांकना भी मुनासिब नहीं समझा वह चुनाव जीतने के लिए हाथ जोड़कर लोकसभा क्षेत्र में धूल फांक रहे हैं। इस दौरान उन्हें जनता के तीखे सवालों का भी सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, पटना की दो लोकसभा सीटों पर आखिरी चरण में यानी 1 जून को वोटिंग होने वाली है। ऐसे में तमाम दलों के प्रत्याशी और स्टार प्रचारक क्षेत्र में पूरी तरह से एक्टिव हो गए हैं और मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कोशिश कर रहे हैं। पटना के पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से आरजेडी ने इस बार भी लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती को अपना उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में लालू फैमिली ने मीसा को जीताने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। मीसा भारती की मां पूर्व सीएम राबड़ी देवी शुक्रवार को अपनी बेटी के लिए वोट मांगने फुलवारी शरीफ पहुंची, जहां उन्होंने लोगों से महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की हालांकि इस दौरान उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गई जब क्षेत्र की जनता ने राबड़ी देवी से सवाल पूछने शुरू कर दिए। लोगों का सवाल सुनकर राबड़ी देवी थोड़ी देर के लिए असहज नजर आईं। चुनाव प्रचार के दौरान पाटलिपुत्र के महुली में राबड़ी देवी को आम लोगों के सवालों का सामना करना पड़ा। लोगों ने पूछा कि पांच साल में एक बार भी मीसा भारती ने क्षेत्र की जनता का हाल नहीं जाना। वह पांच साल में एक बार भी क्षेत्र में घूमने नहीं आई, क्या जीतने के बाद आएंगी! इस सवाल पर राबड़ी देवी ने कहा कि क्यों नहीं आएंगी, जरूर आएंगी, इसके बाद वह आगे बढ़ गईं।



श्रीहरमंदिर पहुंची केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शुक्रवार को पटना पहुंचीं। पटना पहुंचने के बाद वह पटना साहिब स्थित तख्त श्रीहरिमंदिर पहुंची। जहां उन्होंने गुरु के दरबार में मत्था टेका और देश और प्रदेश में अमन चैन की कामना की। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से उन्हें उपहार स्वरूप सिरोपा सौंपा गया। जानकारी के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के दौरान स्मृति ईरानी पटना में मतदाताओं को जागरूक करने के साथ ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए पटना साहिब में महिला के साथ जन संवाद करेंगी। इसको लेकर भाजपा की ओर से पूरी तैयारी की जा रही है। बता दें कि इससे पहले पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे के दौरान पटना साहिब स्थित तख्त श्रीहरमंदिर पहुंचे थे और गुरु के दरबार में मत्था टेका था। पीएम मोदी ने यहां प्रसाद पाया और इसके साथ ही साथ रोटियां बेली और लंगर परोसा था।




## पटना में दो दिनों से गायब दरोगा के बेटे की छत पर मिली लाश

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना से एक सनसनीखेज मामला निकल कर सामने आया है। यहां एक लापता किशोर का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई है। बाइपास थाना के महारानी कॉलोनी में रहने विजय कुमार साही का 17 वर्षीय पुत्र अनुभव पिछले दो दिनों से लापता था। पुलिस व किशोर के परिजन उसे लगातार ढूंढ ही रहे थे कि इसी बीच उसका शव मिलने की सूचना ने सबको दंग कर दिया है। इस किशोर का शव एक अर्धनिर्मित मकान से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार,विजय कुमार साही का 17 वर्षीय पुत्र अनुभव का शव उसके घर के पास ही एक मकान की छत से बरामद किया गया है। शव मिलने के बाद मृतक के परिजनो में जहां कोहराम मचा हुआ है तो वहीं इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं, जैसे ही शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## करंट लगने से पति-पत्नी की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के शेखपुरा जिले के हथियांवा गांव में एक दर्दनाक घटना घटी, जिसमें करंट लगने से पति-पत्नी की मौत हो गई। इस घटना में विद्युत पोल में करंट प्रवाहित हो जाने के कारण इसकी चपेट में आने से दंपति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पत्नी को करंट से बचाने में ही पति की भी मौत हो गयी और दोनों ने एकसाथ प्राण त्याग दिए। हथियांवा गांव में करंट की इस घटना ने सबको दंग करके रख दिया है। इस घटना में गांव निवासी स्वर्गीय अरुण सिंह के इकलौते पुत्र रजनीश कुमार उर्फ थम्मन सिंह (35 वर्ष )एवं उनकी 28 वर्षीय पत्नी प्रतिमा सिन्हा की मौत हो गई। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उनके घर के द्वारा के पास ही एक लोहे का विद्युत पोल है जो काफी जर्जर स्थिति में है। उस पोल से हाई वोल्टेज करंट वाली तार गुजरी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पोल में करंट आ गया था परंतु इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। किसी कार्य से पत्नी वहां गई थी। वह चपेट में आ गई।

### बहन की डोली उठने से पहले उठ गई दो भाइयों की अर्थी

**पटना।** पूर्णिया यहां एक बहन की डोली उठने से पहले ही उसके दो भाइयों की अर्थी उठ गई। सडक हादसे में बहन की शादी का कार्ड देने जा रहे दो भाइयों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गये। घटना में मृतकों की पहचान कन्हारिया निवासी मो शाहिद के पुत्र मोहमद आदिल और मोहमद अशरफ के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में मृतक युवक का दोस्त मोहमद अफसर और मोहमद जिशान और एक अन्य शामिल हैं।


## चिराग के रोड शो में रुपये बांट रहे बीजेपी विधायक पर केस दर्ज

♦ विधायक राजू सिंह पर पैसे बांटने और आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर दर्ज हुआ एफआईआर

**केटी न्यूज/पटना**



वैशाली लोकसभा क्षेत्र में लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के रोड शो में रुपये बांट रहे बीजेपी विधायक राजू सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज प्रखंड के बीडीओ के आवेदन पर स्थानीय पुलिस ने विधायक के खिलाफ चुनाव को प्रभावित करने के लिए पैसे बांटने और आचार संहिता उल्लंघन की एफआईआर दर्ज कर ली है। बता दें कि रुपये बांटने का यह वीडियो गुरुवार को वायरल हुआ था। वैसे यह वाकया विगत 22 मई का है। उस दिन मुजफ्फरपुर के साहेबगंज में चिराग पासवान का रोड शो हो रहा था। चिराग पासवान वैशाली लोकसभा क्षेत्र से अपनी पार्टी की उम्मीदवार वीणा देवी के लिए चुनाव प्रचार करने गये थे। रोड शो में चिराग की गाड़ी पर ही प्रत्याशी वीणा देवी के साथ साहेबगंज से बीजेपी विधायक राजू कुमार सिंह भी सवार थे। रुपये बांटने का जो वीडियो वायरल हुआ है, उसमें दिख रहा है कि राजू सिंह रोड शो के दौरान अपनी जेब से नोट की गड्डी निकाल रहे हैं और रोड शो के दौरान ही लोगों को पैसे बांट रहे हैं। इस वाकये का वीडियो वायरल होने के बाद कई सवाल उठे थे। वैशाली लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी मुन्ना शुक्ला ने चुनाव आयोग और मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन से इसकी शिकायत की थी औ? कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद राजू सिंह के खिलाफ प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। साहेबगंज के थानेदार सिकंदर कुमार ने मीडिया को बताया कि पैसे बांटने और आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में बीजेपी विधायक राजू कुमार सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। साहेबगंज के बीडीओ अलाउदीन अंसारी के आवेदन विधायक राजू कुमार सिंह के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गयी है। पुलिस ने कहा है कि वह वायरल वीडियो को जब्त कर हकीकत का पता लगाया जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि जल्द ही सच्चाई सामने आ जाएगी।






# पीएम के कार्यक्रम को सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध, ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

- शनिवार दोपहर बाद ज्योति चौक से आगे नहीं जाएगी बड़ी वाहनें

**केटी न्यूज/बक्सर**

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बक्सर में होंगे। वे एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के समर्थन में शनिवार की दोपहर बक्सर के अहिरौली में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गए है। वही, जिला प्रशासन द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। जहा जिले की पुलिस की जगह-जगह चौक चौराहों पर ड्यूटी दी गई है। वही एसपीजी की सुरक्षा रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहिरौली के पास चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जिसका समय अपराह्न तीन बजे का है। हालांकि कार्यक्रम दोपहर एक बजे से प्रारंभ हो जाएगा। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने वाहनों के आवागमन को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है



कि, दोपहर एक बजे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 922 पर भारी वाहनों का परिचालन रोक दिया जाएगा। यह आदेश गंगा सेतु गोलंबर से लेकर प्रतापसागर तक प्रभावी होगी। वहीं इटाढ़ी रोड से आने वाले वाहनों को भी ज्योति चौक से आगे जाने की अनुमति नहीं होगी। जो छोटे वाहन सभा स्थल पर जाएंगे। वे कार्यक्रम स्थल के पास बने वाहन पड़ाव क्षेत्र में ही खड़े होंगे। मुख्य मार्ग पर प्रशासनिक व आपात सेवा से जुड़े वाहन ही 500 मीटर के दायरे में खड़े होंगे। यह जानकारी सदर एसडीएम धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने दी है।

**चार दिनों से बक्सर में डेरा जमाई है एसपीजी**

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा किस कदर पुख्ता की गई है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चार दिन पहले से ही एसपीजी कमांडो बक्सर पहुंच गए हैं। वे हर दिन सभा स्थल का निरीक्षण कर एक एक चीजों को बारिकी से देख रहे हैं। वही जिला प्रशासन भी काफी फूंक फूंक कर कदम रख रहा है। यहां तक कि पटना से आने वाले भाजपा के मीडिया पैनलिस्टो को पहली रो में बैठने के लिए जो पास बनाया जा रहा है उससे पहले उनके चरित्र की जांच भी पुलिस द्वारा की गई है। डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार खुद सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख कर रहे है। सभी कर्मियों को एलर्ट मोड में रखा गया है।

## एक नजर

### समीक्षा बैठक में ली लेखा निरीक्षण की जानकारी, मौजूद रहे व्यय प्रेक्षक

**बक्सर।** शुक्रवार को लेखा निरीक्षक के संबंध में समीक्षा बैठक व्यय प्रेक्षक व आईआरएस अधिकारी, विशाल प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। यह समीक्षा बैठक कमर्शियल टैक्स कार्यालय में किया गया। समीक्षा बैठक में व्यय कोषांग बक्सर के नोडल पर अधिकारी, व्यय कोषांग रोहतास के नोडल अधिकारी, एफएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एसएसटी के नोडल पदाधिकारी तथा लेख दल के साथ सहायक व्यय प्रेक्षक भी उपस्थित थे।

समीक्षा के दौरान आईआरएस अधिकारी के द्वारा प्रत्येक सहायक व्यय प्रेक्षक तथा लेख दल के साथ अलग-अलग उनके लेखाओं के अंकन की जांच किया गया तथा संबंधित व्यय प्रेक्षको को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। जिससे लेखा अंकन सही ढंग से हो सके। यह समीक्षा बैठक 25 मई 2024 को आहूत द्वितीय लेखा निरीक्षण की तैयारी के संदर्भ में आहूत किया गया था। समीक्षा के क्रम में व्यय प्रेक्षक ने कमर्शियल टैक्स कार्यालय में अधिष्ठापित कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया तथा वहां मौजूद कर्मियों को दिशा निर्देश भी दिया।

### अपनी हार देख डर गए है एनडीए प्रत्याशी: आनंद मिश्र




**बक्सर।** बक्सर संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोकने वाले पूर्व आईपीएस आनंद मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित की। इस दौरान उन्होंने भाजपा और राजद दोनों पर निशाना साधा। कहा कि जब से मैं बक्सर लोक सभा सीट से खड़ा हूं, लोगों के मिल रहे समर्थन और मेरी हंसी देखकर बड़ी पार्टियों के नेताओं की चिंताएं बढ़ गई हैं। दोनों बड़े दले के प्रत्याशी अपनी हार को देख मेरे साथ साजिश कर रहे है। उन्होंने कहा कि मैं अपने जीवन में काफी सफल इंसान रहा हूं। जबकि, असफल लोगों को नेतृत्व करने के लिए भेजा जा रहा है। यह जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े मंचों से मेरा नाम लेकर मुझे डराने का काम किया जा रहा है। मैं डरने वालों में से नहीं हैं, अगर मैं डर रहा होता तो आप लोगों के सामने सिर उठाकर नहीं खड़ा रहता। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री आए थे जिनके द्वारा मेरे बारे में बोला गया। साथ ही एक पर्टिकुलर पार्टी का पेज खोल के देख लीजिए। उसमें लिखा है निर्दलीय लोग एजेंट हैं तो निर्दलीय लोगों को भटका रहे हैं। ये बड़ी पार्टियों को बताना चाहिए कि कौन वो निर्दलीय लोग हैं जो आपके लोगों को भटका रहे। यह स्पष्ट कीजिए। उन्होंने एनडीए व इंडी गठबंधन को नसीहत देते हुए कहा कि अपना काम सही से निभाएं, मैं अपने काम से कोई समझौता नहीं करने वाला हूं। आनंद मिश्रा ने बिना नाम लिए बड़ी पार्टियों पर ओछेपन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेरे साथ बड़ी-बड़ी साजिशें की जा रही है। मेरा नाम आनंद मिश्रा है, मैं हमेशा से हूं। यहां पर एक और आदमी को लाया जाता है जिसको मेरे जैसा सजाया जाता वो दिखने में मेरे जैसा नहीं है। उसकी फोटो एडिट की जाती है। मेरे जैसा हेयर स्टाइल किया गया है। लगता है मेरे ऊपर का हिस्सा उसके ऊपर रख दिया जाता है। इतनी बड़ी पार्टी के प्रत्याशी होकर ओछापन करेगा। छोटी हरकत करेगा। इन सब चीजों के कारण अपनी हंसी थोड़ी कम कर दी है।

### रिश्तेदार बता घर में शरण ले ठग महिला घर से ले उड़ी लाखों रुपए के जेवर व नगद

**नावानगर/केसठ।** बासुदेवा ओपी क्षेत्र के शिवपुर गांव में गुरुवार की रात ठगी की घटना अजीबो गरीब ढंग से होने का मामला प्रकाश में आया है। जहां एक ठग महिला ने रिश्तेदार बनकर जिस घर में ठहरी, उसी घर से लाखों रुपए की नगद एवं जेवर चोरी कर चंपत हो गई। यह घटना गांव के रेखा देवी पति गौरीशंकर सिंह के घर की है। पीड़िता के अनुसार ठग महिला अपने को गृहस्वामिनी की मायके से अपना रिश्ता बताकर शरण ली थी। रात्रि में खाना खाने के दौरान पीड़ित महिला के खाने में ठग महिला ने काफी चालाकी से नशे की गोली मिलाकर पीड़िता को बेहोश करने के बाद चोरी का अंजाम दी है। पीड़ित महिला के अनुसार गुरुवार की शाम एक महिला उसके घर पहुंची और बताई कि वह उसके मायके नवादा से आई है, उसने अपने बेटी की तलाश की बात कह महिला को झांसे में ले उसके घर में शरण ले लिया। ठग महिला अपने आप को नवादा की बृज यादव की पोती बताने के साथ कहा कि मेरी बेटी को गोविंदपुर के एक लड़का ने शादी की नियत से अपहरण कर लिया है। जिसकी खोजबीन करते हुए मैं यहां तक पहुंची हूं। ठग महिला ने रेखा देवी को पूर्णतः अपने विश्वास में ले लिया। शाम को खाना बनाने के दौरान ठग महिला ने हाथ बंटाया। इसी दौरान पीड़ित महिला के खाना में ठग महिला ने नशा की गोली मिला दिया। जिसे खाने के बाद पीड़िता बेहोश हो गई। उसके बाद ठग महिला ने अलमीरा एवं बक्सा का ताला तोड़कर लगभग डेढ़ लाख रुपया नगद, जेवर समेत महंगे कपड़ा, मोबाइल ले गायब भाग निकली। सुबह में पीड़िता के घर दुध देने के लिए गांव के ही एक महिला पहुंची तो देखी की रेखा देवी अचेत अवस्था में पड़ी हुई है। कमरे में सामान बिखरा हुआ है। जिसके बाद पड़ोसी महिला ने आस पास के लोगों को इसकी जानकारी दी। पीड़िता को अचेत अवस्था में देख ग्रामीणों ने निजी अस्पताल में ले गए। जहां ईलाज कराया गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने वासुदेवा ओपी को दी। सूचना मिलने पर वासुदेवा ओपी की पुलिस पीड़ित महिला के घर पहुंच जांच की। इस संबंध में वासुदेवा ओपीध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने बताया की मामला संज्ञान में है। महिला द्वारा कोई लिखित आवेदन नहीं दी गई है।

## खबरें फटाफट

### बगैर सूचना के गायब चिकित्सक से शोकॉज

**डुमरांव।** स्वास्थ्य विभाग ने सप्ताह में एक-दो दिन काम करने वाले डाक्टरों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्सकों को सप्ताह में छह दिन ड्यूटी करना अनिवार्य कर दिया है। इसी कड़ी में अनुमंडलीय अस्पताल अधीक्षक डॉ. गिरीश कुमार सिंह ने बगैर सूचना के नहीं आने वाले डाक्टरों की हाजिरी के अनुसार सेलरी बना भुगतान करने की सूची भेज रहे हैं। शनिवार को डॉ. अजीत किशोर की ओपीडी में ड्यूटी थी, लेकिन बगैर कोई सूचना को अनुपस्थित पाए गए। डीएस ने उनकी हाजिरी काटते हुए स्पष्टीकरण की मांग किया है। इस तरह का आदेश निर्गत होते ही डाक्टरों में हड़कंप मच गया है।

### मतदाता पर्ची का तेजी से वितरण कराने की मांग

**डुमरांव।** नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में मतदाता पर्ची का तेजी से वितरण कराने की मांग को लेकर पूर्व पार्षद सोनू राय ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल को आवेदन सौंपा है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि नप क्षेत्र में अभी तक 50 फीसदी मतदाता पर्ची का भी वितरण नही हुआ है। जिन घरों में दस मतदाता है वैसे घरों में दो या तीन ही मतदाता पर्ची दी गयी है। शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पूर्ण रूप से मतदाता पर्ची वितरण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अक्सर मतदाताओं को पर्ची नहीं मिल पाता है। इस कारण मतदाता वोटिंग करने नहीं जा पाते है। समय रहते इसे दुरुस्त करने की मांग की।

## किसानों को भी अपना हक मांगने का अधिकार

# चौसा में किसानों पर हुए पुलिसिया जुल्म के खिलाफ निकाला मौन प्रतिरोध मार्च

- बक्सर आ रहे पीएम यह देख लें आपके राज में किसान कितना खुशहाल है
- चौसा थर्मल पॉवर जमीन अधिग्रहण में हुए घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के ठीक एक दिन पूर्व संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले चौसा के किसानों द्वारा पुलिसिया जुल्म व अत्याचार के खिलाफ बक्सर में मौन प्रतिरोध मार्च निकाल आक्रोश जताया गया। न्याय की मांग को लेकर चिलचिलाती धूप में यह मार्च बक्सर स्टेशन से शुरू किया गया जो अम्बेडकर चौक, ज्योति चौक होते हुए वीर कुंवर सिंह चौक तक पहुंचा। इस प्रतिरोध मार्च में पुरुष व महिलाएं शामिल थी। जहां सभी के द्वारा काला फीता लगाया था। आक्रोश मार्च में शामिल लोग तख्त पर कई तरह के आक्रोशित संदेश लिखे थे। किसानों द्वारा यह दशार्या जा रहा था। बक्सर आ रहे पीएम यह देख ले आपके राज में किसान कितना खुशहाल है। किसानों द्वारा बताया गया की किसानों के हक मांगने पर सरकार की पुलिस द्वारा कितना अत्याचार किया गया। जहां घर मे बैठी बहन, बेटी, बहुएं व बुजुर्गों पर अपराधियों की तरह पिटाई कर पुलिसिया तांडव मचाया गया। प्रतिरोध मार्च में शामिल बक्सर लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी रह चुकी श्वेता पाठक ने कहा क्या किसानों द्वारा अपना हक मांगना गुनाह है इसके बदले घर मे घुसकर महिलाओं, बच्चियों के




साथ दुर्व्यवहार करते हुए पुलिस द्वारा जुल्म किया गया। निहत्थे मा-बहनों को बेरहमी से पिटाई गयी। ये किस संविधान में लिखा हुआ है। किसानों के साथ ये सरकार बहुत गलत कार्य कर रही है। किसानों या आम आदमी को भी अपना हक मांगने का अधिकार है। उसके लिए आवाज उठा सकता है। इस देश मे किसान का हक नही, केवल माल्या, ललित मोदी व मेहुल चौकसी को केवल हक है। ऐसी मनमानी नही चलेगी। चौसा थर्मल पॉवर जमीन अधिग्रहण में हुए घोटाले की उच्च स्तरीय जांच हो ,चौसा कांड की न्यायिक जांच हो, जिला प्रशासन द्वारा चौसा में दर्दनाक पुलिसिया तांडव पर मोदी-नीतीश सरकार मौन क्यों है। बक्सर आने पर नरेंद्र मोदी हमें जवाब दो वरना बक्सर से तुम्हारा जमानत जब्त कर बक्सर का किसान अपना जवाब देंगे।

**दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई तक जारी रहेगी लड़ाई**

प्रतिरोध मार्च के समापन के बाद किसान नेता दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि चौसा कांड में शामिल सभी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर प्राथमिक दर्ज कराते हुए गिरफ्तारी होने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। बक्सर पहुंच रहे कल पीएम इस घटना की न्यायिक जांच की कल घोषणा नहीं करते हैं तो बक्सर के भाजपा प्रत्याशी को इस बार यहां के किसान जमानत जब्त करवा कर बदला लेंगे। किसान नेता अशोक सिंह ने कहा की चौसा जमीन अधिग्रहण में जिला प्रशासन और सत्ता के दलालों द्वारा की गई लूट को दबाने के लिए जिला प्रशासन ने पांच-पांच सौ जवानों के साथ हमला कर किसानों को रौंदा ताकि दहशत का ऐसा माहौल बने कि लोग अपना मुंह नहीं खोल सके। अशोक सिंह ने यह भी कहा कि मोदी और नीतीश ने कार्रवाई की घोषणा नहीं की तो संयुक्त किसान मोर्चा दिल्ली की तरह बक्सर में लड़ाई का दूसरा केंद्र बनाएगी। मौन प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व संयुक्त किसान मोर्चा के नेता चन्दन यादव, प्रतिमा यादव, जवाहर लाल निराला, रामायण सिंह, मनोज कुमार, अजय कुमार मिश्र, मनोज सिंह, रघुनाथ सिंह, मनीष यादव, तेतरी देवी, पूजा कुमारी आदि शामिल थी।

### चचेरे भाई के मुंडन में आया आरा का युवक गंगा में डूबा

**बक्सर।** चचेरे भाई के मुंडन संस्कार में आरा से अपने परिवार के साथ बक्सर रामरेखा घाट आया 18 वर्षीय युवक नहाने के क्रम में गंगा में डूब गया। इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर घाट पर भीड़ लग गई। वही सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा गोताखोर बुलाई गई। कड़ी मशक्कत के बाद डूबे युवक को निकाला गया। जिस्का उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया। वही, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया आरा के मिराचक मीठा कुंआ निवासी विनोद कुमार के पुत्र का मुंडन था। मुंडन संस्कार के दौरान युवक स्नान करने के लिए गंगा नदी में गया। वह आगे बढ़ता चला गया। उसे गहराई का अंदाजा ही नहीं लग पाया। अचानक वह डूबने लगा। अपने को बचाने के प्रयास वह चिल्लाया। वहां मौजूद लोगों ने युवक को बचाने का प्रयास किया। परंतु गहरे पानी में जाने के बाद वह ऊपर ही नहीं आ सका। वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस के साथ तैनात गोताखार भी आये। काफी मशक्त के बाद युवक विकास के शव को बाहर निकाला गया। पहले विकास के शव को सदर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए गयी। सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं दूसरी ओर इस घटना के बाद परिजनों पर दुखों को पहाड़ टूट पड़ा।

## लोकसभा चुनाव, 4701 लोगों पर लगा 107, 2700 से भरवाया गया बंध पत्र

**केटी न्यूज/डुमरांव**

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए डुमरांव अनुमंडल प्रशासन भी तैयार है। प्रशासन द्वारा चुनाव में किसी तरह की बाधा नहीं पहुंचे इसे देखते हुए अपराधियों, शरारती तत्वों आदि पर नकेल कसा गया है। मिली जानकारी के अनुसार अबतक निषेधात्मक कार्रवाई के तहत अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र के कुल 4701 लोगों पर 107 लगाया गया हैं। जबकि 2700 लोगों से बंध पत्र भरवाया जा चुका है। वही, उकसावे वाली गतिविधियों के लिए कुल 26 लोगों पर धारा 110 के तहत कार्रवाई की गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि विभिन्न थानों से मिले रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को लगातार छापेमारी करने का निर्देश दिया गया हैं। वही जिन लोगों पर 107 लगाया गया है, उनसे बंध पत्र भरवाया जा रहा है। अबतक आधे से अधिक लोगों से बंध पत्र भरवाया जा चुका है। अन्य लोगों से बंध पत्र भरवाने के लिए निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन सक्रिय है। जिस कारण अपराधियों व शरारती तत्वों में हड़कंप मच गया है। एसडीओ ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण निपटना प्रशासन की प्राथमिकता है। वही, उपद्रव फैलाने की कोशिश करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### देश में बन रही एनडीए की सरकार: एमएलसी

**बक्सर।** इस बार का चुनाव मे सरकार किसकी बनेगी यह निश्चित हो गई है। केंद्र में एनडीए की सरकार बनना निश्चित है। जो हमारे उम्मीदवार हैं वो भाजपा के विधायक भी रह चुके हैं, एक मंजे हुए राजनीतिज्ञ हैं। इनकी जीत निश्चित है। उक्त बातें एमएलसी विरेन्द्र नारायण यादव ने बक्सर में प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। शुक्रवार को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम व भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के समर्थन में पहुंचे एमएलसी वीरेंद्र यादव, एमएलसी राजवर्धन आजाद, जदयू नेता दीपंकर सिंह व कला संस्कृति प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार उपाध्याय उर्फ मंटू बक्सर पहुंचे थे। एमएलसी राज्यवर्धन आजाद ने कहा कि जिस तरह से इंडिया गठबंधन में बौखलाहट दिखाई दे रहा है।

## नहीं रहे डुमरांव के प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. तुलसी प्रसाद, शोक की लहर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के प्रसिद्ध होमियोपैथ चिकित्सक डॉ तुलसी प्रसाद का निधन हो गया है। उनका निधन शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे उनके निवास पर ही हो गया। वे अपने जीवन के 87 वसंत पार कर चुके थे तथा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉ. प्रसाद पिछले दिनों अचानक गिर गए थे, जिसमें उनके मस्तिष्क में चोट लगी थी। उनका इलाज एम्स पटना से हो रहा था। ये होमियोपैथ चिकित्सक के साथ -साथ बिहार राज्य सरकार में सांख्यिकी विभाग के सेवानिवृत सहायक निदेशक भी थे।



डॉ तुलसी प्रसाद का नाम डुमरांव के जाने-माने चिकित्सकों में शुमार था। मरीजों का बेहतर इलाज के साथ ही वे अपने कुशल व्यवहार के लिए भी जाने जाते है। बिहार राज्य होमियोपैथिक संघ की तरफ से इन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। निधन की खबर सुनते ही काफी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। इनके निधन से डुमरांव वासी काफी मर्माहत दिखे। वे अपने पीछे तीन पुत्र क्रमशः शशि भूषण, चंद्रभूषण तथा डॉ. कुलभूषण समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके शव यात्रा में मानों पूरा शहर उमड़ पड़ा था। वही, उनके निधन की खबर मिलने के बाद मातमपूर्सी करने वालों में चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, काशी नाथ पांडेय, वृजमोहन प्रसाद, नरेश ठाकुर, उप चेयरमैन विकास ठाकुर, सुनील ठाकुर, अनिल कुमार, मोती लाल, कृष्णा प्रसाद केसरी, डॉ अनीस अंसारी, नसीर अहमद, डॉ बी एल प्रवीण, महान तिवारी, छट्ठू प्रसाद जायसवाल आदि कई लोग उपस्थित थे।

## आशा कार्यकताओं के माध्यम से लाभुक महिलाओं की कराई जाती है एनीमिया की जांच

# आईएफए की गोलियां गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाने में कारगर

- गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाने के लिए दी जाती है आयरन फोलिक एसिड की गोलियां

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिले में मातृ शिशु मृत्यु दर को कम करने में एनीमिया सबसे बड़ा बाधक है। जिसको दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाने के लिए प्रयासरत है। इस क्रम में एनीमिया से जंग में आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की लाल गोली गर्भवती महिलाओं के लिए एक ढाल की तरह काम कर रहा है। जो न केवल गर्भवती महिलाओं की एनीमिया की कमी को दूर करने में कारगर है, बल्कि गर्भस्थ शिशु के विकास में भी सहायक साबित हो रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस के संयुक्त तत्वावधान में आशा कार्यकताओं या आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से आईएफए की 180 गोलियां उपलब्ध कराई जाती है। जो उनकी आयरन की कमी को दूर करती है। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया एक सामान्य स्थिति है, जिसमें उनके रक्त में हेमोग्लोबिन की मात्रा कम हो जाती है। यह एक गंभीर स्थिति हो सकती है जो गर्भवती महिलाओं और उनके शिशु के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। गर्भवती महिलाओं में



एनीमिया के कई कारण हैं, मसलन खानपान में पोषक तत्वों की कमी, विटामिन बी-12 और फोलिक एसिड की कमी, और रक्त की हानिकारक निर्माण प्रक्रिया में अवरोध आदि। जिसकी पहचान के लिए जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर उपलब्ध है। साथ ही, प्रत्येक माह की 9वीं और 21वीं तिथि को प्रसव पूर्व जांच के दौरान एनीमिया की जांच कर उनको दवाइयां और परामर्श दी जाती है।

**भ्रूण के विकास पर पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर में 40 प्रतिशत से ज्यादा गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। माना जाता है कि एनीमिया का कम से कम आधा हिस्सा आयरन की कमी के कारण होता है। गर्भवती महिलाओं को अपनी और गर्भ में पल रहे बच्चे की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त आयरन और फॉलिक एसिड की जरूरत होती है। गर्भावस्था के दौरान आयरन और फॉलिक एसिड की कमी से मां के स्वास्थ्य, उसकी गर्भावस्था और भ्रूण के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, आयरन और फोलिक एसिड की खुराक के उपयोग से गर्भवती महिलाओं में आयरन की कमी और एनीमिया का खतरा कम होता है। इसलिए गर्भवती महिलाओं को अपने शरीर में आयरन की कमी दूर करने और गर्भाथ्य शिशु को स्वस्थ रखने के लिए आईएफए (गुलाबी) की गर्भ ठहरने के 12 हफ्ते में यानी लगभग तीन माह से लेनी शुरू कर देनी चाहिए।

**सात ग्राम से कम हीमोग्लोबिन होने पर गंभीर एनीमिया के लक्षण**

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह डीएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि मातृ मृत्यु का एक प्रमुख कारण एनीमिया होता है, जिसे सही समय पर पहचान कर मृत्यु के संभावित कारण को कम किया जा सकता है। गर्भवती महिलाओं में सात ग्राम से कम हीमोग्लोबिन होने पर गंभीर एनीमिया के लक्षण होते है। ऐसे गंभीर लोगों की सही समय पर पहचान कर उनका चिकित्सकीय प्रबंधन करना आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान खून की कमी को दूर करने के लिए आईएफए गोली का सेवन अनिवार्य माना जाता है। इससे महिलाओं को राहत मिलती है।

## जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के 584 कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोक सभा आम निर्वाचन के अवसर पर एमपी हाई स्कूल स्थित फैसिलिटेशन सेंटर पर डाक मतपत्रों के द्वारा मतदान कर्मियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें बक्सर जिले के सभी चार विधान क्षेत्रों के कर्मी शामिल थे। कई कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण भी करवाया गया। बता दें कि निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों का पोस्टल बैलेट से मतदान का कार्य 22 से 25 मई तक कराया जा रहा है। इस दौरान सभी मतदान दल के पदाधिकारी व कर्मी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को 199-ब्रह्मपुर विधान सभा क्षेत्र से 20, 200-बक्सर विधान सभा क्षेत्र से 186, 201-डुमरांव विधान सभा क्षेत्र से 199 एवं 202-राजपुर (अ०जा०) विधानसभा क्षेत्र से 179 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। चारों विधान सभा क्षेत्र में कुल 584 मतपत्र डाले गए। इसके पहले बुधवार को भी सैकड़ो कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल ने कर्मियों से शत प्रतिशत मतदान की अपील की है। वही फैसिलिटेशन सेंटर पर पूरे दिन कर्मियों की लंबी लाईन देखी गई। मतदान से पूर्व नियमानुसार सभी कर्मियों की आईडी सहित जरूरी दस्तावेज की जांच की गई। सभी कर्मियों को स्याही लगायी गई। ताकि वोटर अपने की मताधिकार को प्रयोग करें। एक से अधिक वोट नहीं डाल सके। सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किये गये है।

# लालू परिवार बिहार में फिर से जंगलराज लाना चाहते हैं: गिरिराज सिंह

- जहानाबाद में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने जनसभा को किया संबोधित
- बोले गिरिराज- हम बताशा के लिए मंदिर नहीं तोड़ सकते



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जैसे-जैसे चुनाव की तिथियां नजदीक आती जा रहे है वैसे वैसे जिले में नेताओं का दौरा बढ़ता जा रहा है एनडीए प्रत्यासी चंद्रेश्वर चंद्रवंशी की पक्ष हुलासगंज हाई स्कूल के मैदान में एक चुनावी सभा को केंद्रीय मंत्री की गिरिराज सिंह एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम बतासे के लिए मंदिर नहीं तोड़ सकते। एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी एक मुखोटा हैं चुनाव नरेंद्र मोदी लड़ रहे हैं, इसलिए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए चंद्रेश्वर चंद्रवंशी को वोट दें। जिस तरह से बंगाल एवं कर्नाटक में हिंदू का आरक्षण समाप्त किया जा रहा है उसी तरह देश की सत्ता पर इंडिया गठबंधन काबिज होकर हिंदू आरक्षण को समाप्त करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लालू परिवार बिहार में फिर से जंगलराज लाना चाहते हैं इसलिए सभी मतदाताओं को सचेत होने की जरूरत है जंगलराज की वापसी कदापि नहीं होने दें। लोगों से अपील की कि चंद्रेश्वर चंद्रवंशी को भारी मतों से जिताएं। गिरिराज सिंह ने कहा कि चुनाव के बाद राजद सुप्रीमो लालू यादव मस्जिद में जाएंगे। वहीं राहुल गांधी घूमने के लिए निकल जाएंगे।

वहीं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव की चिंता अपने परिवार की है। वह किसी को मुख्यमंत्री तो किसी को सांसद बनाने में लगे हुए हैं। बिहार की चिंता उनको नहीं है। बहुत लड़ाई के बाद जंगलराज को समाप्त किया गया है, इसलिए आप लोगों से आग्रह करते हैं कि किसी भी कीमत पर जंगल राज की वापसी नहीं होने दें। राजद के प्रत्याशी के साथ जेल ब्रेक का आरोपी घूम रहा है। इससे प्रतीत हो रहा, उन लोगों द्वारा जंगलराज की वापसी चाहते हैं इसलिए हम लोगों को सचेत रहने की जरूरत है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में आरजेडी का खाता नहीं खुलेगा।

# मिड डे मिल खाने से 100 से अधिक बच्चों की हालत बिगड़ी

## रफीगंज प्रखंड के कासमा थानाक्षेत्र का मामला

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

औरंगाबाद में एक सरकारी स्कूल में मिड डे मील खाने के बाद 100 से अधिक विद्यार्थी बीमार पड़ गए हैं। यह घटना रफीगंज प्रखंड के कासमा थानाक्षेत्र अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय हिंदी की है। जहां एमडीएम का खाना खाने के बाद अचानक कई बच्चे बीमार पड़ने लगे। जिससे स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार राजकीय मध्य विद्यालय अरथुआ हिंदी में मिड डे मील का खाना खाते ही सौ से अधिक की संख्या में विद्यार्थी बीमार पड़ गए। इसकी सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और पुलिस व प्रशासन की टीम एक्टिव हो गयी। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी, कासमा पुलिस एवं रफीगंज पुलिस द्वारा इलाज के लिए सभी बीमार बच्चों को कासमा एवं रफीगंज के नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने बच्चों का उपचार शुरू किया। वहीं, इस अस्पताल के भारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के कारण सभी बच्चे बीमार पड़े हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को उल्टी और दस्त की शिकायत थी। फिलहाल सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 अमित कुमार मौके पर पहुंचे और विद्यार्थियों से मिलकर उनका हाल जाना। उधर, विद्यार्थियों के परिजनों को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस घटना में जो भी दोषी होगा, उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि एमडीएम द्वारा जो खाना आता है, उसमें छिपकली पाई गई है। जिसके कारण सभी बच्चों की तबीयत बिगड़ी है।

## खबरें फटाफट

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर बैठक

**बिक्रमगंज।** काराकाट लोकसभा एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा एवं सासाराम लोकसभा प्रत्याशी शिवेश राम के समर्थन में आगामी 25 मई को सुअरा हवाई अड्डे पर होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसभा की तैयारी को लेकर पूर्व विधायक राजेश्वर राज के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। राजेश्वर राज ने बताया कि प्रधानमंत्री के जनसभा में पहुंचने एवं उन्हें सुनने के लिए लोग उत्साहित है। काराकाट विधासभा के प्रत्येक बूथ से लोगों की भागीदारी होगी। जिसको लेकर मंडल कमिटी अपने अपने सभी बूथों पर बैठक की है। बैठक में जनसभा को लेकर चर्चा की गई और जिम्मेदारियों को बांटा गया। मौके पर विधानसभा प्रभारी विजय सिंह, विधानसभा संयोजक नवीन चंद्र साह, अखिलेश पांडेय, विधानसभा विस्तारक माधव केशरी, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष ललित मोहन सिंह, मंडल अध्यक्ष सत्येन्द्र पाठक, नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा, नगर अध्यक्ष विनोद पासवान, पूर्व मुखिया गोपेश प्रसाद, सुदर्शन गुप्ता, सुरेश गुप्ता मौजूद थे।

### शराब साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सुकहरा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर 15 लीटर शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा कारोबारी फरार हो गया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान सुकहरा गांव निवासी श्री पासवान के पुत्र मनोज पासवान के रूप में किया गया है जबकि दूसरा कारोबारी पुलिस की भनक लगते ही फरार हो गया। उन्होंने कहा पीएसआई संजय कुमार यादव द्वारा गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अज्ञात पर मोटर चोरी का केस दर्ज

**दावथ।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनहर गांव के बधार में खेत से मोटर चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनहर गांव के बधार में खेत से अज्ञात लोग मोटर चोरी कर लिए हैं। इस मामले में पीड़ित राजेश सिंह द्वारा अज्ञात पर मामला दर्ज कराया है।

## काराकाट लोकसभा क्षेत्र में रोड शो कर उपेंद्र कुशवाहा ने मांगा वोट, बोले...

# काराकाट लोकसभा क्षेत्र को बिहार का आइकॉन बनाने की दिशा में काम होगा

- उपेन्द्र कुशवाहा के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब
- जगह-जगह लोगों ने फूल बरसा किया भव्य स्वागत

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

काराकाट लोकसभा चुनाव के त्रिकोणीय मुकाबला में विभिन्न दलों से सभी प्रत्याशियों ने वोटरों को रिझाने में अपनी ताकत झोंक दी है। जिसको लेकर शुक्रवार को बिक्रमगंज के धारूपुर गांव से एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने रोड शो करते हुए पूरे शहर में भ्रमण किया और हाथ जोड़ लोगों से अपने पक्ष में वोट मांगा। इस अवसर पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने सैकड़ों एनडीए कार्यकताओं व आमजनों के साथ अपने पैतृक निवास धारूपुर समीप प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा का फूल माला, बुके सहित अंगवस्त्र भेट कर स्वागत किया। जिनके नेतृत्व में लोगों का काफिला शहर के मुख्य तेंदुनी चौक के सभी क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए उनके समर्थन में वोट देने के लिए नारा लगाया।

मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हम लोकसभा क्षेत्र में जनता के विकास कार्य हेतु चुनाव लड़ रहें हैं, जो जनता के प्यार से विजयी सरताज पहनते ही अधूरे पड़े विकास कार्य को पूरा करते हुए काराकाट लोकसभा को बिहार का आइकॉन बनाने का कार्य करूंगा। साथ ही बताया कि देश के विकास पुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ही सपना है कि पूरा देश विकास पथ पर अग्रसर होकर लोगों के सपनों को साकार करें। वही मौके पर बिहार सरकार अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां व जदयू के वरीय नेता आलोक सिंह ने भी मीडिया से रूबरू होते हुए एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा को वोट करने के लिए लोगों से अपील की। मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह भाजपा नेता अजीत सिंह,सुनील सिंह, अनिल सिंह, सुनील सिंह, ललित मोहन, दिनेश कुमार, हरेंद्र सिंह हरियाली, नरेंद्र सिंह, मनमोहन तिवारी, सरोज सिंह, बलवंत सिंह, रमेश सिंह, जितेंद्र सिंह, बब सिंह, नागेश्वर कुशवाहा,आशुतोष सिंह, रमाशंकर सिंह, ललित मोहन, अनिकेत कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, झुन्ना सिंह, राकेश मिश्रा, अजीत सिंह, रंजित कुमार, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



### डालमिया और बिस्को इंडस्ट्रीज चालू करना प्राथमिकता : उपेंद्र

**बिक्रमगंज।** काराकाट लोक सभा अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्र का एनडीए समर्थित लोक जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा ने जनसंपर्क यात्रा किया। उनकी यह यात्रा नोखा में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभा से प्रारंभ की गई। सड़क मार्ग से राजपुर प्रखंड होते हुए नासरीगंज एवं गोड़ारी के रास्ते देर शाम बिक्रमगंज पहुंचे। इस कार्यक्रम में समर्थकों का सैलाब उमड़ पड़ा। कई जगहो पर समर्थकों को उन्होंने संबोधित किया और कहा कि चुनाव जीतने के बाद हमारी प्रथम प्राथमिकता वर्षों से बंद पड़े डालमिया तथा बिस्को इंडस्ट्रीज को चालू कराना होगा। डेहरी विधानसभा क्षेत्र के सुअरा हवाई अड्डे पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनमानस को आमंत्रित भी किया। सभी जगह पर उनका समर्थकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कई जगह पर फूल बरसाए गए तो कई जगहों पर युवाओं द्वारा जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाए गए। सैकड़ो की संख्या में बाइक पर भाजपा तथा एनडीए के घटक दलों का बड़े-बड़े झंडी दिखाई दिए और शीर्ष नेताओं के नाम पर नारे लगाए गए। यात्रा के दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### महिलाएं व बच्चों ने घर की छत से बरसाए फूल

**काराकाट।** राजग समर्थित प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा द्वारा शुक्रवार को इतिम्हा कर्म, गडुरा, जगदीशपुर, देवपड़सर, खुशी, मालपुरा, कौपा, सकल, चौगाई, हरिहरपुर, चांदी, नावाडीह, अमौरा, बुढ़वल, दुआरी, जमुआ, करूप, इटावा, जयश्री सहित काराकाट प्रखंड के दर्जनों ग्रामीण इलाकों में किए गए रोड शो के दौरान समर्थकों ने जहां उन्हें फूल मालाओं से जगह-जगह अभिनंदन किया, वहीं घर की महिलाएं व बच्चे छत से फूल की वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान सकला बाजार के समीप उमड़े जन सैलाब को भी संबोधित किया। सकला में लोगों को संबोधित करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि देश में एनडीए की सरकार बनना लगभग तय है। अगर आपने हमें आशीर्वाद दिया तो लोकसभा क्षेत्र में अधूरा पड़े कामों पर जोर देकर क्षेत्र का विकास को पटरी पर लाने का काम करूंगा।

## एक नजर

### करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला में बिजली का करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना भेलावर थाना क्षेत्र के मई गांव की है। जहां नोआवा गांव निवासी संतोष शर्मा अपनी बहन के यहां रहकर खेती-बारी का कार्य करते थे, गुरुवार की रात्रि खाना खाकर अपने केबिन पर सोने के लिए जा रहे थे ,तभी गांव के ही कुछ लोग खेत पटाने के लिए बिजली का तार ले गए थे। इस तार के संपर्क में आ गए जिसके कारण इसे बिजली की करंट लग गया और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक के परिवार ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति अवैध रूप से बिजली से सिंचाई का काम कर रहा था जिसके कारण वह तार ले गया था जिसके कारण यह घटना घट गई।

### स्मार्ट मीटर में 2000 से अधिक बैलेंस दो माह तक मेंटेन रखने पर मिलेगा 7.25 प्रतिशत ब्याज

**बिक्रमगंज।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगायी जा रही है। आपको बता दें कि प्रखंड के ग्राम पंचायत नोनहर निज ग्राम में स्मार्ट प्रीपेड मीटर अधिष्ठापन का कार्य प्रारम्भ की गयी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि स्मार्ट मीटर में जितना विद्युत ऊर्जा इस्तेमाल करेंगे उतना पैसा लगेगा, अगर किसी का बिल बकाया है तो उसकी ईएमआई 300 दिन का बन जाएगी। आगे बताया गया कि लाइट नेगेटिव बैलेंस में जब भी कटेगा दिन के 10 बजे से 1 बजे के बीच में कटेगा, रात में लाइट नहीं कटेगा या जिस दिन सरकार की छुट्टी रहती है उस दिन भी लाइट नहीं कटेगा। बताते चलें कि बैलेंस खत्म होने से ठीक 3 दिन से पहले उपभोक्ता को मैसेज करना शुरू हो जाता है। स्मार्ट मीटर में एक पुश बटन है जो कि उपभोक्ता के नेगेटिव बैलेंस में एक महीने में एक बार इस्तेमाल करके लाइट को फिर से कनेक्ट करता है या अगर पॉजिटिव बैलेंस में पुश बटन इस्तेमाल करेगा तो पुश बटन का जो ऑफर है एक बार का वह हमारा बचा रहता है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज के द्वारा आगे बताया गया कि यदि कोई उपभोक्ता द्वारा 2000 से ज्यादा बैलेंस 2 महीने तक मेन्टेन रखते हैं तो उनको 7.25 प्रतिशत का ब्याज मिलना शुरू हो जाता है।

# जमीन विवाद में मारपीट व फायरिंग, गोली लगने से किशोरी जख्मी

- उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पूर्वी नीमा गांव की शुक्रवार सुबह की घटना
- चाचा और चचेरे भाइयों पर मारपीट करने व गोली मारने का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**



उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पूर्वी नीमा गांव में शुक्रवार की सुबह जमीन के विवाद में दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई। उस दौरान दोनों पक्षों में पहले जमकर मारपीट हुई। उसके बाद फायरिंग की जाने लगी। उसमें गोली लगने से एक किशोरी जख्मी हो गयी। गोली उसके दाहिने पैर में लगी थी, जो आर-पार हो गयी है। उसका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। फायरिंग का आरोप एक पक्ष पर लगाया जा रहा है। जख्मी किशोरी पूर्वी नीमा गांव निवासी डिप्टी सिंह की 15 वर्षीया पुत्री संध्या कुमारी है। मारपीट में उसका भाई रमाशंकर भी जख्मी हुआ है। मारपीट व फायरिंग करने का आरोप किशोरी के चाचा और चचेरे भाइयों पर लगा है। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन की गयी। डिप्टी सिंह किसी ने बताया कि उनका अपने भाई तपेश्वर सिंह से संपत्ति के बंटवारे का विवाद चल रहा है। शुक्रवार की सुबह वह बधार में गए हुए थे। उसी बीच उनके भाई और भतीजों द्वारा घर बनाने के लिए पुराने घर को तोड़ा जाने लगा। तब उनकी पत्नी, बेटे और बेटी द्वारा विरोध किया गया। कहा गया कि बंटवारा हो जाने दीजिए, उसके बाद घर तोड़िएगा। उसे लेकर उनके बीच कहासुनी हुई।सूचना मिलने पर वह घर पहुंचे। उसके बाद मारपीट होने लगी। मारपीट के दौरान उनके भतीजे द्वारा फायरिंग कर दी गई। उसमें उनकी बेटी संध्या को गोली लग गई। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। मारपीट के दौरान उनका बेटा रामा शंकर हो जख्मी हो गया। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लाया गया। डिप्टी सिंह की ओर से अपने भाई तपेश्वर सिंह, उनके पुत्र चंदन कुमार और मदन कुमार पर मारपीट करने जबकि तीसरे बेटे कौशल कुमार पर बेटी को गोली मारने का आरोप लगाया गया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इधर, इलाज कर रहे डाक्टर विकास सिंह ने बताया कि किशोरी के दाहिने पैर के घुटने के पिछले हिस्से ज्वाइंट के पास गोली लगी है। गोली आर-पार हो गई थी। डेमेज पास को रिपेयर कर दिया गया है।






## काराकाट नगर पंचायत में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी से ग्रामीणों में आक्रोश

# टेंट लगाकर शुद्ध पेयजल का लटका दिया बैनर, पानी का पता नहीं

**केटी न्यूज/काराकाट**




काराकाट नगर पंचायत की ओर से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं की गयी है। टेंट लगा उस पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने का बैनर तो लगा दिया गया है, लेकिन वहां न तो पानी का प्रबंध है और न ही पेयजल मुहैया कराने के लिए कोई तैनात ही नजर आ रहा है। कुल मिलाकर नगर पंचायत की यह व्यवस्था हवा-हवाई नजर आ रही है। नगर पंचायत शुरू से ही अपने नाकामियों को लेकर चर्चा में रहता है। जहां समय समय पर ग्रामीणों का आक्रोश देखने को भी मिलते रहता है। फिर भी नगर के अधिकारी व जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे रहते है। नगर पंचायत में न तो वार्डों कि समय पर साफ सफाई होती है और न ही अधिकारी व जनप्रतिनिधि जनसुविधाओ पर ध्यान देते हैं।

ऐसे में नगर पंचायत कि स्थिति ग्रामपंचायत से भी खराब हो चुकी है। विभाग की नगर के प्रति सुस्ती और रुचि इस भीषण गर्मी में देखने को मिली, जहां लोग पेयजल की संकट से जूझ रहे है। हालाकि नगर पंचायत विभाग द्वारा विभिन्न वार्डों में निःशुल्क शुद्ध पेयजल की व्यवस्था बड़े पोस्टर और विशेष ताम झाम के साथ दिखावा के लिए लगाया गया हैं, लेकिन किसी में जल कि व्यवस्था नहीं हैं। नगर के लोगो ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर में लगी टेंट के अंदर पेयजल कि व्यवस्था केवल और केवल दिखावा मात्र के लिए किया गया है। जहां एक भी मिट्टी के घड़ा में पीने की पानी उपलब्ध नहीं है। वहीं नगर में साफ सफाई का भी स्थिति दैनिय हैं। लोगों ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर तंज कसते हुये कहा कि नगर पंचायत केवल नाम का है, यहां किसी वार्ड में साफ सफाई नही होती, केवल पैसा उगाही किया जाता हैं। ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बने दो वर्ष होने वाले है लेकिन आज भी पूरे नगर पंचायत विकास कार्य से अछूता नजर आ रहा है। बात दें कि नगर पंचायत काराकाट के विभाग द्वारा नगर के मुख्य रूप से करूप बाजार व गोडारी बाजार पर पीने के निःशुल्क शुद्ध पेयजल की तीन जगहों पर दिखावा मात्र के लिए व्यवस्था की गई है। लेकिन कही भी पीने कि जल उपलब्ध नहीं है, जिससे लोगो व राहगीरों को इस भीषण गर्मी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।

वहीं इस समस्या के बारे में नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद रवीश रंजन ने कहा कि विभाग द्वारा इसकी व्यवस्था की गई है, प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति करने के लिए कर्मियों को जिम्मा दिया गया है। अगर कर्मी इसमें कोताही बरत रहे है तो उनसे बात कर मैं शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने का व्यवस्था करता हूं।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ट्रांसजेंडर लोगों ने निकाली जागरूकता रैली

♦ मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**केटी न्यूज/ मऊ**






लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा क्षेत्र घोसी में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। इस संबंध में प्रतिदिन जागरूकता रैलियां निकालने के साथ ही साथ स्कूलों में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं के साथ ही जनपद स्तर पर भी खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ट्रांसजेंडर लोगों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस तक जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया है। इस दौरान ट्रांसजेंडर लोगों ने रास्ते से गुजरने वालों के साथ ही अन्य लोगों से भी मतदान प्रक्रिया में शत प्रतिशत भागीदारी की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नगर ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा मीडिया से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है की घोसी लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लिए प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से 1 जून को होने वाले मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील भी की। ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के विशेष प्रयास से इस निर्वाचन में ट्रांसजेंडर, एसिड अटैक पीड़िता तथा दिव्यांग लोगों की भागीदारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है,जिससे समाज में उपेक्षित वर्ग को सम्मान के साथ ही साथ राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में भी इन्हें अपेक्षित स्थान मिल सके।इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मऊ अरशद जमाल सहित अन्य लोगों सहित बड़ी संख्या ट्रांसजेंडर समूह के लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर का चिकित्सा अधीक्षक ने किया शुभारंभ

**गाजीपुर।** रेवतीपुर सीएचसी पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर ( पीएमएसएमए ) का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक व



प्रभारी अधिकारी डा. अमर कुमार ने किया। अभियान के दौरान कुल 50 गर्भवती महिलाओं की जांचे की गई। जिनमें से दो गर्भवती महिलाओं को उच्च जोखिम के लिए चिन्हित किया गया। आयोजित इस पीएमएसएमए शिविर में उच्च जोखिम के अंतर्गत चिन्हिते गर्भवती महिलाओं को चिकित्सा अधीक्षक के निर्देश पर महिला स्वास्थ्य कर्मियों की ?निगरानी में इमरजेंसी में रखा गया है। इन सभी का स्वास्थ्य परीक्षण, दवाएं ,पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि उच्च जोखिम के तहत चिन्हित गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। उन्हें समय पर पौष्टिक आहार देने में लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कठोर की जाएगी।उन्होंने कहा कि यह अभियान माह में चार बार आयोजित होता है। इसके लिए एक, नौ, सोलह और चौबीस तारीखे निर्धारित है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं की जांचे के बाद गूगल मीट पर रिपोर्ट के आनलाइन अपलोड करने में भी कोई लापरवाही न बरती जाए। रिपोर्ट समय से अपलोड कर दिया जाए, ताकि इसे समय से फीड किया जा सके। चिकित्सा अधीक्षक डा. अमर कुमार ने कहा कि विभाग के प्रशिक्षित कर्मी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिह्नित करके जांच व उपचार का प्रबंध करते हैं। इसमें प्रसव पूर्व जांच एवं अन्य सुविधाएं गर्भवती महिलाओं को एक से अधिक बार उपलब्ध कराया जाता है। कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाया जा रहा यह शिविरे गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। बताया कि जांचे में हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, एच आई वी,सिफलिश आदि की जांचे की गई है ।इस अवसर पर डाक्टर मनीष कुमार, फार्मासिस्ट सूर्यभान यादव रवि कुमार, आशुतोष कुमार सिंह अभिषेक उपाध्याय, मेघा शर्मा, ममता, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### शिप्रांत सिंह गोली कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**सुखपुरा।** छात्र नेता शिप्रांत सिंह गोली कांड के मुख्य आरोपी व 25 हजार का इनामिया बलवंत यादव को पुलिस ने पचखोरा चौराहे से आगे नहर पुलिया से शुक्रवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी बलवंत यादव के पास से एक मोटरसाइकिल के साथ एक पिस्टल और दो कारतूस भी बरामद हुआ है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शिप्रांत सिंह गोली कांड के अन्य आरोपियों में से आरोपी अमन राय पुत्र सत्यप्रकाश राय निवासी करनई थाना सुखपुरा, भुटन उर्फ इम्तियाज पुत्र फैयाज निवासी परमंदापुर थाना कोतवाली बलिया की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी थी। लेकिन मुख्य आरोपी बलवंत यादव की पुलिस शिद्दत से तलाश में जुटी थी। आखिरकार पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर बलवंत यादव को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी बलवंत यादव को संबंधित धाराओं में न्यायालय भेज दिया।

### कचहरी परिसर में धरना प्रदर्शन कर वकीलों ने डा.महेंद्र पांडेय का किया विरोध

**चंदौली।** कचहरी परिसर में शुक्रवार को संयुक्त बार के अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। लोगों ने भाजपा प्रत्याशी डा. महेंद्रनाथ पांडेय के



खिलाफ विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि न्यायालय भवन निर्माण के लिए आंदोलन चलाने के दौरान सांसद और केंद्रीय मंत्री रहते हुए डा. पांडेय ने सहयोग नहीं किया। ऐसे में चुनाव के दौरान अधिवक्ता उनका विरोध करते रहेंगे। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभानु सिंह ने बताया कि चंदौली जिला का गठन होने 27 साल बाद भी अभी तक न्यायालय भवन नहीं बन सका है। इसके लिए अधिवक्ताओं ने कई बार आंदोलन किया। लेकिन किसी भी जनप्रनिधि ने अधिवक्ताओं के साथ सहयोग करने का काम नहीं किया। वहीं डिस्ट्रीक बार एसोसिएशन वरिष्ठ अधिवक्ता जन्मेजय सिंह ने बताया कि न्यायालय भवन निर्माण के लिए आंदोलन करने के साथ ही वह पैदल लखनऊ और नई दिल्ली गए। लेकिन इस दौरान चंदौली से दो बार सांसद रहे डा. महेंद्रनाथ पांडेय ने कोई सहयोग नहीं किया। उनके सांसद रहते हुए आज जिले की हालत ज्यादा बदहाल हुई हैं। पालीटेक्निक कालेज आज जर्जर हालत में हैं, चंदौली स्टेशन पर किसी भी प्रमुख ट्रेन का ठहराव नहीं हैं। लेकिन इन मुद्दों को सांसद के सामने रखने पर वह नाराज हो जाते हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया हैं कि ऐसे सांसद का विरोध करते रहेंगे। इस दौरान ट्वींकल सिंह, इमरान सिद्की सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मुगलसराय में मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई में जुटी पुलिस

**चंदौली।** मुगलसराय कोतवाली से महज 150 मीटर दूर स्थित सुबास नगर मोड़ पर घात लगाकर बैठे पांच से छह की संख्या दबंगों द्वारा सुभाष नगर निवासी एक युवक की लाठी डंडे से जमकर पिटाई का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है की युवक चाय दुकानदार है और वह किसी शादी समारोह से वापस घर जा रहा था। उक्त घायल युवक को स्थानीय निजी चिकित्सालय में इलाज के बाद ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। इस बाबत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह ने बताया कि उक्त वीडियो की जांच की गई है। जिसके बाद आठ लोगों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द कर ली जायेगी।

### टोटो को टक्कर मारकर खाई में पलटा अनियंत्रित ट्रैक्टर, चालक की मौत

**गाजीपुर।** मरदह थाना के सिंगेरा गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर कासिमाबाद की तरफ से आ रही यात्रियों से भरी टोटो गाड़ी को पीछे से अनियंत्रित ट्रैक?टर- ट्राली ने टक्कर मार दी। टक?कर मारकर ट्रैक्टर अनियन्त्रित होकर सड़क के नीचे खाई में पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चालक प्रदीप यादव-20 निवासी रामगढ़ मठिया थाना कासिमाबाद की दबकर मौके पर मौत हो गई। टोटो पर सवार कई यात्री घायल हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खबरें फटाफट

### फेसबुक पर फोटो पोस्ट करना दरोगा जी को पड़ा महंगा

**चंदौली ।** मुगलसराय कोतवाली अन्तर्गत शिवाला पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा एक स्थानीय भाजपा नेता के साथ शोरूम में जाकर कार खरीदवाने और उनके सम्मान में केक काटने का फोटो फेसबुक पर वायरल करना महंगा पड़ गया। इसकी खबर प्रकाशित होने के बाद डीआईजी ओ पी सिंह ने संज्ञान में लेकर जैसे ही कार्रवाई का निर्देश दिया एसपी ने आनन फानन में उक्त चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर करते हुए विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिये। जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

### जानलेवा हमला के मामले में दो दोषियों को मिली तीन–तीन वर्ष की सजा

**बलिया।** जानलेवा हमला करने के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शुक्रवार की दोपहर दो दोषियों को तीन–तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही पांच–पांच हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। दोषियों का नाम विक्रम राजभर पुत्र सामू राजभर व भीम पुत्र विक्रम राजभर निवासीगण कुरेजी थाना गड़वार है। दोनों दोषियों के खिलाफ गड़वार थाने में वर्ष 2018 में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन के उपरांत सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शुक्रवार की दोपहर दो दोषियों को तीन–तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही पांच–पांच हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### बलात्कार के आरोपी को मिली 25 वर्ष के कारावास की सजा

**बलिया।** बलात्कार व पॉक्सो एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दोषी को 25 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 50 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। दोषी का नाम भरत राजभर पुत्र मुन्ना राजभर निवासी ग्राम पूर थाना पकड़ी है। दोषी के खिलाफ पकड़ी थाने में वर्ष 2022 में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन के उपरांत विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दोषी को 25 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 50 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## बलिया में आयोजित सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इंडी गठबंधन पर बोला हमला

# सपा सरकार में बीमार राज्य था उत्तर प्रदेश अब है उत्तम प्रदेश: जेपी नड्डा

**केटी न्यूज/ बलिया**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बलिया के लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में श्री जीयर स्वामी यज्ञ स्थल, जनाड़ी में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे। जनसभा में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने श्री नड्डा के ओजस्वी भाषण को सुनकर अपने उत्साह और समर्थन का प्रदर्शन किया।

जनसभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की विचारधारा को स्पष्ट करते हुए कहा, "ये पिछड़े, दलितों, आदिवासियों के समर्थक नहीं हैं। ये इनके आरक्षण पर डाका डालकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बात कर रहे हैं। जबकि बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर ने भारत के संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बात नहीं कही है।

श्री नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी सरकार में कल उत्तर प्रदेश एक बीमार राज्य था। आज उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य बनकर आगे खड़ा है। पूर्णमासी को नमन करने का आनंद तब तक नहीं आता जब तक कि अमावस्या की अंधेरी रात न देखी हो। जेपी नड्डा ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और नीतियों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ है। बलिया लाने के लिए हमें आपके समर्थन की आवश्यकता है। श्री नड्डा ने बलिया के विकास के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि पार्टी का उद्देश्य यहाँ के प्रत्येक नागरिक की जीवन स्थिति को बेहतर भाजपा द्वारा की जाने वाली प्रमुख योजनाओं और परियोजनाओं का उल्लेख किया, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, कृषि, और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



### एक समर्पित और कर्मठ नेता है नीरज

**बलिया।** नीरज शेखर की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि नीरज शेखर एक समर्पित और कर्मठ नेता हैं, जिन्होंने अपने पिता स्वर्गीय चंद्रशेखर जी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए बलिया के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उनका अनुभव और नेतृत्व बलिया को एक नई दिशा देने में सक्षम है।

### बलिया के युवा देश का भविष्य है

**बलिया।** श्री नड्डा ने बलिया के युवाओं को रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में समर्थन देने के लिए भाजपा की योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, बलिया के युवा हमारे देश का भविष्य हैं। भाजपा सरकार उनके सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।



### योजना से हुए लाभों को गिनाया

**बलिया।** श्री नड्डा ने केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, और स्वच्छ भारत अभियान के लाभों को गिनाते हुए कहा कि इन योजनाओं से बलिया के नागरिकों को सीधे लाभ हुआ है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य है कि हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए और उनकी जीवन स्थिति में सुधार हो।

### ये लोग रहे मौजूद

बलिया। इस विशाल जनसभा में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय जी, जिला अध्यक्ष संजय यादव जी, विजय बहादुर दुबे जी, दयाशंकर सिंह जी, परिवहन मंत्री, राज्य मंत्री दानिश आजाद जी, विधायक केतकी सिंह जी, रवि शंकर सिंह पप्पू जी, पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला जी, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह जी सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं हजारों स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## मन की भाषा से समझ दर्शकों ने की असमिया नाटक की प्रशंसा

♦ चंदौली महोत्सव में तीन दिनों तक होगा नाट्य, नृत्य कला का प्रदर्शन

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**




अस्मिता नाट्य संस्था के बैनर तले तीन दिवसीय चंदौली महोत्सव की शुरूआत बृहस्पतिवार को हुई। पीडीडीयू नगर के नगर पालिका इंटर कॉलेज परिसर में प्रकाश चंद्र गुप्ता के स्मृति में चेयरमैन सोनू किन्नर ने मां सरस्वती और प्रकाश चंद्र गुप्ता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

उद्घाटन समारोह के बाद पहली प्रस्तुति नाट्य संस्था तक्षशिला असम से आई टीम का असामिया नाटक पुनर प्रतिज्ञा का मंचन किया गया। इसका निर्देशन डॉ अनिल बरुवा ने किया।भाषा की बहुत समझ ना होने के बावजूद मौजूद दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय को महसूस किया और खूब तालियां बजाई। दूसरी प्रस्तुति चिंगी धारा भी असमी रहा। उसके पहले सोलो सेमी क्लासिकल नृत्य को लोगों ने सराहा। समारोह में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनू किन्नर ने कहा कि इस तरह का आयोजन जहां पर दूर-दूर से कलाकार चलकर के आते हैं और अपने कला का प्रदर्शन करते हैं ऐसा बहुत कम होता है। समाजसेवी रीमा कौर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से हम लोगों को एक स्वस्थ मनोरंजन का नजारा दिखता है। मोबाइल पर और छोटे-छोटे चैनलों के माध्यम से हम कला को अभिनय की बारीक दुनिया को बिल्कुल ध्यान से देखते हैं लेकिन सच्चा आनंद तो मंच पर ही मिलता है। समारोह में समाजसेवी आनंद तोदी, अमित सिंह मुसाफिर सिंह चौहान, संतोष खरवार, आलोक सिंहआदि उपस्थित रहे। संचालन अशोक मानव ने किया।

## बलिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया रेलवे स्टेशन के मेनलाइन पर एक्सलेटर सीढ़ी ब्रिज के सामने दो युवक अप मालगाड़ी की चपेट में आने से कट गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंच दोनों शवों को कब्जे में लेकर थाने आई और एक मृतक युवक की शिनाख्त उसके पॉकेट से मिले आधार के अनुसार शशिकांत खरवार 32 वर्ष पुत्र योगेश प्रसाद खरवार निवासी बहादुरपुर देवकली थाना कोतवाली तथा दूसरे मृतक युवक की शिनाख्त सूर्य प्रकाश सिंह 29 वर्ष पुत्र कृष्ण कुमार सिंह निवासी नारायनगढ़ थाना रेवती के रूप में उसके हाथ पर लिखे पत्नी सत्या के नाम से की गई मृतक के पिता कृष्ण कुमार सिंह ने की। जीआरपी प्रभारी ने दोनों युवकों के परिजनों को सूचना देकर थाने पर बुलाया। इसके बाद जीआरपी ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

बता दें कि बलिया रेलवे स्टेशन के मन लाइन पर शहर कोतवाली के बहादुरपुर देवकली निवासी शशिकांत खरवार और रेवती थाना क्षेत्र के नारायनागढ़ निवासी सूर्य प्रकाश सिंह प्लेटफार्म नंबर दो से ट्रैक पार करते हुए एक नंबर पर आ रहे थे। इसी समय अब मालगाड़ी मेललाइन से वाराणसी की ओर जा रही थी। जिसकी चपेट में दोनों युवक आग गए। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

## 'प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना' खटाई में, सात साल में न पोल गड़ा न तार

# पीएम की घोषणा के बाद भी नहीं मिली बिजली

♦ बनवासी बस्ती के लोगों तक नहीं पहुंची बिजली, आज भी अंधेरे में गुजरती है रात

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर ब्लॉक के बाइपास मार्ग पर स्थित बनवासी बस्ती के लोगों को विद्युत विभाग के उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। इस बस्ती में आजादी के बाद से अभी तक न पोल गड़े न तार खींचा गया। करीब सात साल पहले इस दिशा में पहल जरूर की गई, लेकिन वह भी अधर में लटकी हुई है। विद्युत विभाग के द्वारा विद्युतीकरण न कराया जाना विभाग की मनमानी है। इसके चलते



बनवासी बस्ती के लोग अंधेरे में रात व्यतीत करने को मजबूर हैं।

बताते चलें कि शासन से सौभाग्य योजना या प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना" के तहत घरों को बिजली प्रदान करने के लिए भारत सरकार के द्वारा इस परियोजना की घोषणा सितंबर 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई थी। जिसे दिसंबर 2018 तक विद्युतीकरण प्रक्रिया को हर हाल पूरा करने का निर्देश था। मगर आज तक यह बनवासी बस्ती के लोग विद्युत विभाग के अधिकारियों की उपेक्षा का दंश झेलने को मजबूर हैं। बस्ती में निवास करने वाले बिहारी, दरोगा, लल्लन, मुन्नी, सबिता, सीमा आदि अन्य लोगों ने बताया कि अधिकारियों के द्वारा इस बनवासी बस्ती को आज से करीब सात साल पहले सीएम, पीएम आवास बनवा कर बसाया गया था। दर्जनों परिवार के महिला- पुरुष अपने परिजनों के साथ निवास करते हैं। बस्ती के व अन्य लोगों ने बताया कि इतने दिनों बाद भी उनके बस्ती में विद्युतीकरण का न होना, उन्हें दिन रात के अन्य मौसमों के अलावा बरसात के मौसम में तो काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। बताया कि इसको लेकर बस्ती के लोगों ने दर्जनों बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई मगर उन्हें केवल कोरा आश्वासन मिला।

बस्ती के लोगों ने बताया कि इस भीषण गर्मी के मौसम में वह अपने परिजनों संग किसी तरह जीवन बसर करने को मजबूर हैं। बताया कि बस्ती में विद्युतीकरण न होने से खुद व उनके परिवार के लोग रात के पहर खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। बस्ती के लोगों ने बताया कि विद्युतीकरण न होने से उन्हें पेयजल के संकट का भी सामना करना पडता है। बस्ती में लगे एकमात्र हैंडपंप से किसी तरह प्यास लोग बुझाते हैं।

विद्युत वितरण खंड चतुर्थ के अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह ने बताया कि बस्ती में विद्युतीकरण का न होना आश्चर्य है। बताया कि बहरहाल अभी वर्तमान समय में मुफ्त कनेक्शन की योजना नहीं है। योजना के आते ही बस्ती में विद्युतीकरण कराया जाएगा।

## रिपेयरिंग के लिए आई कार में लगी आग, लैपटॉप भी जला

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बहेरी गांव स्थित कोलकाता मोटर्स में रिपेयरिंग के लिए आई कार में शुक्रवार की शाम शार्टसर्किट से आग लग गई। अभी कोई कुछ समझ पाते कि तब तक आग ने विकराल रूप से अख्तियार करते हुए पूरी कार को जद में ले लिया। आसपास के लोगों के अथक प्रयास के बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया गया। कार वैशाली होटल के मालिक जयंत कुमार सिंह की थी। जयंत कुमार सिंह के अनुसार कार रिपेयरिंग के लिए कोलकाता मोटर्स लाया गया था। स्टार्ट करते समय शार्टसर्किट हो गई और कार में आग लग गई। बताया कि कार के अंदर एक लैपटॉप भी था, जो जलकर नष्ट हो गया। अगलगी की घटना के बाद जयंत कुमार सिंह सदमे में है।

# धर्म के आधार पर आरक्षण देने वालों को बेनकाब करना जरूरी : योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री योगी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत
- योगी ने कहा, ममता सरकार ने पार की राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा

**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी-मुस्लिम आरक्षण को लेकर आए कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए 2010 में 118 मुस्लिम जातियों को जबरन ओबीसी में डाल कर ये आरक्षण दिया था। इंडी गठबंधन द्वारा देश की कीमत पर राजनीति की जो ये नीति चल रही है, इस होड़ को खारिज और बेनकाब किया जाना चाहिए। सीएम योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ओबीसी का हक जबरदस्ती हड़प रही थीं। इसी



असंवैधानिक कृत्य पर माननीय उच्च न्यायालय ने टीएमसी सरकार के फैसले को पलटा है और एक जोरदार तमाचा मारा है। यह कार्य असंवैधानिक था, इसे अनुमति नहीं दी जा सकती है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में इसे बार बार कहा था। उन्होंने बताया कि भारत में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए और मंडल कमीशन के बाद ओबीसी की सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। धर्म के आधार पर आरक्षण की इजाजत भारत का संविधान कभी नहीं देता। बाबा साहब ने इसके लिए बार बार देश को आगाह किया था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ था और हमें ऐसी कोई स्थिति नहीं पैदा करना चाहिए जो देश को विभाजन की ओर धकेले। मुख्यमंत्री ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को नजीर बताते हुए कहा कि कर्नाटक के अंदर भी कांग्रेस सरकार ने ओबीसी के अधिकार पर इसी प्रकार की सेंधमारी करते हुए मुसलमानों को आरक्षण देने का काम किया है। साथ ही आंध्र प्रदेश में भी इसी प्रकार की शरारत की गई थी। इन सबका जोरदार विरोध करना जरूरी है। किसी भी उसंवैधानिक कार्य को, जो भारत के विभाजन की आधारशिला रखने वाला हो, भारत को कमजोर करने वाला हो उसे कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

## एक नजर

### सीएम योगी आज काशी के अस्सी घाट पर जनसभा को करेंगे संबोधित

**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में वाराणसी में 1 जून को वोटिंग होगी। उससे पहले शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में अपनी पहली जनसभा गंगा घाट पर करेंगे। उनके जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा के क्षेत्रीय कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव के साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम 5.30 बजे अस्सी घाट पहुंचेंगे। सबसे पहले वह मां गंगा की पूजा करेंगे उसके बाद जनसभा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया यह पहली बार होगा जब कोई मुख्यमंत्री घाट पर जनसभा करेगा। उन्होंने बताया कि सभा में 30 हजार लोग शामिल होंगे। अस्सी क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण स्थल है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ से लोग सभा में पहुंचेंगे। इसके अलावा शहर से भी कार्यकर्ता और जनता मुख्यमंत्री को सुनने के लिए पहुंचेंगे।

### रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी में 2 आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले की पुलिस ने रेलवे में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित अनुज भरद्वाज जो कि देवरिया बुजुर्ग जिला मऊ के रहने वाले है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी शशिकांत पांडेय, मंजू पांडेय, विकास पांडेय, अमन पांडेय जो आजमगढ़ जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र के भीमलपट्?टी के रहने वाले हैं। आरोपियों ने रेलवे में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी की। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। इसके तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर श्रीप्रकाश मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली की आरोपी शशिकांत पांडेय और दिनेश कुमार पांडेय पश्चिम पट्टी निषाद बस्ती तिराहा कुंआ के पास है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। आरोपियों के कब्जे से रेलवे के दो फजी आईकार्ड भी पुलिस ने बरामद किया है। आरोपियों पर 16 गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस तलाश में जुटी थी।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंदा, दो की मौत

**मिर्जापुर ।** बरात से घर लौटते समय हलिया थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव में बीती रात अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए। घायल का इलाज कराया जा रहा है। हलिया थाना क्षेत्र के हरिजन बस्ती निवासी संतोष कुमार (40) व श्रवण कुमार (24) पुत्र हिंचलाल, शुभम कुमार (15) पुत्र अशोक और आशीष कुमार (13) पुत्र संतोष कुमार बाइक पर सवार होकर ग्राम सिलहटा एक बरात में शामिल होने गए थे। देर रात दो बजे बरात से घर लौट रहे थे। गुर्गी गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई, जिससे संतोष व शुभम की मौके पर मौत हो गई। श्रवण व आशीष घायल हो गए। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना प्रभारी हलिया पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दिया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### मतदान के दिन प्रतिष्ठानों/कल कारखानों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**मऊ।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण मिश्र ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिया जाएगा। जनपद मऊ के विभिन्न प्रतिष्ठानों/कल कारखानों में नियोजित कर्मकार/श्रमिकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सातवें चरण दिनांक 01 जून 2024 दिन शनिवार को सवैतनिक अवकाश रहेगा, जिससे प्रतिष्ठान में नियोजित श्रमिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, यदि कोई प्रतिष्ठान व कल-कारखाने मतदान के दिन खुले पाए जाते हैं, तो सेवायोजक के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें फटाफट

### पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**आजमगढ़ ।** फूलपुर पवई थाना के मिल्कीपुर अंडर के पास पिकअप के चपेट में आने बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक चालक बाल-बाल बच गया। उसे मामूली चोट आई हैं।स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। युवक लखनऊ से घर मतदान करने जा रहा था। अहरौला थाना के रामजीपुरा निवासी इंद्रेश यादव(28) पुत्र शोभनाथ और उसी गांव का प्रेमचंद यादव पिता रामधनी यादव के साथ लखनऊ से घर मतदान करने जा रहे थे। बीती रात्रि साढ़े दस बजे पवई थाना के मिल्कीपुर अंडर के पास पिकअप के चपेट में आने से इंद्रेश की मौत हो गई। मृतक 3 भाइयों दूसरे नंबर पर था। मृतक के पास लड़की एकांशी 5 वर्ष और अथर्व 3 वर्ष का है। मां गीता और पत्नी एकता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ट्रक और बाइक की टक्कर में युवक की मौत, तीन घायल

**सोनभद्र।** सोनभद्र के घोरावल कोतवाली क्षेत्र के घोरावल-मिजार्पुर रोड पर खुटहां बाइपास मोड़ के समीप शुक्रवार की भोर में सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से बाइक घुस गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वगीं मृतक की बहन और बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हादसे में पांच माह की मासूम बच्ची बाल-बाल बच गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को दोपहर बाद पोस्टमॉर्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के करसोता गांव निवासी विशाल कोल (18) पुत्र बलिराम, मूर्तियां निवासी सतेंद्र (25) पुत्र रामशरण कोल, वंदना (24) पत्नी सतेंद्र और मुनिया (5 माह) पुत्री सतेंद्र को शुक्रवार सुबह एम्बुलेंस द्वारा घोरावल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने देखते ही विशाल को मृत घोषित कर दिया।

## सुरक्षित मतदान के लिए प्रशासन तैयार, मतदान ले लिए पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

# आजमगढ़ -लालगंज, जौनपुर, मछली शहर लोकसभा सीट के लिए आज होगा मतदान

- आजमगढ़ जिले में होने वाले चुनाव के लिए 3801 बूथ
- 1945 बूथों पर वेबकास्टिंग की गई है व्यवस्था 1300 से अधिक मतदानकेन्द्र पर लगाया गया है वेब कैमरा

**केटी न्यूज/आजमगढ़/जौनपुर**

पूर्वांचल के आजमगढ़ और लालगंज, जौनपुर एवं मछली शहर लोकसभा क्षेत्र में आज होने वाले चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों को सुबह से ही रवाना के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई। जिले में पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए पांच केन्द्र बनाए गए हैं जहां से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की गई। इस क्रम में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिन स्थानों से पोलिंग पार्टियां रवाना की जा रही हैं उनमें से श्रीदुर्गा पीजी कॉलेज चंडेश्वर, डेंटल कॉलेज चंडेश्वर, कृषि महाविद्यालय कोटवा, जीडी ग्लोबल स्कूल और एचएमपीएम स्कल हैं।

मानक के अनुरूप पुलिस बल लगाए गए हैं प्रत्येक थाने स्तर पर 8 से 10 क्लस्टर मोबाइल टीमें लगाई गई हैं। एक मोबाइल टीम में पांच लोग जो 10 मतदान केंद्रों को कवर करेंगे। जिले में गठित की गई फ्लाइंट स्क्वाड टीम लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। हिस्ट्रीशीटर गुंडों और जिला बदर के घर कार्यवाही विभाग द्वारा कराई जा रही है। जिससे कि जिले में चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराया जा सके।





अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, इलाहाबाद, फूलपुर, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही और आजमगढ़ में वोटिंग होनी है। राजा भैया और धनंजय सिंह के हनक और रुतबे की तो परीक्षो होगी ही भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी की रणनीति की अग्निपरीक्षा भी हो जाएगा। अखिलेश का पीडीए फामूर्ला और बीजेपी की जातिगत आधार पर बनी पार्टियों का सहयोग कितना काम करता है, यह भी पता चलेगा यह भी पता चलेगा। इसके अलावा इस फेज में बीजेपी की दिग्गज लीडर मेनका गांधी, जगदंबिका पाल, दिनेश लाल यादव निरहुआ, कृपाशंकर सिंह की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है।

लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण की वोटिंग 25 मई को होनी है। इस फेज में उत्तर प्रदेश में जिन 14 सीटों पर मतदान होगा। वहां मुकाबला बहुत कन्फ्यूजिंग है इनमें आधी सीटें ऐसी हैं जहां राजनीतिक विश्लेषक भी नहीं समझ पा रहे हैं कि किस जाति का वोट किसको जाएगा। सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, इलाहाबाद, फूलपुर, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज,



### राज्य की राजनीति के धुरंधरों की अग्निपरीक्षा

जौनपुर सीट पर भाजपा के कृपा शंकर सिंह,सपा इंडिया गठबंधन से बाबू सिंह कुशवाहा,बसपा से श्याम सिंह यादव सहित 14 प्रत्याशी मैदान में है , इनके भाग्य का फैसला 19 लाख 37 हजार 237 मतदाता करेंगे। जिसमे 10 लाख , 26 हजार 234 पुरुष , 9 लाख , 50 हजार 912 महिला और 91 थर्ड जेंडर मतदाता है। मछलीशहर (सुरक्षित) सीट पर भाजपा से बी पी सरोज,सपा गठबंधन से प्रिया सरोज,बसपा से कृपा शंकर सरोज सहित 12 उम्मीदवार ताल ठोक रहे है , इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 19 लाख, 40 हजार 605 वोटर्स करेंगे। जिसमे 10 लाख 16 हजार 490 पुरुष , 9 लाख 24 हजार 46 महिला और 69 थर्ड जेंडर के मतदाता है।

### 1300 बूथों पर लगाया गया वेब कैमरा

जिले के सीडीओ परिक्षित खटाना ने बताया कि आजमगढ़ जिले में होने वाले चुनाव के लिए 3801 बूथ बनाए गए हैं। इनमें 1945 बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है जबकि 1300 से अधिक बूथों पर वेब कैमरा लगाया गया है। 469 बूथों पर माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं, इसके साथ ही जिले के सभी 3801 बूथों पर सीटीएमएस सेंट्रल पैरामिलेट्री फोर्स तैनात की गई है। जो भी अपेक्षित कार्य है उसको पूरा कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सभी पोलिंग पार्टियां स्टेशन पर सीआरपीएफ की तैनाती की गई है।

जौनपुर,मछलीशहर, भदोही और आजमगढ़ में वोटिंग होनी है। राजा भैया और धनंजय सिंह के हनक और रुतबे की तो परीक्षो होगी ही भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी की रणनीति की अग्निपरीक्षा भी हो जाएगा। अखिलेश का पीडीए फामूर्ला और बीजेपी की जातिगत आधार पर बनी पार्टियों का सहयोग कितना काम करता है, यह भी पता चलेगा यह भी पता चलेगा। इसके अलावा इस फेज में बीजेपी की दिग्गज लीडर मेनका गांधी, जगदंबिका पाल, दिनेश लाल यादव निरहुआ, कृपाशंकर सिंह की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है।

## राष्ट्रहित में कायस्थ समाज भाजपा को करें वोट : राकेश श्रीवास्तव

**केटी न्यूज /जौनपुर।**

कायस्थ समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के आवास मियांपुर में हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने पर मुहर लगी। इस बैठक में खुद भजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह मौजूद थे। शुक्रवार को दोपहर करीब 3 बजे कायस्थ समाज से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एकत्रीत हुए , सभी ने एक स्वर में राष्ट्रहित देश हित सर्वोपरि को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह को वोट करने पर सहमति बनी। जिला अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि वोट देना हमारा अधिकार है लेकिन सबसे पहले राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है ऐसे में राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए सभी कायस्थ वर्ग से निवेदन कि सभी लोग राष्ट्रहित को ध्यान रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए कमल के फूल पर वोट देकर देश को सशक्त बनाने में उनका सहयोग करें।

इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह ने कहा कि आप सभी सुबह सबसे पहले मतदान करें अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सुबह मतदान करें उसके बाद जलपान करें साथ ही अपने आसपास के लोगों और परिवार के लोगों भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें एक मत से देश की दिशा और दशा तय होती है।

इस मौके पर कायस्थ समाज के संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव, दयाशंकर निगम, दयाल शरण श्रीवास्तव , राजेश श्रीवास्तव बच्चा संजय अस्थाना, चंद्र मोहन श्रीवास्तव ,शशि श्रीवास्तव गुड्डू ,श्याम रतन श्रीवास्तव, राजेश वेस्टिज, दिनेश श्रीवास्तव विकास भवन आदि उपस्थित थे।

## काशी के दो हजार खास लोगों को पीएम मोदी ने लिखी चिट्ठी

# 1 जून को अपने परिवार के सदस्यों को बूथ तक लेकर आएं

- वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार सांसद प्रत्याशी मोदी को 10 लाख से ज्यादा वोट मिलने के लिए बीजेपी एड़ी चोटी का लगा रही है जोर

**केटी न्यूज/ वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी की खास हस्तियों, बौद्धिक और बिजनेसमैन को लेटर लिखकर वोट दिलाने की अपील की है। मोदी का लेटर, वाराणसी के 2 हजार लोगों के घरों तक जाएगा। अभी तक 500 खास घरों तक मोदी का लेटर बांटा जा चुका है। वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार सांसद प्रत्याशी मोदी को 10 लाख से ज्यादा वोट मिलने के लिए बीजेपी एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। इसी 10 लाख वोटों के फोकस प्वाइंट में ये 2000 खास लोग हैं। चिट्ठी बांटने का काम भी बौद्धिक वर्ग ही कर रहा है। बीएचयू के प्रोफेसर और डॉक्टर लोगों के घर-घर जाकर ये चिट्ठी लोगों को दे रहे हैं। 200 शब्दों की इस चिट्ठी में पीएम मोदी ने लिखा है, 1 जून तक अपने परिवार के सदस्यों और संस्था के लोगों



### काशी के बेटे के तौर पर खुद को मानता हूं

'आपको अवगत कराना है कि भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व चल रहा है। काशी लोकसभा में पहली जून को मतदान होना है। काशी में आज सबके आत्मीय प्यार ने मुझे बनारसी बना दिया है। केवल सांसद ही नहीं बल्कि स्वयं को काशी का बेटे के रूप में पाता हूं। आप सबसे यह निवेदन है कि पहली जून को एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में हो। आपके एक वोट की ताकत से आज देश का भविष्य निर्माण हो रहा है। भारत को सामर्थ्यवान बनाने में आपका ही बड़ा योगदान है।'

को बूथ तक लेकर आए। एक-एक वोट बीजेपी के पक्ष में हो। बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से जो कुछ कर पाया हूं, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। ये 2024 का चुनाव बहुत मायने में खास है। पीएम मोदी अपने हर काशी यात्रा के दौरान प्रतिष्ठित और बौद्धिक वर्ग के साथ मुलाकात करते हैं। काशी में प्रबुद्ध वर्ग की बैठकें भी बुलाते हैं। काशी में चिट्ठी बांटने का काम भाजपा मीडिया सेल के मेंबर और नई दिल्ली स्थित फोर्टिज हॉस्पिटल के डायरेक्टर और जाने माने आर्थोपेडिक्स सर्जन डॉ. कौशल कांत और बीएचयू में पत्रकारिता विभाग के डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र और उनकी टीम को सौंपा गया है। उन्होंने दिन-रात चिट्ठी बांटने का काम शुरू भी कर दिया है। हम काशी की बात करें, तो मुझसे अधिक आपको पता है। इन 10 वर्षों में काशी के विकास को लेकर हमने जो संकल्प लिए थे, एक-एक कर पूरे हो रहें हैं। बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से जो कुछ कर पाया हूं। अभी बहुत कुछ करना बाकी है। 2024 का चुनाव बहुत मायने में महत्वपूर्ण है। आपके मत और समर्थन से ही विकसित भारत का संकल्प पूर्ण होगा। 1 जून को स्वयं, परिवार के सदस्यों और अपनी संस्था के लोगों को मतदान स्थल तक ले आने में सक्रिय रूप से योगदान करें। अपनी संस्कृति अपनी परंपरा, अपने गौरव को और अधिक ऊंचाइयां देने के लिए साथ चलें।



## सुभाषितम्

दुःख का कारण हमारी चित्तवृत्तिओं का प्रभाव ही है।

- भगवान श्री कृष्ण

# मर्यादित लोकतंत्र में अमर्यादित होता चुनाव प्रचार

यह तो सभी मानते हैं कि लोकतांत्रिक प्रणाली अन्य शासन प्रणालियों से लाख दर्जे बेहतर है। इसमें सबसे खूबसूरत और प्रभावी बात यही है कि देश पर शासन चलाने के लिए सरकार चुनने से लेकर सरकार के नियम-कायदे बनाने तक, सर्वेसर्वा जनता ही होती है। क्योंकि जनप्रतिनिधि ही सरकार में रहते हुए देश की दशा और दिशा तय करते हैं। लोकतांत्रिक सरकार जनता द्वारा चुनी होती है और वह भी जनता अपने खुद के लिए ही चुनती है। इसलिए देश में चल रहे आम चुनाव सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी अतिमहत्वपूर्ण हो जाते हैं। इसके लिए अन्य कार्यों को टाला या समय से पूर्व किया जा सकता है, लेकिन चुनावी महाकुंभ में होम करना अपने आप में लोकतंत्र को मजबूत करने जैसा ही होता है। ऐसे मर्यादित लोकतंत्र में आम चुनाव में हिस्सा लेने वाले नेताओं और राजनीतिक पार्टियों से मर्यादित व्यवहार की उम्मीद रखना कोई गलत बात नहीं है। चुनाव प्रचार करते हुए व्यवहार के साथ ही भाषा भी मर्यादित होनी चाहिए। यह न हो कि चुनाव जीतने की खातिर आप किसी व्यक्ति, समूह, संप्रदाय या जाति व वर्ग विशेष पर अमर्यादित टिप्पणी करें और उसे ठेस पहुंचाएं। अपने से विलग विरोधी या अन्य को नीचा दिखाते हुए अनर्गल अलाप करें और व्यक्तिगत तौर पर उसे आहत करने का काम करें। जीत सुनिश्चित करने विशेष वोट बैंक को अपने पक्ष में करने की खातिर दूसरे वर्ग पर अनाप-शनाप आरोप लगाएं और भ्रम की स्थिति पैदा कर दें। ऐसा कोई बयान दे दें, जिससे दो समूह, जाति या वर्ग के लोग आपस में हिंसा करने पर उतारु हो जाएं। ऐसे आमर्यादित आचरण और व्यवहार के साथ बयानों व भाषणों पर रोक लगाने की आवश्यकता सदा से रही है, लेकिन वर्तमान में इसकी जरुरत कुछ ज्यादा ही महसूस की जा रही है। इसे चुनाव आयोग ने भी महसूस किया है। इसके चलते देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों और उनके नेताओं को हद में रहने की सलाह देते हुए मर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने के दिशा-निर्देश भी चुनाव आयोग ने जारी किए हैं। बहरहाल यह समय है लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण के करीब पहुंचने का। पांच चरणों का मतदान पूर्ण होने के साथ ही शनिवार को छठवें चरण के लिए मतदान होना है। इस चरण में दिल्ली की सभी सात सीटों सहित छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों पर मतदान किया जाना है। छठवें चरण के मतदान से पहले गुरुवार को चुनाव प्रचार थम गया है। देश की राजधानी दिल्ली की सभी सीटों के अलावा छठवें चरण में शनिवार को उत्तर प्रदेश की 14 सीटों, हरियाणा की सभी 10 सीटों, बिहार और पश्चिम बंगाल की 08-08 सीटों, ओडिशा की 06 सीटों, झारखंड की 04 सीटों और जम्मू कश्मीर की एक सीट पर मतदान होना है। इससे पहले पांच चरणों में 25 राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों की 543 सीटों में से 428 सीटों पर मतदान पूर्ण कराया जा चुका है। अब 25 मई को छठवें चरण का मतदान पूर्ण होते ही सातवें और अंतिम चरण के लिए 1 जून को मतदान होगा, जिसके बाद 4 जून को चुनाव परिणाम देश के समक्ष होंगे, लेकिन इससे पहले हमारे मर्यादित लोकतंत्र को अमर्यादित बयानों और व्यवहार से किस कदर आहत किया जा रहा है, यह विचारणीय हो जाता है। इसमें शक नहीं कि चुनाव जीतने की खातिर सभी राजनीतिक पार्टियां और नेता साम, दाम, दंड-भेद का प्रयोग तो करते ही हैं, लेकिन इस पर भी ध्यान रखना होता है कि कहीं किसी तरह से मयार्दा रुपी रेखा पार न होने पाए। पर अफसोस कि इस बार कुछ ज्यादा ही मयार्दा की दीवार लांघी गई है, जिसे लेकर चुनाव आयोग को स्टार प्रचारकों और पार्टी के लिए सख्त निर्देश भी जारी करना पड़े हैं। अमर्यादित आचरण के खिलाफ लगातार शिकायतें भी चुनाव आयोग तक पहुंची हैं। इसके बाद ही आयोग ने राजनीतिक दलों के चुनाव स्टार प्रचारकों के बयान पर आपत्ति जताना पड़ी और बुधवार को निर्देश जारी करते हुए कहना पड़ा कि भाषण देते समय संयम बरतें।

## चिंतन-मनन

# संतोष का मार्ग



एक ऋषि अपने शिष्य कपिल के साथ श्रावस्ती नरेश के पास गए। ऋषि से मिलकर नरेश प्रसन्न हुए और उनके आदर-सत्कार में लग गए। इधर कपिल एक सेविका के रूप पर मुग्ध हो गया। उस सेविका ने कपिल से विवाह करने से पहले महंगे कपड़े और गहने मांगे। कपिल यह सब देने में असमर्थ था। सेविका ने इसकी व्यवस्था का तरीका बताते हुए कहा कि जो श्रावस्ती नरेश का प्रातःकाल सर्वप्रथम अभिवादन करता है, उसे वे दो स्वर्ण मुद्राएं प्रदान करते है। कपिल रात बीतने के पहले ही नरेश के शयनकक्ष में घुसने लगा मगर चोर समझकर द्वारपालों ने उसे पकड़ लिया। नरेश के सामने उसने सब बातें सच-सच कह दीं। उसके भोलेपन पर प्रसन्न हो नरेश ने उसकी मुंहमांगी चीज देने का वचन दिया। कपिल ने एक दिन का समय मांगा। सोचने लगा, दो स्वर्ण मुद्राएं तो कम हैं, क्यों न सौ मांग लूं, पर वे भी कितने दिन चलेंगी। उसने पूरा राज्य ही मांग लिया। श्रावस्ती नरेश निःसंतान थे, उन्हें योग्य व्यक्ति की तलाश भी थी। उन्हें कपिल योग्य लगा। वह बोले- तुमने मेरा उद्धार कर दिया। मैं तृष्णा रूपी सर्पिणी के पाश से छूट गया। यह सुनकर कपिल का विवेक जाग्रत हो गया। वह बोला- महाराज, आप जिस दलदल से निकलना चाहते हैं, उसी में मैं गिरना नहीं चाहता। मुझे कुछ नहीं चाहिए। वह ऋषि के पास गया और उनसे सब कुछ कह डाला। ऋषि बोले- कामनाओं का कहीं अंत नहीं होता, इसलिए जितना अपने परिश्रम और ईश्वर कृपा से मिल जाए, उसी में प्रसन्न व संतुष्ट रहना चाहिए।

# मृदुभाषी-अल्पवर्णित वीर माता सुमित्रा

- डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता

एक बार भूपति मन माहीं। भै गलानि मोरे सुत नाहीं।
गुर गृह गयउ तुरत महिपाला। चरन लागि करि। बिनय बिसाला।।

एक बार राजा दशरथजी के मन में बड़ी ग्लानि हुई कि मेरे पुत्र नहीं हैं। राजा तुरन्त ही गुरु वसिष्ठजी के घर गए और चरणों में प्रणाम कर बहुत विनय की। राजा दशरथजी ने अपना सारा दुःख-सुख गुरुजी को सुनाया। गुरु वसिष्ठजी ने उन्हें बहुत प्रकार से समझाया और कहा धैर्य धारण करो, तुम्हारे चार पुत्र होंगे जो तीनों लोकों में प्रसिद्ध और भक्तों के भय को हरने वाले होंगे। मुनि वसिष्ठजी ने श्रृंगी ऋषि को बुलवाया और उनसे शुभ पुत्रकामेष्टि यज्ञ सम्पन्न करवाया। श्रृंगी ऋषि के यज्ञ से अग्रिदेव हाथ में चरू (खीर हविष्यान्न) लिए प्रकट हुए। तब महर्षि वशिष्ठजी ने कहा- हे राजन! तुम जाकर हविष्यान्न (पायस) को जिस रानी को जैसा उचित हो वैसा भाग बनाकर बाँट दो। उसी समय राजा ने अपनी पत्नियों को बुलाया। कौसल्या आदि सब रानियाँ वहाँ चली आईं। राजा ने पायस का आधा भाग कौसल्या को दिया और शेष आधे के दो भाग किए। वह उनमें से एक भाग राजा ने कैकेयी को दिया, शेष जो बच रहा उसके दो भाग हुए और राजा ने उनको कौसल्या और कैकेयी के हाथ पर रख कर अर्थात उनकी अनुमति से और इस प्रकार उनका मन प्रसन्न करके सुमित्रा को दिया।

दीनों पर दया करने वाले कौसल्या के हितकारी कृपालु प्रभु का जन्म हुआ।

कैकयसुता सुमित्रा दोऊ। सुंदर सुत जनमत भैं ओऊ।।
वह सुख संपति समय समाजा। कहि न सकइ सारद अहिराजा।।

कैकेयी और सुमित्रा- इन दोनों ने भी सुन्दर पुत्रों को जन्म दिया। उस सुख सम्पत्ति, समय और समाज का वर्णन सरस्वती और सर्पों के राजा शेषजी भी नहीं कर सकते।

नामकरण-संस्कार का समय जानकर दशरथजी ने ज्ञानी मुनि वसिष्ठजी को बुला भेजा। मुनि वसिष्ठजी ने कहा- हे राजन! इनके अनुपम नाम हैं फिर भी मैं अपनी बुद्धि के अनुसार कहूँगा-

जो आनंद सिंधु सुखरासी। सीकर तें त्रैलोक सुपासी।।
सो सुखधाम राम अस नामा। अखिल लोक दायक बिश्रामा।।

ये जो आनन्द के समुद्र और सुख की राशि है जिस (आनन्द सिन्धु) के एक कण से तीनों लोक सुखी होते हैं, उन (आपके सबसे बड़े पुत्र) का नाम रामइ है जो सुख का भवन और सम्पूर्ण लोकों को शान्ति देने वाला है।

विस्व भरन पोषण कर जोई। ताकर नाम भरत अस होई।।
जाके सुमिरन ते रिपु नासा। नाम सत्रुघ्न बेद प्रकासा।।

जो संसार का भरण-पोषण करते हैं, उन (आपके दूसरे पुत्र) का नाम भरतइ होगा। जिनके स्मरण मात्र से शत्रु का नाश होता है उनका वेदों में प्रसिद्ध शत्रुघ्नइ नाम है।

दो. लच्छन धाम राम प्रिय सकल जगत अधार।
गुरु बसिष्ट तेहि राखा लछिमन नाम उदार।।

जो शुभ लक्षणों के धाम, श्रीरामजी के प्यारे और सारे जगत के आधार है गुरु वसिष्ठजी ने उनका नाम लक्ष्मणइ ऐसा श्रेष्ठ नाम रखा।

राजा दशरथजी की तीन रानियों में सुमित्राजी का चरित्र सबसे अधिक रोचक है क्योंकि वह मानस में अल्पभाषी मृदुभाषी है तथा दूसरी तरफ उनसे वातार्लाप करने वाले पात्र भी बहुत कम है। अल्पभाषी पात्र सुमित्राजी हैं किन्तु वह सूर्यवंश के राजपरिवार की प्रतिष्ठित, स्वाभिमानी और अनेक गुणों से सम्पन्न प्रतिष्ठित नारी भी है। सुमित्राजी का राजा दशरथ से भी वातार्लाप बहुत कम ही पाया गया है। सुमित्राजी दुःख-सुख, हानि-लाभ, संयोग-वियोग और विनोद-विषाद सबको समान समान दृष्टि से देखती है। समता की यही श्रेष्ठ भावना सुमित्राजी को स्वार्थ से एकदम दूर रखती है और सबके साथ सौहार्द्र-मित्रता के सूत्र में बाँधती है। सुमित्राजी ने अपने जीवन में कोई इच्छा प्रकट नहीं की और न कोई महत्वाकांक्षा।

लक्ष्मण को वन में विदा करते समय सुमित्राजी का मुँह मानस में प्रथम बार खुलता दिखाई देता है। इसके पूर्व उन्हें बोलने के अनेक अवसर थे, पर वह हर परिस्थिति में मौन रही। माता सुमित्र-ाजी का प्रथम वातार्लाप श्रीराम के वनगमन के समय पुत्र लक्ष्मण के साथ बड़ा रोचक, शिक्षाप्रद तथा अनुकरणीय है। लक्ष्मणजी ने श्रीरामजी के साथ वन जाने के लिए बड़ा हठ करके अंत में श्रीरामजी को राजी कर लिया किन्तु श्रीराम तो बड़े अनुशासनप्रिय थे अतः लक्ष्मण से कहा कि तुम अपनी माता से मेरे साथ वन चलने की अनुमति प्राप्त कर लो।

मागहु बिदा मातु सन जाई। आवहु बेगि चलहु बन भाई।।
मुदित भए सुनि रघुबर बानी। भयउ लाभ बड़ गइ बडि हानी।।

श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा- हे भाई! जाकर माता से विदा माँग आओ और शीघ्र वन को चलो। रघुकुल में श्रेष्ठ श्रीराम की वाणी सुनकर लक्ष्मणजी आनन्दित हो गए। बड़ी हानि दूर हो गई और बड़ा लाभ हुआ। लक्ष्मणजी बड़े ही उदास मन से माता सुमित्राजी के पास गए और वनगमन की कथा विस्तार से उन्हें सुनाई। लक्ष्मणजी मन ही मन सोच रहे थे कि हे विधाता! माता वन जाने का कहेंगी या नहीं। कैकेयी पर दशरथजी के प्रेम से सुमित्राजी ने अपना सिर धुना तथा अपना कुसमय जानकर भी धैर्य नहीं खोया। बड़े ही प्रेम से उन्होंने लक्ष्मण से कहा-

तात तुम्हारी मातु बैदेही। पिता रामु सब भाँति सनेही।।

हे तात! जानकीजी तुम्हारी माता है और सब प्रकार से स्नेह करने वाले श्रीरामचन्द्रजी तुम्हारे पिता हैं।

एक आदर्श माता के रूप में सुमित्राजी ने लक्ष्मण को अल्प शब्दों में जो शिक्षा दी, वह प्रत्येक माता के लिए अनुकरणीय है।

गुर पितु मातु बंधु सुर साई। सेइअहिं सकल प्रान की नाई।।
रामु प्रानप्रिय जीवन जी के। स्वारथ रहित रखा सबही के।।

गुरु, पिता, माता, भाई, देवता और स्वामी इन सबकी सेवा प्राण के समान करनी चाहिए। फिर श्रीराम तो प्राणों के भी प्रिय हैं, हृदय के भी जीवन हैं और सभी के स्वार्थ रहित सखा है। हे तात! हृदय में ऐसा जानकर उनके साथ वन को जाओ और जगत में जीने का लाभ प्राप्त करो।

लक्ष्मण को माता सुमित्रा द्वारा वचन और कर्म से श्रीसीतारामजी की सेवा करने का उपदेश अत्यन्त ही अनुपम है। वे कहती हैं कि संसार में वही युवती, स्त्री पुत्रवती हैं जिसका पुत्र श्रीरामजी का भक्त हो। नहीं तो जो श्रीराम से विमुख पुत्र से अपना हित जानती है, वह तो बाँझ ही अच्छी। पशु की भाँति उसका ब्याना (पुत्र प्रसव करना) व्यर्थ ही है।

तुम्हरेड्रूह भाग रामु बन जाहीं। दूसर हेतु तात कछु नाहीं।।
सकल सुकृत कर बड़ फलु एहु। राम सीय पद सहज सनेहू।।

सुमित्राजी लक्ष्मण से कहती हैं कि तुम्हारे ही भाग्य से श्रीराम वन को जा रहे हैं। हे तात (पुत्र)! दूसरा और कोई कारण नहीं है। पापियों का भार पृथ्वी पर और भूमि का भार शेषनाग पर है, लक्ष्मण शेषावतार होने के कारण उन्हीं के सिर पर भार है, उसी के उतारने को राम वन में जा रहे हैं, इसलिए तुम्हारे भाग्य खुल गए हैं अथवा तुम वन में उनकी अच्छी भलीभाँति सेवा कर सकोगे इसलिए तुम्हारा बड़ा भाग्य है। सब पुण्यों का यही बड़ा फल है, जो सीताराम के चरणों में स्वाभाविक प्रेम हो। तदनन्तर सुमित्राजी लक्ष्मण को शिक्षा देती हुई कहती हैं- राग, रोष, ईर्ष्या, मद और मोह इनके वश स्वप्न में भी मत होना। सब प्रकार के विकारों का त्याग करके मन, वचन और कर्म से श्रीसीतारामजी की सेवा करना। तुमको वन में सब प्रकार से आराम है, जिसके साथ श्रीरामजी और श्रीसीताजी रूप माता-पिता हैं। हे पुत्र! तुम वही करना, जिससे श्रीरामजी वन में क्लेश न पावे। यही मेरा उपदेश है। हे तात! मेरा यही उपदेश है जिससे वन में तुम्हारे कारण श्रीरामजी और श्रीसीताजी सुख प्राप्त करें और पिता, माता प्रिय परिवार तथा नगर के सुखों की याद भूल जाएं। तुलसीदासजी कहते हैं कि सुमित्राजी ने इस प्रकार हमारे प्रभु लक्ष्मणजी को शिक्षा देकर वन जाने की आज्ञा दी और फिर यह आशीर्वाद दिया कि श्रीसीताजी और श्री रघुनाथजी के चरणों में तुम्हारा निर्मल एवं प्रगाढ़ प्रेम नित-नित नया हो। वह माता सुमित्राजी की सीख-उपदेश, लक्ष्मणजी सुनकर उनके चरणों में सिर नवाकर तुरन्त वहाँ से चल दिए।

# आओ चले माउंट आबू की एक रूहानी यात्रा पर!

- डॉ श्रीगोपाल नारसन



आज सुबह माउंट आबू की धरती पर कदम रखा तो लगा जैसे लंबे गहरे अंधेरे के बाद उजाला हो गया हो। अलसवेरे लगभग तीन बजे आबू रोड रेलवे स्टेशन पर बने ब्रह्माकुमारीज बस स्टैंड पर वही पहले जैसी चहल पहल थी। हालांकि ईश्वरीय सेवा व राजयोग का अभ्यास करने आए यात्रियों की संख्या बड़ी सुबह होने के कारण दिन की अपेक्षा कम थी, लेकिन सभी के चेहरों पर एक असीम सुख व शांति का भाव हमे एहसास करा रहा था कि कि हम परमात्मा के अपने घर ब्रह्माकुमारीज आए है। सबके चेहरे पर एक चमक भी थी ,इस रूहानी यात्रा को लेकर। इनमे अधिकतर ज्ञान सरोवर जा रहे थे,कुछ को शांति वन जाना था।तभी हमारी गाड़ी आ गई और ईश्वरीय सेवा में लगे ब्रह्माकुमार भाई ने हमे दस मिनट में शांतिवन पहुंचा दिया।सुबह साढ़े तीन बजे जब सभी नींद के गहरे आगोश में सोए हो तब भी ब्रह्माकुमारीज में अमृत बेला का योग शुरू हो चुका था। यह वह संस्था है जो अपने राजयोग के माध्यम से दुनियाभर को पवित्रता और शांति देती है। शांतिवन में पहली बार एक कमी खली,जिस दादी जानकी को हम उनकी 104 वर्ष की आयु में भी शक्ति भवन में सबको दुआएं देते देखते थे,उनके परमधाम चले जाने के कारण उनका स्मृति स्थल ही उनकी याद का साक्षी बन गया है। साथ ही जिन हृर्दयमोहिनी दादी जिन्हें प्यार से गुलजार दादी कहते है और जिनके माध्यम से परमात्मा के ईश्वरीय वाक्य सुनकर हम प्रभु मिलन मनाते थे,उनके द्वारा भी शरीर छोड़ देने के कारण उनकी स्मृति भी सदा के लिए यहां स्थापित हो गई।दादी जानकी कहती थी,मैं कौन? मेरा कौन? यानि मैं एक आत्मा और मेरा केवल परमात्मा। बिलकुल वही अनुभूति अमृत बेला में इस धरा पर आकर मुझे हुई। इस यात्रा में मेरे साथ आए सूचना विभाग उत्तराखंड के उपनिदेशक डॉ मनोज श्रीवास्तव, दिव्य हिमगिरि के प्रधान संपादक कुंवर राज आस्थाना, पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर सहारनपुर के अधिकारी प्रवीण कुमार, डाक विभाग में एसपी रहे अरविंद भारद्वाज, पंजाब केसरी के वरिष्ठ पत्रकार अनिल पुंडीर, साधना न्यूज चैनल के प्रदीप कुमार यादव ,नई दिल्ली से ललिता सहरावत आदि ने ब्रह्माकुमारीज के द्वारा संसार मे शांति स्थापना, चरित्र निर्माण और मूल्यपरक शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए संस्था की प्रशंसा की। दुनिया को शांति,एकता व सम्रद्धि के सूत्र में पिरोने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने हमेशा नैतिकता को अपनाकर ईश्वरीय पथ पर चलने की सीख दी है।दादी जानकी कहा करती थी, परमात्मा मेरा शिक्षक, सद्गुरु, सखा, माता और पिता भी है। मैं सदा याद रखती हूं, मैं कौन (आत्मा) और मेरा कौन (परमात्मा)। हम सभी एक पिता की संतान हैं। आपस में भाई-बहन हैं। इसी स्वमान में सदा मग्न रहती हूं। यदि जीवन में प्रेम और सच्चाई है तो खुशी अपने आप आ जाएगी। सदा खुश रहो, आबाद रहो। ब्रह्माकुमारी संगठन की ओर से नारी शक्ति के सम्मान में जो कार्य किया रहा है ,उस पर आज नही तो कल एक इतिहास लिखा जाएगा। क्योंकि भारत की पहचान उसकी भौगोलिकता, देश के नाम व सीमा से नहीं है बल्कि भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिकता से है। ब्रह्माकुमारीज के आश्रमो में जाकर आध्यात्मिक ऊर्जा, उत्साह, शान्ति, सदभाव का प्रेरणादाई अनुभव होता है।

यह संस्था विश्व के 140 देशों में चेतना जागृति, ध्यान, आत्म सशक्तिकरण, राजयोग मेडिटेशन का कार्य अनवरत कर रही है।यह कार्य साधारण नहीं है, इसी लिए इसे परमसत्ता का कार्य ही कहा जा सकता है। परमसत्ता की सच्चाई अविभाज्य है। आंतरिक भाव से ही सत्य को खोजा जा सकता है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी आदि ने अपने- अपने तरीके से सत्य की खोज की। भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध दिया है ओर यही सुखद सीख ब्रह्माकुमारीज भी दे रही है। ब्रह्माकुमारीज जो मानव जाति के चारित्रिक उत्थान, आध्यात्मिक विकास और संपूर्ण के कल्याण के लिए कार्य कर रही है, मीडिया उसे लोगों को बताए,तो लोग सुधरेंगे ओर बताए मार्ग की ओर अग्रसर होंगे। भारत ही है जो संपूर्ण विश्व में शांति, सद्भाव और समृद्धि का संदेश दे रहा है। भारत का विश्व में मान-सम्मान बढ़ रहा है। महात्मा गांधी ने भी वर्षों पहले विश्वभर में शांति और अहिंसा का संदेश दिया था, जिसे आज भी दुनिया मानती है। शांति, सद्भाव, नैतिकता, परोपकार, सतकर्म तो हमारी संस्कृति रही है। सदियों से भारत विश्व में आध्यात्म की गंगा बहा रहा है। भारत विश्वगुरु था और फिर से बनने जा रहा है। इसमें ब्रह्माकुमारीज संस्थान की अहम भूमिका है। क्योंकि यह संस्था न केवल भारत बल्कि विश्व के 140 देशों में आध्यात्म की अनूठी अलख जगा रही है। संस्था से जुड़कर लाखों युवा भाई-बहनें लोगों को आध्यात्मिकता अपनाने का संदेश दे रहे हैं। लाखों परिवार तन-मन-धन से इस कार्य को आगे बढ़ाने में समर्पित रूप से जुटे हुए हैं।नए उत्साह, नई उमंग,नए जोश के साथ युग परिवर्तन की ओर बढ़ रही राजयोगिनी बीके रतनमोहिनी दादी के नेतृत्व में संस्था का मिडियविंग एक बार फिर से ज्ञान सरोवर में राष्ट्रीय मीडिया सेमिनार का यज्ञ रच रहा है,जिसमे आहुति डालने के लिए देश विदेश से बड़ी संख्या में मीडिया के भाई बहन आए है,जिनका सम्मान स्वागत सत्र के माध्यम से किया गया है।

# खुले में काम करने वाले श्रमिक और चिलचिलाती धूप

- कुमार कृष्णन

पूरे भारत में चुनावी गर्मी जोर पकड़ चुकी है, जो हम सभी को साफ-साफ दिखाई भी दे रही है। हालाँकि, एक और गर्मी है जो नागरिकों, विशेष रूप से करोड़ों खुले में काम करने वाले श्रमिकों को प्रभावित करती है, यह न तो चुनावी मुद्दा है और न ही इस पर सामाजिक रूप से पर्याप्त ध्यान दिया जाता है। भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों हिस्सों में मेहनतकश लोग, जो चिलचिलाती धूप में भी हमारे गाँवों और शहरों के लिए अनाज पैदा करते हैं, हर तरह का निर्माण कार्य करते हैं, शहरों व गांवों को चलाते हैं, हमें विभिन्न प्रकार की सेवाएँ प्रदान करें, लेकिन इसी वर्ग का अभी तक मुख्यधारा के जलवायु न्याय और नीतिगत विमर्श में पर्याप्त रूप से प्रतिनिधित्व नहीं किया गया है। एनएपीएम ने इसे एक गंभीर मुद्दे को उजागर करने की उम्मीद करते हैं जो कि अधिकारियों और बड़े पैमाने पर समाज की ओर से तत्काल कार्रवाई किये जाने का हकदार है। पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने चेतावनी दी है कि हर साल कम से कम 70% श्रमिक अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आते हैं और उन्हें इस तीव्र गर्मी में काम करना पड़ता है । 2000 से 2020 तक अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने वाले श्रमिकों की संख्या में कम से कम एक तिहाई बढ़त हुई है। इस वृद्धि का कारण ग्लोबल वार्मिंग और हर साल कार्यबल में शामिल होने वाले श्रमिकों की संख्या में वृद्धि है। अनौपचारिक और बाहरी श्रमिकों की बहुत अधिक संख्या के साथ-साथ, इस वर्ष भारत में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसका हमारे श्रमिकों के स्वास्थ्य और आजीविका पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। सरकारी आंकड़ों में कहा गया है कि 2023 की पहली छमाही में गर्मी के कारण 252 लोगों की मौत हो गई। इस वर्ष भीषण गर्मी के कारण यह संख्या अधिक होने की संभावना है। ग्रामीण श्रमिकों में खेत मजदूर, नरेगा श्रमिक सबसे असुरक्षित हैं जबकि निर्माण मजदूर दूसरी सबसे कमजोर श्रेणी हैं जो मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में गर्मी के संपर्क में आते हैं। ह्लहीट आइलैंड प्रभावह्व, जो मानवीय गतिविधियों के कारण शहरों में स्थानीय रूप से निर्मित अत्यधिक गर्मी है, बाहरी श्रमिकों की परेशानियों को बढ़ाता है। गर्मी से संबंधित बीमारियों के खतरे में अन्य बाहरी श्रमिक जैसे खनन श्रमिक, देहाढ़ी मजदूर, परिवहन कर्मचारी, गिग श्रमिक, सड़क विक्रेता, स्वच्छता कर्मचारी, कचरा बीनने वाले श्रमिक, हमाल श्रमिक, मछुआरे, नमकदान श्रमिक आदि शामिल हैं। शोधकताओं ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर अंदर काम करने वाले श्रमिकों को ऐसे स्थानों में काम करना पदे, जहां उचित वेंटिलेशन ना हो और गरमी ज्यादा हो, तो वे भी गर्मी से संबंधित बीमारियों के खतरे में हो सकते हैं। इस प्रकार, छोटे कारखानों के श्रमिक, घर-आधारित श्रमिक और घरेलू कामगार भी अत्यधिक गर्मी के प्रभाव के जोखिम में होते हैं। महिला श्रमिकों को पुरुषों की तुलना में अधिक जोखिम होता है, क्योंकि वे अधिक सीमित और बंद जगहों में काम करती हैं, चाहे वह बाहरी काम हो या घर का काम। बड़ी संख्या में बाहरी श्रमिक अक्सर दलित, बहुजन, आदिवासी, विमुक्त, अल्पसंख्यक समुदायों सहित सामाजिक रूप से हाशिए पर रहने वाले समूहों से संबंधित होते हैं। आईएएनओ हमें यह सलाह देता है कि श्रमिकों और कार्यस्थलों को क्लाइमेट चेंज एक्शन के केंद्र में होना चाहिए। विशेष रूप से, हीट एक्शन योजनाओं में श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज का दिन सम्मान से भरा होगा और हर कार्य सरलता से पूर्ण होने पर आपका मन प्रसन्न होगा। | **तुला** आज का दिन प्रभावशाली होगा और आपको हर मामले में लाभ होने के योग हैं। |
| **वृषभ** आज भाग्य साथ दे रहा है और आप कारोबार में कुछ नई योजनाओं पर काम कर सकते हैं। | **वृश्चिक** आज लाभ होगा। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। |
| **मिथुन** दिन क्रिएटिविटी से भरा होगा और आज आपको कोई रुका कार्य पूरा करने में दूसरों से मदद मिलेगी। | **धनु** आज करियर के मामले में लाभ होगा। बस आपको थोड़ा सा सतर्कता से काम करने की जरूरत है। |
| **कर्क** आज का दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा। आप जो भी काम मेहनत के साथ करेंगे। | **मकर** आज आपको सफलता मिलेगी। मुनाफा अच्छा होने से आपका काम अच्छा चलेगा। |
| **सिंह** करियर के मामले में लाभ होगा और बेहतर होगा कि आज का दिन सावधानी और संयम के साथ बिताएं। | **कुंभ** करियर के मामले में लाभ होगा। मौसम में हो रहे बदलाव से सावधान रहने की जरूरत है। |
| **कन्या** आज का दिन व्यस्तता से भरा होगा और आपको कुछ जरूरी कार्य पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। | **मीन** आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से आपको लाभ होगा। |

## विशेष

# रावण का वध कर भगवान बने राम

भाजपा को दिल्ली में हराकर केजरीवाल बने पहलवान राजा। राम से भगवान राम बनने के पीछे, उस समय के सबसे शक्तिशाली रावण का वध करके, भगवान राम बनने की कहानी सबको मालूम है। भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी और शक्तिशाली पार्टी है। दिल्ली में तीन विधानसभा चुनाव, दिल्ली महानगरपालिका के चुनाव हराकर भाजपा को कड़ी चुनौती दी।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भाजपा राजनीति का पहलवान बनने पर तुली हुई है। मुख्यमंत्री निवास पर सीबीआई,ईड़ी सभी ने छापे डाले। विधायकों को जेल भेजा, मंत्रियों को जेल भेजा, केजरीवाल को भी जेल भेज दिया। फिर भी केजरीवाल डटे हुए हैं। अब दिल्ली की पुलिस मुख्यमंत्री निवास में घुस गई,जहां के वह मुख्यमंत्री हैं। स्वाति मालीवाल और दिल्ली की पुलिस ने सीएम हाउस में पहुंचकर मारपीट का सीन रिक्रिएट किया। आम आदमी पार्टी का विभीषण अब भाजपा के साथ है। इसके बाद भी केजरीवाल जमे हुए हैं। केजरीवाल की कोई हैसियत नहीं थी। केजरीवाल ने भाजपा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के छक्के छुड़ा दिए हैं। दुनिया में केजरीवाल की ताकत और भाजपा की नाकामी चर्चा का विषय बनी हुई है। रही सही कसर लोकसभा के चुनाव पूरे कर देंगे।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1617: जहांगीर ने मेहरूनिसा से निकाह किया था. 1845: कैंटन चीन में सिनेमा गृह में अग्निकांड से ,670 लोग मरे. 1877: स्ट्रीमर एस.एस.सर जान नारिस उड़ीसा के पास समुद्र में 732 व्यक्तियों सहित डूब गया. 1886: क्रांतिकारी रास बिहारी बोस का जन्म हुआ था. 1899 : कवि नजरूल इस्लाम का जन्म हुआ. 1924: बंगाल के प्रसिद्ध शिक्षा शास्त्री आशुतोष मुखर्जी का निधन हुआ. 1963: छह अफ्रीकी देशों ने अफ्रीकी एकता संगठन की स्थापना की. 1969: सूडान में सेना ने सत्ता पर कब्जा कर लिया. 1979 : अमरीकी विमान दुर्घटना में शिकागो के हवाई अड्डे पर 272 यात्री मारे गए. 1983: नील नदी में एक यात्री जहाज में आग लगने से 194 यात्री मारे गए और 68 अन्य लापता हो गए. 1998: प्रसिद्ध संगीतकार लक्ष्मीकांत का ६१ वर्ष की आयु में निधन.

## दैनिक पंचांग

**25 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**शनिवार** 2024 वर्ष का 146 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख)
**तिथि** द्वितीया 18.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा 10.36 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 10.06 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 07.16 बजे तदनन्तर गर 18.59 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 00'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871990
**जूलियन दिन** 2460455.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 16

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.40 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कर्क | 08.53 बजे से |
| मंगल | मीन में | सिंह | 11.09 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 13.21 बजे से |
| गुरु | वृष में | तुला | 15.32 बजे से |
| शुक्र | वृष में | वृश्चिक | 17.47 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 20.03 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 22.08 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 23.54 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 01.27 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मेष | 02.58 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 04.38 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### शाही सियासत



**प्रदेश की सत्ता में इनकी पकड़ कायम है। कई पूर्व राजपरिवार तो ऐसे हैं, जिनके हिसाब से पार्टियां टिकट तय करती है। हालांकि इन पूर्व राजपरिवारों के सदस्य खुद चुनावी राजनीति में सक्रिय नहीं है, लेकिन मतदाताओं में अब भी इनका प्रभाव है। वहीं कुछ पूर्व राजपरिवारों के सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं। बड़ा सच यह भी है कि इनकी आस्था समय के साथ बदलती रही है। आजादी के बाद प्रदेश के अधिकांश पूर्व राजपरिवारों ने पहले स्वतंत्र पार्टी को समर्थन दिया तो बाद में भाजपा और कांग्रेस के साथ होते गए।**

# कायम है राजपरिवारों का सियासी प्रेम



(नरेन्द्र शर्मा)

आजादी के बाद देश के अन्य राज्यों की तरह राजस्थान के पूर्व राजपरिवारों की सत्ता लोकतांत्रिक सरकारों के हाथों में है लेकिन अब भी करीब एक दर्जन पूर्व राजपरिवार ऐसे हैं जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से राजस्थान की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रदेश की सत्ता में इनकी पकड़ कायम है। कई पूर्व राजपरिवार तो ऐसे हैं, जिनके हिसाब से पार्टियां टिकट तय करती हैं। हालांकि इन पूर्व राजपरिवारों के सदस्य खुद चुनावी राजनीति में सक्रिय नहीं हैं, लेकिन मतदाताओं

### विधायक से सीएम बने राजघराने के दिग्गजों को ...

में अब भी इनका प्रभाव है। वहीं कुछ पूर्व राजपरिवारों के सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं। बड़ा सच यह भी है कि इनकी आस्था समय के साथ बदलती रही है। आजादी के बाद प्रदेश के अधिकांश पूर्व राजपरिवारों ने पहले स्वतंत्र पार्टी को समर्थन दिया तो बाद में भाजपा और कांग्रेस के साथ होते गए।

- **गायत्री देवी ने मजबूत की थी स्वतंत्र पार्टी की जड़ें-** पूर्व राजपरिवारों की आस्था समय के साथ बदलती रही है। जयपुर की पूर्व दिवंगत राजमाता गायत्री देवी स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर 1962, 1967 और 1971 में सांसद बनी। हालांकि 1971 के बाद उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया। प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ स्वतंत्र पार्टी की जड़ें मजबूत करने में गायत्री देवी की बड़ी भूमिका रही।
- **डिप्टी सीएम दीया कुमारी भी राज परिवार से-** गायत्री देवी के पुत्र दिवंगत भवानी सिंह ने 1989 में जयपुर से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा पर जीत नहीं पाए। भवानी सिंह पुत्री दीया कुमारी वर्तमान में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री हैं। इससे पहले वे एक बार सवाईमाधोपुर से विधायक और राजसमंद से सांसद रह चुकी हैं।
- **धौलपुर राजपरिवार से वसुंधरा का नाता-** धौलपुर पूर्व राजपरिवार की सदस्य वसुंधरा राजे दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं। वर्तमान में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा झालावाड़ से पांच बार सांसद निर्वाचित हुई। खुद प्रदेश की राजनीति में सक्रिय हुई तो पुत्र दुष्यंत सिंह को लोकसभा का चुनाव लड़वाया। चार बार सांसद रहे दुष्यंत पांचवी बार भी मैदान में हैं।
- **सियासत में कोटा राजपरिवार-** अलवर के पूर्व राजपरिवार की सदस्य महेंद्र कुमारी भाजपा के टिकट पर एक बार सांसद रहीं, लेकिन उनके पुत्र जितेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल होकर दो बार सांसद बने। अभी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हैं।

कोटा पूर्व राजपरिवार के सदस्य बृजराज सिंह दो बार भाजपा के टिकट पर सांसद रहे। उनके बेटे इज्येराज सिंह भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते। वर्तमान में उनकी पत्नी कल्पना देवी भाजपा की विधायक हैं।


- **पांच बार सांसद रहे करणी सिंह-** बीकानेर पूर्व राजपरिवार के करणी सिंह पांच बार सांसद रहे, वर्तमान में उनकी पौत्री सिद्धी कुमारी विधायक हैं। भरतपुर पूर्व राजपरिवार के विश्वेंद्र सिंह पहले भाजपा में रहे और फिर कांग्रेस से विधायक बन कर अशोक गहलोत सरकार में मंत्री थे।

विश्वेंद्र सिंह की पत्नी दिव्या सिंह भाजपा से सांसद रही हैं। विश्वेंद्र सिंह के दिवंगत चाचा मानसिंह निर्दलीय विधायक रहे और उनकी चचेरी बहन कृष्णेंद्र कौर भाजपा से विधायक व वसुंधरा सरकार में मंत्री रही हैं।

- **राजनीति में ये राजपरिवार भी-** जोधपुर पूर्व राजपरिवार की सदस्य चंद्रेश कुमारी कांग्रेस से सांसद रही हैं। डूंगरपुर पूर्व राजपरिवार के सदस्य हर्षवर्धन सिंह भाजपा से राज्यसभा सांसद थे। उदयपुर पूर्व राजपरिवार के महाराणा महेंद्र सिंह पहले सांसद रहे तो वर्तमान में उनके पुत्र विश्वराज सिंह विधायक हैं।खींवसर पूर्व राजपरिवार के सदस्य गजेंद्र सिंह प्रदेश की भाजपा सरकार में चिकित्सा मंत्री हैं। इससे पहले डूंगरपुर,बांसवाड़ा और सीकर के पूर्व राजपरिवारों ने भी समय-समय पर पार्टियों के प्रति अपनी आस्था बदली है।

### इनका भी है महत्व

जोधपुर के पूर्व महाराजा गजसिंह राजनीति में सक्रिय नहीं हैं लेकिन लोकसभा व विधानसभा चुनाव में उनकी निर्णायक भूमिका रहती है। पार्टियां टिकट तय करते समय उनकी सलाह को महत्व देती हैं। वहीं मतदाता भी उनके प्रति आस्था रखते हैं।



# कैसे खड़ी हो पाएगी कांग्रेस?

**गौरव वल्लभ से पहले टीवी डिबेट्स पर कांग्रेस का दमदार पक्ष रखने वाले जयवीर शेरगिल और शहजाद पूनावाला बीजेपी में शामिल हो चुके हैं, और अब उसके पक्ष में बाते करते हैं। इन तीनों ही नेताओं की गिनती टीवी डिबेट्स पर बीजेपी नेताओं से कठिन सवाल वाले प्रवक्ताओं में होती थी। गुरुवार को बीजेपी में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत में गौरव वल्लभ ने कहा कि वह सनातन विरोधी नारे नहीं लगा सकते हैं और वेल्थ क्रिएटर्स को गाली नहीं दे सकते। आपको बता दें कि कांग्रेस में अपनी पारी के दौरान गौरव वल्लभ ने झारखंड और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।**

### 'स्टैंड' रखने वाले ही छोड़ रहे पार्टी

टीवी चैनलों पर कांग्रेस पार्टी का पक्ष रखने वाले गौरव वल्लभ गुरुवार को बीजेपी में शामिल हो गए। वैसे तो बीजेपी लगातार कांग्रेस पार्टी के नेताओं को तोड़कर उसे हर लेवल पर झटके दे रही है लेकिन अब गौरव वल्लभ को अपने साथ मिला भगवा खेमे ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि वो विरोधियों को कहीं भी दमदार तरीके से खुद को अपना स्टैंड (पक्ष) नहीं रखने देगी। गौरव वल्लभ से पहले टीवी डिबेट्स पर कांग्रेस का दमदार पक्ष रखने वाले जयवीर शेरगिल और शहजाद पूनावाला बीजेपी में शामिल हो चुके हैं, और अब उसके पक्ष में बाते करते हैं। इन तीनों ही नेताओं की गिनती टीवी डिबेट्स पर बीजेपी नेताओं से कठिन सवाल वाले प्रवक्ताओं में होती थी। गुरुवार को बीजेपी में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत में गौरव वल्लभ ने कहा कि वह सनातन विरोधी नारे नहीं लगा सकते हैं और वेल्थ क्रिएटर्स को गाली नहीं दे सकते। आपको बता दें कि कांग्रेस में अपनी पारी के दौरान गौरव वल्लभ ने झारखंड और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### रीता बहुगुणा जोशी से शुरू हुआ सिलसिला



गौरव वल्लभ से पहले साल 2022 में जयवीर शेरगिल बीजेपी में शामिल हुए थे। वह लगभग एक दशक तक कांग्रेस में रहे। गौरव वल्लभ से पहले साल 2016 में रीता बहुगुणा जोशी बीजेपी में शामिल हुई थीं। साल 2019 में प्रियंका चतुर्वेदी शिवसेना में शामिल हो गई थीं।

### क्यों कांग्रेस छोड़ रहे प्रवक्ता?

कांग्रेस छोड़ने वाले ज्यादातर प्रवक्ताओं ने पार्टी छोड़ने की वजह लीडरशिप द्वारा अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं से दूरी को बताया। शेरगिल ने कहा कि उन्होंने करीब एक साल तक गांधी परिवार से मुलाकात की कोशिश की। पूनावाला ने कहा कि उन्हें वंशवाद के खिलाफ बोलने के लिए मना किया गया। इससे पहले उन्होंने राहुल गांधी को कांग्रेस के लिए उनके दृष्टिकोण पर एक टीवी बहस की चुनौती दी थी। उन्होंने कहा, हमारा मूल्यांकन योग्यता के आधार पर किया जा सकता है, सरनेम के आधार पर नहीं। रीता बहुगुणा जोशी ने पार्टी छोड़ते समय कहा था कि सोनिया गांधी सीनियर नेताओं की सुनती थीं और उन्हें काम करने के लिए फ्री हैंड देती थी लेकिन राहुल गांधी की लीडरशिप में ऐसा नहीं होता। प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के कुछ नेताओं पर गलत व्यहार के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि उन्हें उम्मीद थी कि कांग्रेस उन्हें दूसरा मौका देगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### कांग्रेस के नैरेटिव को लगा झटका

गौरव वल्लभ के जाने से कांग्रेस के पीआर कैंपेन को बड़ा झटका लगा है। यह झटका इसलिए और भी बड़ा है क्योंकि कांग्रेस सुप्रिया श्रीनेता वैसे भी कंगना रनौत पर पोस्ट को लेकर आलोचना झेल रही हैं। इससे पहले पवन खेड़ा भी पीएम मोदी और रणदीप सुरजेवाला हेमा मालिनी को लेकर अपने बयान के कारण विवादों में रह चुके हैं।



# बीजेपी अलग नहीं

## राजघरानों को मिल रही खास तवज्जो, हाथों-हाथ दिए टिकट

लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी 370 सीटें जीतने का दावा कर रही है। इस संख्या को पाने के लिए बीजेपी कई रणनीतियों पर काम कर रही है। इन्हीं रणनीतियों में से एक है जिताऊ उम्मदीवारों को सियासी रण में उतारना। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 में राजघरानों से संबंध रखने वाले 10 से ज्यादा प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है।

ओडिशा में बीजेपी ने राजघरानों से संबंध रखने वाले दो लोगों को अपना प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी ने पटनागढ़-बोलांगीर से लोकसभा सीट संगीता कुमारी सिंह और कालाहांडी लोकसभा सीट से मालविका केशरी देव को टिकट दिया है।

संगीता की शादी कनकवर्धन सिंह देव से हुई है। उनका परिवार लंबे समय से सियासत से जुड़ा हुआ है। कनकवर्धन के दादा राजेंद्र नारायण सिंह देव स्वतंत्रता पार्टी के सदस्य थे। वह 1967 में एंटी कांग्रेस वेव के दौरान राज्य के सीएम बने। संगीता बोलांगीर से बीजेपी के मौजूदा सांसद हैं। वह 1998,1999 और 2004 में चुनाव जीत चुकी हैं। हालांकि उन्हें 2014 और 2009 में अपने पति के चचेरे भाई और बीजद प्रत्याशी कलीकेश सिंह देव से हार का सामना करना पड़ा।

**संगीता की शादी कनकवर्धन सिंह देव से हुई है। उनका परिवार लंबे समय से सियासत से जुड़ा हुआ है। कनकवर्धन के दादा राजेंद्र नारायण सिंह देव स्वतंत्रता पार्टी के सदस्य थे। वह 1967 में एंटी कांग्रेस वेव के दौरान राज्य के सीएम बने। संगीता बोलांगीर से बीजेपी के मौजूदा सांसद हैं। वह 1998,1999 और 2004 में चुनाव जीत चुकी हैं। हालांकि उन्हें 2014 और 2009 में अपने पति के चचेरे भाई और बीजद प्रत्याशी कलीकेश सिंह देव से हार का सामना करना पड़ा।**

दूसरी तरफ मालविका के पति अर्का केशरी देव पहले बीजद में थे। इन दोनों ने सितंबर 2013 में बीजेपी की सदस्यता ली। अर्का कालाहांडी रियासत के प्रमुख प्रताप केशरी देव के पोते हैं। वह साल 2014 में कालाहांडी से चुनाव जीत चुके हैं। इससे पहले 1957, 1962, 1967 और 1971 में प्रताप केशरी इस सीट से स्वतंत्रता पार्टी के टिकट पर सांसद चुने गए। वह 1977 में निर्दलीय चुनाव जीते थे।

**राजस्थान में राजपरिवारों को दो टिकट-** बात अगर राजस्थान की करें तो यहां बीजेपी ने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। वह झालावार - बारा लोकसभा सीट से चार बार के सांसद हैं। वसुंधरा सिंधिया राजघराने से संबंध रखती हैं। राजस्थान में बीजेपी ने राजसामंद सीट से मेवाड़ राजघराने की महिमा को टिकट दिया है। महिमा के पति विश्वराज सिंह नाथद्वारा से विधायक हैं। राजसामंद से पहले दिया कुमारी सांसद थीं। अब वह



राजस्थान की डिप्टी सीएम हैं।

एमपी में बीजेपी ने गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया को टिकट दिया है। पंजाब में पटियाला से परनीत कौर को उतारा गया है। वह पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं। परनीत 1999 से 2014 तक कांग्रेस के टिकट पर पटियाला से सांसद थी। साल 2014 में वह आम आदमी पार्टी क धर्मवीर गांधी से चुनाव हार गईं। हालांकि साल 2019 में वह डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से यहां से जीतने में सफल रहीं।



**पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में भी रॉयल ब्लड चुनाव मैदान में-** पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने कृष्णानगर लोकसभा सीट से राजमाता अमृता रॉय को टिकट दिया है। उनके सामने टीएमसी की महुआ मोइत्रा हैं। कर्नाटक में बीजेपी में मैसूरु लोकसभा सीट पर प्रताप सिम्हा की जगह यदूवीर कृष्णदत्त चामराजा वडियार को टिकट दिया है। वह मैसूर राजपरिवार से संबंध रखते हैं।

इसी तरह उत्तराखंड में बीजेपी ने टिहरी गढ़वाल से माला राज्य लक्ष्मी शाह पर दोबारा भरोसा जताया है। वह काठमांडू में पैदा हुई थीं और उनकी शादी टिहरी गढ़वाल के महराजा मनुजेंद्र शाह साहिब बहादुर से हुई। लक्ष्मी शाह के ससुर मानबेंद्र शाह कांग्रेस के टिकट पर 1957, 1962, 1967 में सासंद चुने गए। इसके बाद वह 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 में बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीते।

नॉर्थ ईस्ट के राज्य त्रिपुरा में ईस्ट त्रिपुरा लोकसभा सीट पर बीजेपी ने महारानी कीर्ति सिंह देबबर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। वह त्रिपुरा के माणिक्य वंश से संबंध रखती हैं और उनकी शादी छत्तीसगढ़ के कवर्धा के राजपरिवार में हुई है।



# ब्रह्मा जी ने दिया था शाप पुष्य नक्षत्र में नहीं होतीं शादियां

**जिस तरह अक्षय तृतीया के पूरे दिन शुभ योग और मुहूर्त रहता है उसी तरह पुष्य नक्षत्र के दौरान शुभ समय माना जाता है, परंतु इस शुभ समय में भी क्यों नहीं होतीं है शादियां? क्या है इसके पीछे का कारण? उल्लेखनीय है कि इसी दिन वरियान योग के साथ ही सर्वार्थसिद्धि और अमृतसिद्धि योग भी रहेगा। इसी के साथ ही शुभकर्तरी, वरिष्ठ, भास्कर, उभयचरी, हर्ष, सरल और विमल नाम के राजयोग भी बनेंगे।**

## विवाह के लिए वर्जित है पुष्य नक्षत्र

विदवानों का मानना है कि इस दिन विवाह नहीं करना चाहिए क्योंकि पुष्य नक्षत्र को ब्रह्माजी का श्राप मिला हुआ है, इसलिए यह नक्षत्र विवाह हेतु वर्जित माना गया है। इसके साथ ही पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र भी विवाह हेतु उचित नहीं है।
कथा के अनुसार ब्रह्माजी ने अपनी पुत्री शारदा का विवाह गुरु पुष्य के साथ करने का प्रण किया। परंतु ब्रह्माजी स्वयं ही आसक्त हो गए और उन्होंने गुरु पुष्य को शाप देकर विवाह के लिए परित्यक्त कर दिया।

## उत्पातकारी

बुधवार और शुक्रवार के दिन पड़ने वाले पुष्य नक्षत्र उत्पातकारी भी माने गए हैं। अत- इस दिन कोई भी शुभ या मंगल कार्य ना करें और ना ही कोई वस्तु या वाहन खरीदें।

## नए आभूषण

मुहूर्त चिंतामणि नक्षत्र प्रकरण ग्रंथ के श्लोक 10 के अनुसार, पुष्य, पुनर्वसु और रोहिणी इन तीन नक्षत्रों में सधवा स्त्री नए स्वर्ण आभूषण और नए वस्त्र धारण नहीं करें, ऐसा लिखा है। मतलब यह कि इस दिन संभवत- स्वर्ण तो खरीदा जा सकता है लेकिन पहना नहीं जा सकता?



# भगवान कार्तिकेय के नाम पर है स्कंदमहापुराण

**हिंदू धर्म ग्रंथों में स्कंदपुराण को महापुराण कहा जाता है। पुराणों के क्रम में इसका तेरहवां स्थान है इसके खंडात्मक और संहितात्मक उपलब्ध दो रूपों में से प्रत्येक में 81 हजार श्लोक हैं। इस पुराण का नाम भगवान शंकर के बड़े पुत्र कार्तिकेय के नाम पर है। कार्तिकेय का ही नाम स्कन्द है। इस पुराण में काशीखंड, महेश्वर खंड, रेवाखंड, अवन्तिका खण्ड, प्रभास खण्ड, ब्रह्म खण्ड और वैष्णव खण्ड आदि कुल सात खंड है। कुछ विद्वान छह खंड बताते हैं।**

**शंकरजी होते हैं प्रसन्न** : स्कंद पुराण का पाठ करने से भगवान शंकर प्रसन्न होते हैं। स्कंद पुराण की महाकाल कथा में इसका वर्णन मिलता है। इसमें 12 ज्योर्तिलंगों की उत्पत्ति का वर्णन भी है।
**प्रदोष व्रत का महत्व** : स्कंद पुराण में प्रदोष व्रत के महामात्य का वर्णन मिलता है। इस व्रत को करने से सभी तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। इसमें एक विधवा ब्राह्मणी और शांडिल्य ऋषि की कथा के माध्यम से इस व्रत की महिमा का वर्णन मिलेगा।
**गृहस्थ जीवन** : जीवितं च धनं दारा पुत्राः क्षेत्र गृहाणि च। याति येषां धर्माकृते त भुवि मानवाः - स्कंदपुराण
अर्थात- मनुष्य जीवन में धन, स्त्री, पुत्र, घर-धर्म के काम, और खेत- ये 5 चीजें जिस मनुष्य के पास होती हैं, उसी मनुष्य का जीवन इस धरती पर सफल माना जाता है।
**वैशाख मास का महत्व** : स्कंद पुराण के वैष्णव खंड अध्याय 4 में वैशाख मास के महामात्य का विस्तार से वर्णन मिलता है। इसके श्लोक 34 के अनुसार इस मास में तेल लगाना, दिन में सोना, कांसे के बर्तन में भोजन करना, दो बार भोजन करना, रात में खाना आदि वर्जित माना गया है। वैशाख के माह में पवित्र नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। स्कंदपुराण में उल्लेख है कि महीरथ नाम के राजा ने केवल वैशाख स्नान से ही वैकुण्ठधाम प्राप्त किया था। इस माह में पंखा, खरबूजा, अन्य फल, अनाज, जलदान, प्रदोष व्रत, स्कंद पुराण का पाठ करने का महत्व है।
वैशाखे मेषगे भानौ प्रातःस्नानपरायणः ।।
अर्घ्यं तेहं प्रदास्यामि गृहाण मधुसूदन ।।
**श्रद्धा एवं मेधा का महत्व** : संक्षिप्त स्कन्दपुराण के वैष्णवखण्ड-कार्तिकमास-माहात्म्य के अनुसार ब्रम्हाजी कहते हैं कि इस पृथ्वी पर श्रद्धा एवं मेधा ये दो वस्तुएं ऐसी हैं जो काम, क्रोध आदि का नाश करती हैं।
**चंद्र कथा** : इस पुराण में सोमदेव, तारा, उनके पुत्र बुध की उत्पत्ति की कथा, 27 नक्षत्रों का वर्णन भी मिलती है। इस कथा के श्रवण से पाप और रोगों का नाश होता है।
**तारकासुर वध कथा** : यह शैव संप्रदाय का पुराण है जिसमें शिवपुत्र स्कन्द द्वारा तारकासुर के वध की कथा का वर्णन मिलता है। इस कथा के श्रवण और भगवान स्कद की पूजा से सभी क्षेत्र में विजयी प्राप्त होती है।
**समुद्र मंथन कथा** : इस पुराण में समुद्र मंथन की कथा भी है। कहते हैं जो यह कथा सुनता है उसे आयोग्य और लक्ष्मी की प्राप्त होती है।
**गंगा अवतरण कथा** : इस पुराण में 18 नदियों सहित गंगा अवतरण की कथा का वर्णन भी है। मोक्षदायीनी गंगा की कथा सुनने से व्यक्ति के सारे पापों का नाश हो जाता है।
**सती दाह कथा** : इसी पुराण में सती दाह कथा और शक्तिपीठों का वर्णन मिलता है। सती दाह कथा का श्रवण करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके अलावा स्कंद पुराण में धर्म ज्ञान और नीतियों से संबंधित कई बातें बताई गई हैं जिसे जानकर व्यक्ति का मन निर्मल होकर सद्कर्मों में लगता है और जीवन सफल हो जाता है।






# गाय, कुत्ते और पक्षियों को पानी पिलाने से खुल जाते हैं किस्मत के दरवाजे

**हिन्दू धर्म में कुछ पशु और पक्षियों को बहुत ही शुभ माना जाता है। मान्यता के अनुसार इन्हें अन्न और जल देने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। प्रत्येक हिन्दू घर में जब भोजन बनता है तो पहली रोटी गाय के लिए और अंतिम रोटी कुत्ते के लिए होती है। भोजन करने के पूर्व अग्नि को उसका कुछ भाग अर्पित किया जाता है जिसे अग्निहोत्र कर्म कहते हैं। प्रत्येक हिन्दू को भोजन करते वक्त थाली में से 3 ग्रास (कोल) निकालकर अलग रखना होता है। यह तीन कोल ब्रह्मा, विष्णु और महेश के लिए या मन कथन के अनुसार गाय, कौए और कुत्ते के लिए भी रखा जा सकता है।**

**गाय** - गाय को पत्ते पर भोजन परोसकर जल देने से भाग्य जागृत होता है। गाय में सकारात्मक ऊर्जा का भंडार होता है, जो भाग्य को जागृत करने की क्षमता रखती है। गाय को अन्न और जल देने से सभी तरह के संकट दूर होकर घर में सुख, शांति और समृद्धि के द्वारा खुल जाते हैं। प्रतिदिन गाय को रोटी खिलाने गुरु और शुक्र बलवान होता और धन-समृद्धि बढ़ती है।
**कुत्ता** - कुत्त को पत्ते पर भोजन परोसकर जल पिलाने से भैरव महाराज प्रसन्न होते हैं और हर तरह के आकस्मिक संकटों से वे भक्त की रक्षा करते हैं। कुत्ता आपकी राहु, केतु के बुरे प्रभाव और यमदूत, भूत प्रेत आदि से रक्षा करता है। कुत्ते को प्रतिदिन भोजन देने से जहां दुश्मनों का भय मिट जाता है वहीं व्यक्ति निडर हो जाता है। ज्योतिषी के अनुसार केतु का प्रतीक है कुत्ता। कुत्ता पालने या कुत्ते की सेवा करने से केतु का अशुभ प्रभाव समाप्त हो जाता है। पितृ पक्ष में कुत्तों को मीठी रोटी खिलानी चाहिए।
**कौवा**- कौए के लिए छत या भूमि पर भोजन परोसकर सकोरे में उसके लिए जल रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कौआ को यमदूत, पितर और देवपुत्र भी माना गया है। कौए को भविष्य में घटने वाली घटनाओं का पहले से ही आभास हो जाता है। कहते हैं कि यदि कौआ आपका भोजन ग्रहण कर ले तो समझो आपके पितर आपसे प्रसन्न और तृप्त हैं और यदि नहीं करें तो समझो कि आपके पितर आपसे नाराज और अतृप्त हैं।
**चींटी** - चींटियों के लिए पत्ते पर भोजन परोसा जाता। उनके बिल हों, वहां चूरा कर भोजन डाला जाता है। इससे सभी तरह के संकट मिट जाते हैं और घर परिवार में सुख एवं समृद्धि आती है।
**देवता** - देवबलि अर्थात पत्ते पर देवी देवतों और पितरों को भोजन परोसा जाता है। बाद में इसे उठाकर घर से बाहर उचित स्थान रख दिया जाता है।
**पक्षी** - पक्षियों को जल अर्पित करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और साथ ही हमारे जीवन के संकट मिट जाते हैं। नियमित जल पिलाने से भाग्य जागृत हो जाते हैं और किसी कार्य में आ रही रुकावट दूर होती है। हर कार्य आसानी से होने लगते हैं।



# क्या है हिंदुओं के पवित्र चिन्ह स्वास्तिक का रहस्य

**स्वस्ति नऽइन्द्रो वृद्धश्रवाः, स्वस्ति नः पूषा विश्ववेद्राः।
स्वस्ति नस्ताक्षर्योऽअरिष्टनेमिः,
स्वस्ति तो बृहस्पतिर्दधातु॥- यजुर्वेद**

यह चार वेदों में से एक है। इसकी पूर्व दिशा में वृद्धश्रवा इंद्र, दक्षिण में वृहस्पति इंद्र, पश्चिम में पूषा-विश्ववेदा इंद्र तथा उत्तर दिशा में अरिष्टनेमि इंद्र अवस्थित हैं। ॠवेद में स्वस्तिक के देवता सवृन्त का उल्लेख है। यजुर्वेद की इस कल्याणकारी एवं मंगलकारी शुभकामना, स्वस्तिवाचन में स्वस्तिक का निहितार्थ छिपा है।

## सूर्य मंडल

प्राचीन मान्यता के अनुसार यह सूर्य मंडल के चारों ओर चार विद्युत केंद्र के समान लगता है।

## सृष्टिचक्र

स्वास्तिक को सृष्टिचक्र की संज्ञा दी गई है। सिद्धांतसार नामक ग्रन्थ में इन्हें जगत् जगत का प्रतीक माना गया है। उसके मध्य भाग को विष्णु की कमल नाभि और रेखाओं को ब्रह्माजी के चार मुख, चार हाथों के रूप में वर्णित किया गया है। यह ब्रह्मा के चार सिरों के बराबर भी माना गया है, तो इसके परिणामस्वरूप मध्य में बिंदु भगवान विष्णु की नाभि है, जिससे भगवान ब्रह्मा प्रकट होते हैं।

## चार दिशा

स्वास्तिक चार दिशाओं का ज्ञान कराता है। ॠवेद की ॠचा में स्वस्तिक को सूर्य का प्रतीक माना गया है और उसकी चार भुजाओं को चार दिशाओं की उपमा दी गई है।

## यज्ञ वेद

यज्ञ करने के लिए यज्ञवोदी स्वास्तिक के अनुसार ही बनती है और चारों और सभी वर्णों के आसन लगते हैं।

## सप्तऋषि

सप्तऋषि तारामंडल में जो पहले दो तारे हैं उनकी सीध में ध्रुव तारा है। इसी के आसपास यह सप्तऋषि तारामंडल मौसम के अनुसार चक्कर लगाते रहते हैं। केंद्र में यदि ध्रुव तारे को रखकर इनके द्वारा चारों दिशाओं में लगाए गए चक्कर की आकृति को देखेंगे तो वह स्वस्तिक के आकार की ही बनेगी।

## मंगल कार्यों में स्वास्तिक

बिना स्वास्तिक बनाए कोई भी पूजा, विधान और यज्ञ पूर्ण नहीं माना जाता है। प्रत्येक शुभ कार्य की शुरुआत में और त्योहारों पर हर घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक लगाना अतिशुभ फलदायी माना जाता है। इसे कुशलक्षेम, शुभकामना, आशीर्वाद, पुण्य, शुभभावना, पाप-प्रक्षालन तथा दान स्वीकार करने के रूप में भी प्रयोग किया जाता है।

## किस से बनाते हैं स्वास्तिक

स्वास्तिक कई चीजों से बनाए जाते हैं, जैसे कुंमकुंम, हल्दी, सिंदूर, रोली, गोबर, रंगोली तथा अक्षत का स्वास्तिक।

## धर्म का प्रतीक

स्वास्तिक को चार वर्ण, चार दिशा, चार वेद, चार आश्रम और चार सिद्धांत धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का प्रतीक भी माना गया है। स्वास्तिक में भगवान गणेश और नारद की शक्तियां समाहित हैं। स्वास्तिक को भगवान विष्णु और सूर्य का आसन माना गया है। स्वस्तिक का बायां भाग गणेश की शक्ति ग बीज मंत्र का स्थान है।

## स्वास्तिक की आकृति

स्वास्तिक में एक दूसरे को काटने वाली दो सीधी रेखाएं होती हैं, जो आगे चलकर मुड़ जाती हैं। इसके बाद भी ये रेखाएं उनके सिर पर थोड़ा आगे मुड़ जाती हैं। स्वास्तिक की चार रेखाओं को जोड़ने के बाद बीच में बने बिंदु को भी अलग-अलग मान्यताओं से परिभाषित किया जाता है। स्वास्तिक की यह आकृति दो प्रकार की हो सकती है। पहला स्वस्तिक, जिसमें रेखाएं आगे की ओर इशारा करते हुए हमारे दाहिनी ओर मुड़ जाती हैं। इसे स्वस्तिक कहते हैं। यह शुभ संकेत है, जो हमारी प्रगति का संकेत देता है।

# रुकने वाली नहीं है सोने की तेजी

**कई देशों के सेंट्रल बैंक जमकर खरीद रहे हैं गोल्ड**

## चीन में रिटेल इन्वेस्टर्स भी कर रहे सोने का रुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है। जानकारों का कहना है कि गोल्ड में यह तेजी लंबे समय तक बरकरार रह सकती है। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कई उभरते देशों के सेंट्रल बैंक जमकर सोने की खरीदारी कर रहे हैं। इसके साथ ही अमेरिका में ब्याज दरों में हाल-फिलहाल बदलाव की उम्मीद नहीं दिख रही है। इससे सोने की कीमत में तेजी आ रही है। ऐसे में सोने में निवेश से लंबे समय तक दूर रहने से नुकसान हो सकता है। टाटा एसेट मैनेजमेंट के फंड मैनेजर (कमोडिटी) तपन पटेल के मुताबिक सोने के पॉजिटिव आउटलुक को देखते हुए निवेशक अगले तीन महीनों में सोने में अपना निवेश 8-10 प्रतिशत से बढ़ाकर 10-15 प्रतिशत कर सकते हैं।

हाल के दिनों में सोने की कीमतों में तेजी से उछाल आया है और 5 साल की अवधि में इसने निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन किया है। निफ्टी के 15.24 प्रतिशत रिटर्न के मुकाबले गोल्ड ने 17.39 प्रतिशत रिटर्न दिया है। हालांकि, 10 साल की अवधि में इसने 9.02 प्रतिशत रिटर्न दिया है, जबकि निफ्टी 50 का रिटर्न 13.3 प्रतिशत रहा है। पिछले तीन महीनों में सोने की कीमत 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि एक साल में यह 22.8 प्रतिशत बढ़ी है। वेल्थ मैनेजर बताते हैं कि सोने के बढ़ने के कई कारण हैं। उनकी सलाह है कि निवेशक अगले तीन महीनों में किसी भी गिरावट पर सोने की खरीद कर सकते हैं। मार्च और फरवरी में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि के बाद पिछले महीने अप्रैल में अमेरिकी सीपीआई में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह दिखाता है कि दूसरी तिमाही के प्रारंभ में महंगाई में गिरावट का रुझान पुनः शुरू हो गया है।



### कब करें खरीदारी

क्वांटम म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर गजल जैन का कहना है कि भू-राजनीतिक संघर्षों में तेजी, अमेरिकी चुनावों से पहले इकॉनमी को सपोर्ट देने के लिए फिस्कल या मॉनिटरी प्रयास तथा फेड बैलेंस शीट में हाल ही में घोषित कटौती से महंगाई की स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इससे सोना प्रासंगिक बना रहेगा। पटेल ने कहा कि चीन, तुर्की और रूस के नेतृत्व में केंद्रीय बैंकों द्वारा की जा रही खरीदारी से भी सोने की कीमतें मजबूत बनी रहेंगी। यूक्रेन युद्ध के कारण कई देशों के लिए अमेरिकी डॉलर में निवेश को लेकर आशंका बढ़ गई है। यही कारण हैं कि दुनिया के कई देशों के सेंट्रल बैंक अपने रिजर्व में विविधता लाने और अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए सक्रिय रूप से सोना जमा कर रहे हैं।

चीन में सेंट्रल बैंक के साथ-साथ आम लोग भी सोना खरीद रहे हैं। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ी है। 2020 तक चीन के निवेशकों के लिए रियल एस्टेट निवेश का पसंदीदा साधन था लेकिन अब मामला बदल गया है। देश का रियल एस्टेट सेक्टर गहरे संकट में है। साथ ही शेयर बाजार का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा है। यही वजह है कि चीन के रिटेल इन्वेस्टर्स भी अब सोने का रुख कर रहे हैं। मनी हनी फाइनेंशियल सर्विसेज के एमडी अनूप भैया ने कहा कि खुदरा निवेशक एक बार में खरीदने के बजाय गिरावट पर खरीदने की रणनीति अपना सकते हैं। वे 3-4 चरणों में अपना दांव लगा सकते हैं।

# फेस्टिव सीजन में नहीं उछलेगा प्याज का दाम!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले वित्त वर्ष में प्याज के दाम में 30 प्रतिशत से अधिक उछाल को देखते हुए सरकार सप्लाई की व्यवस्था बेहतर बनाने में जुट गई है। उत्पादन घटने के अनुमानों के बीच 5 लाख टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए किसानों से खरीदारी हो रही है, उत्पादन की मुख्य जगहों से दूर के इलाकों में अधिक भंडारण केंद्र तैयार किए जा रहे हैं और रेडिएशन के जरिए पहले से अधिक प्याज स्टोर करने की योजना भी है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि इस बार कोशिश यह है कि उत्पादन वाले इलाकों से दूर के इलाकों में भी ज्यादा प्याज स्टोर किया जाए। इससे जरूरत के समय सप्लाई करने में आसानी होगी। ट्रांसपोर्टेशन में रेल नेटवर्क का उपयोग बढ़ाया जाएगा जिससे त्योहारों के सीजन में बढ़ी हुई मांग पूरी करने में ज्यादा समय न लगे और लासलगांव जैसी प्रमुख मंडी से बहुत दूर के इलाकों में कंस्यूमर के लिए भाव अधिक न उछले। एक अधिकारी ने कहा कि इस बार किसानों से ऐसा प्याज लेने पर जोर है, जिसमें डंठल का कुछ हिस्सा भी बचा हो, क्योंकि इसे अधिक समय तक स्टोर किया जा सकता है। पिछले साल पायलट बेसिस पर महाराष्ट्र के लासलगांव में 1200 टन प्याज को रेडिएशन के बाद स्टोर किया गया था। इस बार करीब 5000 टन प्याज स्टोर किया जाएगा। प्याज को 3-4 महीने से अधिक स्टोर नहीं किया जा सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### अदालत में इंफोसिस लिमिटेड की याचिका खारिज, टैंजेडको के आदेश को दी गई थी चुनौती

**चेन्नई , एजेंसी।** मद्रास उच्च न्यायालय ने इंफोसिस लिमिटेड द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में तमिलनाडु उत्पादन और वितरण निगम (टैंजेडको) द्वारा पारित एक आदेश को चुनौती दी गई थी। टैंजेडको ने इंफोसिस लिमिटेड को छह करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति जी के इलानथिरायन द्वारा इंफोसिस लिमिटेड द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया गया। याचिका में टैंजेडको को केवल औद्योगिक शुल्क वसूलने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। बता दें कि टैंजेडको ने एक आदेश पारित कर इंफोसिस को 6,72,95,384 रुपये का भुगतान करने को कहा था। अदालत में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जी के इलानथिरायन ने कहा कि इंफोसिस लिमिटेड और टैंजेडको के बीच हुए समझौते के अवलोकन से कुछ बातें पता चली हैं। पता चला कि उस परिसर के लिए कोई किराया नहीं दिया जा रहा था, जो याचिकाकर्ता को दिया गया था। साथ ही बिजली और पानी का शुल्क भी नहीं दिया गया था। अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि किराया, बिजली और पानी शुल्क का भुगतान नहीं करने के बाद भी याचिकाकर्ता ने अपने सेवा प्रदाताओं से लाइसेंस शुल्क एकत्र किया।

### पेटीएम से हो सकती है 5000 से 6300 कर्मचारियों की छंटनी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** संकट से जूझ रही पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस अपने 5000 से 6300 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने जा रही है। दूसरी ओर इसके शेयर भी आज 4.55 पर्सेंट लुढ़क कर 340.05 रुपये पर आ गए हैं। पिछले छह महीने में यह करीब 62 फीसद टूट चुका है। यह स्टॉक साल अबतक 47 फीसद से अधिक टूटा है।
कंपनी के इस कठोर फैसले के पीछे इस वित्तीय वर्ष में अपने कर्मचारी लागत को कम करना है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अपने वर्क फोर्स में लगभग 15 से 20 प्रतिशत की कटौती कर सकती है। इसका मतलब है कि कुल वर्क फोर्स में 5,000-6,300 कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है। वन97 कम्युनिकेशंस का लक्ष्य 400 से 500 करोड़ बचाना है।

#### कब होगी छंटनी

वित्त वर्ष 2023 में वन97 कम्युनिकेशंस के पेरोल पर औसतन 32,798 कर्मचारी थे। इनमें 29,503 सक्रिय रूप से काम कर रहे थे। वित्त वर्ष के लिए कुल कर्मचारी लागत साल-दर-साल 34 फीसद बढ़कर 3,124 करोड़ हो गई।इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दिसंबर में 1,000 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त करने के साथ कटौती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

#### 550 करोड़ का नेट लॉस

बता दें चौथी तिमाही में पेटीएम को 550 करोड़ का नेट लॉस हुआ है, जबकि पिछले साल यह 168 करोड़ था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद मार्च तिमाही में कंपनी का ऑपरेशन से रेवेन्यू सालाना आधार पर 3 प्रतिशत गिरकर 2,267 करोड़ रह गया। पेटीएम के सीईओ को उम्मीद है कि आरबीआई द्वारा अपने सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर बैन के बाद कंपनी को राजस्व और प्रॉफिटीबिलिटी पर निकट अवधि में वित्तीय प्रभाव देखने को मिलेगा। पेटीएम के सीईओ विजय शेखर शर्मा ने शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में गवर्नेंस फ्रेमवर्क को मजबूत करने, लागत दक्षता में सुधार और नियामक कार्यों के कारण कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर प्रभाव के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के बारे में बताया है।

# 18 रुपये तक जा सकते हैं वोडाफोन आइडिया के शेयर

**एक साल बाद मिली पहली बाय रेटिंग, 10 प्रतिशत चढ़े शेयर**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वोडाफोन आइडिया के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल सकती है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस यूबीएस ने वोडाफोन आइडिया की रेटिंग को अपग्रेड करके बाय कर दिया है। करीब एक साल बाद कंपनी के शेयरों को पहली बाय रेटिंग मिली है। यूबीएस ने इससे पहले वोडाफोन आइडिया के शेयरों को न्यूट्रल रेटिंग दी थी। वोडाफोन आइडिया के शेयर शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 10 पर्सेंट की तेजी के साथ 15.45 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। टेलिकॉम कंपनी के शेयर इस साल 28 फरवरी के बाद से अपने हाइएस्ट लेवल पर पहुंच गए हैं। साथ ही, वोडाफोन आइडिया का मार्केट कैप भी 1 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

विदेशी ब्रोकरेज हाउस यूबीएस का मानना है कि वोडाफोन आइडिया के शेयर 18 रुपये तक जा सकते हैं। यानी, गुरुवार के बंद स्तर के मुकाबले टेलिकॉम कंपनी के शेयरों में करीब 30 पर्सेंट की तेजी देखने को मिल सकती है। ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि बकाए के भुगतान में सरकार की तरफ से राहत मिलने की स्थिति में वोडाफोन आइडिया के शेयरों में करीब 70 से 80 पर्सेंट का उछाल देखने को मिल सकता है। वोडाफोन आइडिया ने पिछले दिनों ही फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर के जरिए 18000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। वोडाफोन आइडिया के शेयरों में पिछले एक साल में 110 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। टेलिकॉम कंपनी के शेयर 24 मई 2023 को 6.96 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 24 मई 2024 को 14.58 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। पिछले 2 साल में वोडा आइडिया के शेयरों में 75 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। वहीं, इस साल अब तक टेलिकॉम कंपनी के शेयरों में 13 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट आई है।

# आईआईटी से पढ़ाई के बाद गूगल में जॉब, फिर कुछ अलग करने की जिद, आज 2000 करोड़ की कंपनी के मालिक!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल गर्ग बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मोग्लिक्स के संस्थापक हैं। यह कंपनी औद्योगिक और एमआरओ (मेनटिनेंस, रिपेयरिंग और ओवरहॉल) वस्तुओं की ऑनलाइन खरीद-फरोख्त में मदद करती है। मोग्लिक्स की गिनती सफल कंपनियों में होती है। राहुल गर्ग ने कई साल तक बढ़िया सैलरी पर गूगल में काम किया। लेकिन, उनके मन में हमेशा कुछ अपना करने की जिद थी। आज उनकी कंपनी 2,081 करोड़ की बन चुकी है।



राहुल गर्ग मूल रूप से हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले हैं। उनके परिवार का शिक्षा और व्यवसाय दोनों से गहरा रिश्ता था। उनकी मां ने घर पर रहना चुना। जबकि पिता एस.के. गर्ग सी एंड एस इलेक्ट्रिक में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। फरीदाबाद के एपीजे स्कूल में पढ़ाई के दौरान राहुल का प्रदर्शन असाधारण था। इसके अलावा कार्मेल कॉन्वेंट में पढ़ते हुए उन्होंने खेलों में भी खूब हिस्सा लिया। वह स्कूल में बैडमिंटन और बास्केटबॉल दोनों टीमों के कप्तान थे। राहुल को आईएसबी, हैदराबाद में अपने बैच में पहला स्थान हासिल करने के लिए स्कॉलर ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उन्हें आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग की डिग्री पूरी करने के बाद मिला। उन्होंने आईएसबी से ही एमबीए किया है। राहुल ने कई सालों तक गूगल में काम किया। उसके बाद उन्होंने मोग्लिक्स की शुरुआत की। वह भारत, साउथ ईस्ट एशिया और कोरिया के लिए स्वङ्ग के प्रमुख के पद पर थे।

राहुल ने पारंपरिक सप्लाई चेन को बदलने के उद्देश्य से मोग्लिक्स की स्थापना की थी। मोग्लिक्स कंपनियों को औद्योगिक उत्पादों की खरीद और हैंडलिंग के लिए एक व्यापक समाधान मुहैया करती है। स्थानीय बाजार में प्रवेश करते वक्त राहुल गर्ग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद मोग्लिक्स चेन्नई से सेफ्टी शूज के लिए अपना शुरुआती ऑर्डर हासिल करने में सफल रही। कंपनी की यात्रा में प्रमुख मील का पत्थर 25 जनवरी, 2022 को आया। तब मोग्लिक्स ने सीरीज एफ फंडिंग राउंड में 25 करोड़ डॉलर हासिल किए। राहुल गर्ग को अपनी कारोबारी यात्रा के लिए कई सम्मान मिले हैं। इनमें फॉर्च्यून 40 अंडर 40 में लिस्टिंग और 2018 में यंग एंटरप्रेन्योर समिट एंड अवार्ड्स में बिजनेस वर्ल्ड यंग एंटरप्रेन्योर अवार्ड पाना शामिल है। 2019 में उन्हें एंटरप्रेन्योर इंडिया कांग्रेस एंड अवार्ड्स में एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया।

# हेल्थ इंश्योरेंस में होने वाला है क्रांतिकारी बदलाव, बीमाधारकों के लिए बहुत हितकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव होने जा रहा है, जिसका फायदा बीमाधारकों को होगा। बहुत जल्द सभी हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम को अस्पतालों और बीमा कंपनियों द्वारा एक ही विंडो नेशनल हेल्थ क्लेम एक्सचेंज के जरिए निपटाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि नेशननल हेल्थ अथॉरिटी द्वारा विकसित एनएचसीएक्स तैयार है और इसका परीक्षण चल रहा है।अभी हेल्थ इंश्यारेंस बेचने वाली अधिकांश बीमा कंपनियों के पास क्लेम को मंजूरी देने के लिए अपने प्लैटफार्म हैं।




टीओआई से एक सूत्र ने कहा, एनएचसीएक्स के पास बीमा कंपनियों द्वारा क्लेम को प्रोसेस करने के लिए एक स्टैंडर्ड फार्मेट होगा। अभी जो मरीज अस्पताल में इलाज के लिए जाते हैं, वे अपनी बीमा पॉलिसी के डिटेल्स थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर या बीमा कंपनी द्वारा जारी कार्ड देते हैं। इसके बाद अस्पताल कंपनी के क्लेम प्रोसेसिंग पोर्टल पोर्टल तक पहुंचता है और प्री-ऑथंटिकेशन या क्लेम प्रोसेस के लिए आवश्यक डॉक्यूमेंटस अपलोड करता है। इसके बाद बीमा कंपनी या टीपीए अपने इंटरनल क्लेम प्रोसेसिंग पोर्टल से फॉर्म को प्रमाणित और डिजिटलीकृत करती है। इसके बाद संबंधित टीम द्वारा दावे पर निर्णय लिया जाता है। इन डेटा एक्सचेंजों में अक्सर पीडीएफ या मैन्युअल कागजी कार्रवाई शामिल होती है, जिससे प्रोसेसिंग का टाइम बढ़ जाता है और गलतियों का खतरा बढ़ जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि एनएचसीएक्स आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना को लागू करने के लिए जिम्मेदार एनएचए और इरडा के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास का परिणाम है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इरडा बीमा उद्योग को विनियमित करना जारी रखेगा। हम इसमें शामिल नहीं होने जा रहे हैं। एनएचसीएक्स को डेवलप करने के पीछे स्वास्थ्य मंत्रालय का मकसद केवल स्वास्थ्य बीमा दावों के तेज और अधिक पारदर्शी प्रोसेसिंग के लिए एक फैसिलेटर के रूप में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि अभी प्रक्रिया इतनी जटिल है कि मरीजों को अक्सर मंजूरी पाने के लिए लंबे समय तक इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

# दो बड़ी भारतीय कंपनियों के बीच अपनी तरह की पहली साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपीएल और आरती इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज बढ़त दिख रही है। इसके पीछे दोनों कंपनियों के बीच ज्वाइंट वेंचर के लिए हुआ एक समझौता है, जिसमें विशेष रसायनों का निर्माण किया जाएगा। इस ख्बार के बाद 24 मई को शुरुआती कारोबार में यूपीएल और आरती इंडस्ट्रीज के शेयर ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे थे।

24 मई को सुबह 10:35 बजे एनएसई पर आरती इंडस्ट्रीज के शेयर 2.70 प्रतिशत ऊपर 643.90 रुपये और यूपीएल 1.52 प्रतिशत ऊपर 518.60 रुपये पर थे। यूपीएल ने 23 मई को एक प्रेस रिलीज में कहा, आरती इंडस्ट्रीज और यूपीएल ने विशेष रसायनों के मैन्युफैक्चरिंग और मार्केट के लिए 50-50 प्रतिशत साझेदारी में ज्वाइंट वेंचर में एंट्री की है। इन केमिकल्स का इस्तेमाल कई डाउनस्ट्रीम उद्योगों में किया जाता है।

यह व्यवस्था वैश्विक बाजारों के लिए डाउनस्ट्रीम और वैल्यू एडेड केमिकल इंटरमीडिएट प्रोडक्ट के डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग के लिए दो बड़ी भारतीय कंपनियों के बीच अपनी तरह की पहली साझेदारी है। यह भारत की आत्मनिर्भर बनने में योगदान देगी। दोनों कंपनियां उन रसायनों के निर्माण के लिए प्रमुख कच्चा माल उपलब्ध कराएंगी। ज्वाइंट वेंचर कंपनी को अगले 2 से 3 वर्षों में 400 से 500 करोड़ रुपये की अधिकतम वार्षिक राजस्व क्षमता के साथ कॉमर्शियल स्प्लाई शुरू करने की उम्मीद है। ऑजीन केमिकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के बीच ज्वाइंट वेंचर के लिए एक प्रस्तावित यूनिट होगी। दोनों कंपनियों ने शुरुआत में एसीपीएल की इक्विटी शेयर पूंजी में 12.50 करोड़ रुपये निवेश करने का प्रस्ताव रखा है। इसके बाद लगभग 24 महीनों में इक्विटी कैपिटल/प्रीफ्रेंस शेयर/डेब्ट के रूप में एक या अधिक किस्तों में प्रत्येक में 137.50 करोड़ रुपये का निवेश करने का प्रस्ताव है।

# एंटीलिया, पाम जुमेराह... मुंबई से लेकर न्यूयॉर्क, दुबई तक है मुकेश अंबानी और उनके परिवार की संपत्तियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंबानी परिवार देश के सबसे अमीर उद्योग घरानों में से एक है। इसे अपनी विशाल रियल एस्टेट होल्डिंग्स के लिए जाना जाता है। ये रियल एस्टेट होल्डिंग्स न केवल परिवार की अपार संपत्ति को दर्शाती हैं, बल्कि उनकी शानदार जीवनशैली और वैश्विक प्रभाव का भी प्रतीक हैं। मुंबई से लेकर न्यूयॉर्क और दुबई तक फैली अंबानी परिवार की संपत्तियां उनकी असाधारण सफलता का सबूत हैं।

मुकेश अंबानी की रईसी की निशानी एंटीलिया मुंबई के अपस्केल अल्टामाउंट रोड पर स्थित है। इसकी कीमत 1-2 अरब डॉलर के बीच है। एंटीलिया को वास्तुकला का चमत्कार मानते हैं। इसकी कीमत 80,000 रुपये से लेकर 85,000 रुपये प्रति वर्ग फीट तक है। यह एंटीलिया को दुनियाभर में सबसे महंगे आवासों में से एक बनाता है।



गुजरात के चोरवाड़ में अंबानी परिवार का पैतृक घर धीरूभाई अंबानी के बचपन की यादों से भरा हुआ है। इस घर का नाम बदलकर धीरूभाई अंबानी मेमोरियल हाउस कर दिया गया है। यह पारंपरिक गुजराती वास्तुकला को दर्शाता है। मुकेश अंबानी और उनके परिवार के लिए यह पुश्तैनी घर अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए गर्मियों की छुट्टी बिताने के लिए काम आता है।

मुकेश अंबानी की बेटी ईशा की शादी आनंद पीरामल से हुई है। उपहार के तौर पर ईशा के ससुराल वालों ने उन्हें गुलीटा नाम की आलीशान हवेली भेंट की थी। यह वर्ली में 50,000 वर्ग फीट में फैली हुई है। हवेली को हीरे की थीम वाले कांच के काम और स्टील के ताड़ के पेड़ की संरचनाओं से सजाया गया है। इसमें पांच मंजिलें, तीन बेसमेंट, स्वीमिंग पूल, जिम और मंदिर कक्ष जैसी शानदार सुविधाएं हैं।

लग्जरी के शौकीन मुकेश अंबानी ने दुबई में अपने पोर्टफोलियो में दो आलीशान संपत्तियां जोड़ी हैं। 24.30 करोड़ डॉलर की कीमत वाली इन संपत्तियों ने न केवल उनके परिवार के लिए मूल्यवान अचल संपत्ति सुनिश्चित की, बल्कि उन्हें दुबई के लग्जरी प्रॉपर्टी सेक्टर में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया।

मुकेश अंबानी ने मैंडरिन ओरिएंटल में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदकर न्यूयॉर्क के रियल एस्टेट लैंडस्केप पर अपना दबदबा बनाने का रणनीतिक कदम उठाया है। मैंडरिन ओरिएंटल मैनहट्टन के लुभावने दृश्य और ओरिएंटल स्पा और लैप पूल जैसी शानदार सुविधाओं से लैस है। यह वैश्विक स्तर पर परिवार के विस्तार को दर्शाता है।

मुंबई के कफ परेड में स्थित सी विंड पहले अंबानी परिवार का निवास स्थान था। अब इसमें अनिल अंबानी और उनका परिवार रहता है। 17 मंजिला इस इमारत में हर भाई-बहन एक-एक मंजिल पर रहता है। यह इमारत परिवार की कई महत्वपूर्ण घटनाओं का गवाह रही है, जिसमें अनमोल अंबानी की शादी भी शामिल है।

# सैलरी हाइक, परफॉर्मेंस बोनस, एयर इंडिया ने कर्मचारियों को दिए बड़े तोहफे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा के नियंत्रण में जाने के दो साल बाद एयर इंडिया के कर्मचारियों के वेतन में पहली बार वृद्धि की गई है। इसके अलावा एयरलाइन ने पायलटों के लिए वार्षिक लक्ष्य परफॉर्मेंस बोनस की व्यवस्था भी शुरू की है। सूत्रों ने बताया कि वेतन वृद्धि का निर्णय एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदर्शन के आधार पर कर्मचारियों को बोनस दिया जा रहा है।

एयर इंडिया के एचआर हेड रवींद्र कुमार जीपी ने कर्मचारियों को वेतन बढ़ोतरी और परफॉर्मेंस बोनस दिए जाने की घोषणा की। एयरलाइन के साथ करीब 18,000 कर्मचारी जुड़े हुए हैं। हालांकि, यह तत्काल पता नहीं चल पाया कि इस वेतन बढ़ोतरी का दायरा क्या रहा है। सूत्रों ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित वेतन में वृद्धि के अलावा एयरलाइन ने कंपनी और व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर अपने पायलटों के लिए वार्षिक लक्ष्य प्रदर्शन बोनस का एक घटक भी पेश किया है जो वित्त वर्ष 2024-25 से लागू होगा।




बता दें कि जनवरी, 2022 में सरकार से एयर इंडिया का नियंत्रण टाटा समूह के हाथों में जाने के बाद पहली बार इसके कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल पुराने कर्मचारियों के अनुबंध पुनर्गठन और मुआवजा का ही काम हुआ था। हाल ही में एयर इंडिया के केबिन क्रू ने हड़ताल किया था। यह हड़ताल वापस लेने के दो सप्ताह से भी कम समय बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक यूनियन ने उड़ान में देरी और उन्हें रद्द किये जाने को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि उड़ान की संख्या कम होने से केबिन क्रू के वेतन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ (एआईएक्सईयू) ने यह भी दावा किया कि हवाई अड्डे के 'प्रवेश पास' की अनुपलब्धता के कारण पिछले दो महीने से 100 से अधिक केबिन क्रू बिना उड़ान ड्यूटी के बेकार बैठे हैं। बता दें कि इस महीने की नौ तारीख को श्रम आयुक्त (मध्य) द्वारा बुलाई गई यूनियन एवं एयरलाइन के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद केबिन क्रू की हड़ताल वापस ले ली गई थी।

## शाह बोले- न ही मैंने और न बीसीसीआई ने किसी भी

# ऑस्ट्रेलियाई को कोच बनने का ऑफर दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम का नया कोच कौन होगा, इस सवाल को लेकर क्रिकेट जगत में हलचल तेज है। इस बीच बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यह साफ कर दिया है कि भारतीय बोर्ड या उनकी तरफ से किसी भी ऑस्ट्रेलियाई से इस पद के लिए संपर्क नहीं किया गया है और मीडिया में जो खबरें चल रही हैं, वह गलत हैं।

जय शाह ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। पुरुष क्रिकेट टीम के लिए बीसीसीआई नए मुख्य कोच की तलाश कर रहा है, क्योंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद समाप्त हो जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 13 मई को सोशल मीडिया के जरिए भारतीय पुरुष टीम के नए मुख्य कोच के लिए आवेदन मांगे थे, जिसकी समय सीमा 27 मई निर्धारित की गई है। भारत के अगले मुख्य कोच की नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से 31 दिसंबर, 2027 के लिए होगी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग, जिन्होंने आईपीएल 2024 को दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में समाप्त किया था। उन्होंने यह कहा था कि हाल ही में उनसे भारत के अगले मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के लिए उनसे संपर्क किया गया है। पोंटिंग ने आईसीसी को बताया था, आईपीएल के दौरान कुछ छोटी-मोटी व्यक्तिगत बातचीत हुई थी, बस मेरी रुचि जानने के लिए कि क्या मैं यह करूंगा। हालांकि, बीसीसीआई सचिव ने ऐसी रिपोर्ट का खंडन किया।

शाह ने कहा, न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से संपर्क किया है। कुछ मीडिया चैनलों में



चल रही खबरें पूरी तरह से गलत हैं। शाह ने आगे कहा, हमारी नेशनल टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ रखते हों। बीसीसीआई सचिव ने यह भी बताया कि भारतीय घरेलू क्रिकेट की समझ होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक होगा।

उन्होंने कहा कि यह समझ टीम इंडिया को अगले स्तर तक ले जाने के लिए महत्वपूर्ण होगी। दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य बनने की दौर में पहले से कई बड़े नाम शामिल हैं। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर से जुड़ी खबरों ने इस मुद्दे को और हवा दी थी।



### पेरिस ओलंपिक के लिए दम लगाने उतरेंगे भारतीय मुक्केबाज

# पंघाल पर रहेंगी नजरें

**बैंकॉक, एजेंसी।** मार्च में पिछले विश्व क्वालीफायर में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसमें केवल 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ही पहले दौर की बाधा पार कर पाए थे। भारतीय मुक्केबाज शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उपलब्ध अंतिम स्थान हासिल करने के इरादे से रिंग में उतरेंगे। पिछले क्वालीफाइंग टूर्नामेंट तक भारतीय मुक्केबाजों ने चार कोटे हासिल किए हैं लेकिन महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने वाली परवीन हुड्डा पर ठिकाने की जानकारी देने में विफलता के कारण 22 महीने का प्रतिबंध लगाए जाने की शर्मनाक घटना के बाद ये घटकर अब तीन हो गए हैं।

### पिछले [ ालीफायर में निराशाजनक रहा था प्रदर्शन

मार्च में पिछले विश्व क्वालीफायर में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसमें केवल 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ही पहले दौर की बाधा पार कर पाए थे। इस दौरान कोचिंग संकट भी पैदा हो गया क्योंकि हाई परफोरमेंस निदेशक बर्नार्ड डुने ने पहले ही विश्व क्वालीफायर के दौरान अपना इस्तीफा सौंप दिया। अभिनाश जामवाल को भी ओलंपिक पदार्पण के लिए कट हासिल करने का मौका दिया गया है क्योंकि अनुभवी शिवा थापा 63.5 किग्रा वजन वर्ग में बार-बार विफल रहे हैं और इस वजन वर्ग में पांच कोटे दांव पर लगे हैं।

- **जैसमीन-अंकुशिता भी करेंगी प्रतिस्पर्धा-** महिलाओं के वर्ग में अंकुशिता बोरो 66 किग्रा में खेलती थीं लेकिन अब वह 60 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करेंगी और कट हासिल करने के लिए उन्हें शीर्ष तीन में रहना होगा।

अंकुशिता ने इस वजन वर्ग में जैसमीन लम्बोरिया की जगह ली जो पहले दो क्वालीफाइंग में कोटा जुटाने में विफल रहीं। अंकुशिता पहले दौर में मंगोलिया की नामुन मोनखोर के सामने होंगी।

### अमित पंघाल को किया गया शामिल

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने काफी बदलाव किए हैं जिसमें भारत के एकमात्र पुरुष विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल आखिरकार टीम में शामिल किए गए हैं क्योंकि दीपक भोरिया पहले दो क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में 51 किग्रा वजन वर्ग में कोटा हासिल करने में विफल रहे। पंघाल ने इस साल के शुरू में स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। उन्हें ओलंपिक के लिए जगह बनाने का केवल एक ही मौका मिलेगा और पूर्व एशियाड चैंपियन इसका पूरा फायदा उठाने का प्रयास करेगा। पंघाल को दूसरी वरीयता मिली है और उन्हें पहले दौर में बाई मिली है जिससे क्वार्टर फाइनल में उनके चीन के लियू चुआंग या किर्गिस्तान के अनवरझान खोदजिएव से भिड़ने की संभावना है।

## कार्तिक के बाद एक और दिग्गज की होगी भावुक विदाई...

- **रोहित शर्मा के दोस्त का ऐसा बयान**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट में लंबे समय तक दस्ताने से कोहराम मचाने वाले दिनेश कार्तिक ने राजस्थान के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की दिल तोड़ने वाली हार के बाद क्रिकेट किट टांगने का फैसला किया था। हालांकि, उन्होंने यह बड़े सामान्य तरीके से किया। डीके ने न तो कोई पोस्ट लिखा और न ही किसी तरह का बयान दिया। आरसीबी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया तो



रिटायरमेंट का पता चला। अब उनके साथी शिखर धवन ने ऐसा बयान दिया है, जिससे माना जा रहा है कि वह भी जल्द ही क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। दरअसल, इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। शिखर धवन एंड कंपनी अंतिम स्टैंडिंग में नौवें स्थान पर रही। पंजाब किंग्स को आखिरी मैच में धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 60 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे आईपीएल 2024 की प्लेऑफ दौड़ से उनका समय से पहले बाहर होना तय हो गया। हालांकि, चोट के कारण कप्तान धवन लंबे समय से प्लेइंग-11 से बाहर थे। सलामी बल्लेबाज धवन को 9 अप्रैल को पूर्व चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद (स्क्र॥) के खिलाफ कंधे में चोट लग गई थी।

### अभिनव बिंद्रा ने दी अधिकारियों को सलाह, बोले-

# खिलाड़ियों के साथ इंसान की तरह व्यवहार करो

नई दिल्ली, एजेंसी। बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल के स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है जो केवल खिलाड़ियों के लिए नहीं बल्कि कोचों के लिए भी जरूरी है तथा खेल मनोवैज्ञानिकों को उनके साथ काफी सयंम बरतना चाहिए।




ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बृहस्पतिवार को खेल पारिस्थितिकी तंत्र के हिस्सेदारों से अनुरोध किया कि वे खिलाड़ियों से पदक जीतने वाले रोबोट की तरह नहीं बल्कि इंसान की तरह ही बर्ताव करें। भारतीय खिलाड़ियों की ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों सभी बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हालिया सफलता से सिर्फ खिलाड़ियों के दर्जे में ही इजाफा नहीं हुआ है बल्कि इससे उनसे लगी उम्मीदों का बोझ भी बढ़ा है। बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल के स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है जो केवल खिलाड़ियों के लिए नहीं बल्कि कोचों के लिए भी जरूरी है तथा खेल मनोवैज्ञानिकों को उनके साथ काफी सयंम बरतना चाहिए।

बिंद्रा ने यहां कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में खेल मनोवैज्ञानिकों के साथ वर्चुअल बातचीत में कहा, ''सबसे अहम चीज है कि खिलाड़ियों से इंसान की तरह व्यवहार करना और उन्हें पदक जीतने वाले रोबोट की तरह तैयार करने का काम नहीं करना। उन्होंने कहा, ''खिलाड़ियों के साथ भरोसा और रिश्ता बनाना बहुत महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों के साथ लगातार मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए खेल मनोवैज्ञानिक को धैर्य बरतना चाहिए।'' बिंद्रा ने खेल मनोवैज्ञानिकों से अनुरोध किया कि वे खिलाड़ियों, विशेषकर निशानेबाजों का तोक्यो में उनके पिछले ओलंपिक के प्रदर्शन के आधार पर आकलन नहीं करे बल्कि वे मौजूदा समय किस स्थान पर है, इसके आधार पर उन्हें देखना चाहिए।

## शारजाह मास्टर्स के विजेता, अर्जुन सातवें स्थान पर रहे

**शारजाह, एजेंसी।** अर्जुन छह अंक लेकर शीर्ष-10 में शामिल एकमात्र भारतीय रहे। भारतीय खिलाड़ी ने चार जीत दर्ज की, चार ड्रॉ खेले और एक में उन्हें हार मिली। जीएम अरविंद चिदंबरम (5.5 अंक) अंतिम तीन दौर में केवल आधा अंक ही जुटा सके। भारत के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने शारजाह मास्टर्स अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के नौवें और अंतिम दौर में ईरान के



बरदिया दानेश्वर से ड्रॉ खेला जो विजेता रहे। वहीं, अर्जुन शीर्ष 10 में शामिल रहे। तालिका में शीर्ष पर चार खिलाड़ियों के बीच 6.5 अंक से टाई रहा लेकिन दानेश्वर ने सर्वश्रेष्ठ टाईब्रेक स्कोर से सभी को पछाड़ते हुए अपना पहला खिताब जीत लिया।

अर्जुन शीर्ष-10 में शामिल एकमात्र भारतीय रूस के वोलोदार मुर्जिन दूसरे, अमेरिका के सैम शंकलैंड तीसरे और उज्बेकिस्तान के शम्सिद्दीन वाखिदोव चौथे स्थान पर रहे। इसके बाद आठ खिलाड़ियों में टाई रहा और अर्जुन छह अंक लेकर शीर्ष-10 में शामिल एकमात्र भारतीय रहे। भारतीय खिलाड़ी ने चार जीत दर्ज की, चार ड्रॉ खेले और एक में उन्हें हार मिली। जीएम अरविंद चिदंबरम (5.5 अंक) अंतिम तीन दौर में केवल आधा अंक ही जुटा सके जिससे वह हमवतन अभिमन्यु पुराणिक और पी इनियान के साथ संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर रहे।

### कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए...

# भारतीय टीम का ऐलान, गोगोई बाहर

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिये भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के लिये टीम का ऐलान किया। भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया गया है। स्टिमक ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'ये सभी काफी पेशेवर और मेहनती हैं। इनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है। बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर में अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जाएंगे। कुवैत से उनका सामना विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में छह जून को होगा। इसके बाद भारतीय टीम 11 जून को कुवैत में खेलेगी। भारत इस समय चार मैचों में चार अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। इस मैच के साथ ही छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के अलविदा कह देंगे जिन्होंने भारत के लिये सर्वाधिक 94 गोल किए हैं। यह उनका 151वां मैच होगा।



**टीम:**

**गोलकीपर -** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ

**डिफेंडर-** अमय रणवाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंदर , निखिल पुजारी, राहुल भेके, शुभाशीष बोस

**मिडफील्डर -** अनिरूद्ध थापा, ब्रेंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जैकसन सिंह, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार शेखर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह

**फॉरवर्ड-** डेविड एल, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

### अमेरिका ने तो बांग्लादेश को बर्बाद कर दिया

# लगातार दूसरे टी20 में उतरी इज्जत, हाथ से फिसला सीरीज




**प्रेरी, एजेंसी।** बांग्लादेश को तो पाकिस्तान भी हरा देता है... यह कहना था आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का। शाकिब ने यह बात तब कही जब अमेरिका के खिलाफ बांग्लादेश को पहले टी20 में हार मिली थी। शाकिब को लगा कि अमेरिका को यह जीत उसके खेल से नहीं किस्मत से मिली है, लेकिन जब दूसरे टी20 मैच में भी टीम को 6 रन से हार मिली तो शाकिब का घमंड चूर-चूर हो गया। अमेरिका की धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप से पहले पूरी बांग्लादेशी टीम शर्मसार हो गई। दरअसल तीन टी20 मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में अमेरिका ने बांग्लादेश को पीटकर अब 2-0 से सीरीज पर अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम 19.3 ओवर में 138 रन बनाकर ढेर हो गई।

# भारतीय कंपाउंड मिक्स्ड टीम आर्चरी वर्ल्डकप स्टेज-2 के फाइनल में

## सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को हराया, गोल्ड के लिए अमेरिकी टीम से भिड़ेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ कोरिया के येचिओन में चल रहे आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में कंपाउंड में भारतीय मिक्स्ड टीम फाइनल में पहुंची। इसके साथ ही भारत के लिए दूसरा मेडल पक्का हो गया है। इससे पहले बुधवार को विमेंस टीम कंपाउंड के फाइनल में पहुंच चुकी है। शुक्रवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड के सेमीफाइनल में 16 निशाने में से केवल 2 पॉइंट ही गंवाए। भारतीय जोड़ी ने साउथ कोरिया की हान सेउंगयोन और यांग जेवोन की जोड़ी को 158-157 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को




गोल्ड मेडल के लिए ज्योति और प्रियांश का सामना अमेरिका की ओलिविया डीन और सॉयर सुलिवन से होगा। अमेरिकी जोड़ी ने सेमीफाइनल में वियतनाम को 159-152 से हराया।

### विमेंस टीम भी कर चुकी है मेडल पक्का

वर्ल्ड नंबर वन भारतीय महिला कंपाउंड टीम आर्चरी के वर्ल्ड कप स्टेज-2 के फाइनल में पहले ही पहुंच गई है। ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की तिकड़ी ने सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर की टीम ॠ को 233-229 से हराया। इस भारतीय तिकड़ी ने पिछले महीने शंघाई में वर्ल्ड कप स्टेज-1 में गोल्ड मेडल जीता था। भारतीय विमेंस टीम अब शनिवार को गोल्ड मेडल के मुकाबले में दुनिया के सातवें नंबर की टीम तुर्की से भिड़ेगी। दूसरे सेमीफाइनल में तुर्की ने साउथ कोरिया को 234-233 से हराया था। भारतीय महिला टीम के लिए यह आसान सफर था।

# घर के बॉस पति शिरीष कुंदर के आगे मैं बस चुप रहती हूं: फराह खान



फिल्म मेकर-कोरियोग्राफर फराह खान ने बताया कि उनके परिवार में किसकी चलती है, और कैसे घर पर उनके पति शिरीष कुंदर के होने पर किरदार बदल जाते हैं क्योंकि वही बॉस होते हैं। फराह खान एक्टर अनिल कपूर के साथ कॉमेडियन कपिल शर्मा के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए एपिसोड में नजर आईं। बातचीत के दौरान फराह ने बताया कि घर पर उनके पति-फिल्ममेकर और फिल्म एडिटर शिरीष ज्यादा बातूनी हैं। कपिल ने फराह से पूछा, जब वह डायरेक्टर होती हैं तो सभी को डांटती हैं। दर्शक जानना चाहते हैं कि क्या आपने कभी घर पर शिरीष को डांटा है? फराह जवाब देती हुई कहती हैं, मेरे लिए यह उल्टा है। शिरीष घर का बॉस है। जब वह बाहर होते हैं तो कुछ नहीं बोलते।

घर पर वह इतना बोलते हैं कि हम सब सोफे के पीछे छिप जाते हैं। वह आते हैं और हमें लेक्चर देना शुरू कर देते हैं। इसलिए, घर पर मैं बहुत शांत रहती हूं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो शनिवार रात आठ बजे नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होता है।

### बुल्गारी ब्रांड की 140वीं वर्षगांठ पर

# प्रियंका ने पहना 350 करोड़ का नेकलेस



ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पूरी दुनिया में अपनी अदाकारी के जलवे बिखेर रही हैं। बॉलीवुड में नाम और सम्मान हासिल करने के बाद प्रियंका ने हॉलीवुड का रुख किया और वहां भी अपनी खास पहचान बना ली है। प्रियंका ने अमेरिकी सिंगर निक जोनस के साथ शादी की है और उनके एक बेटी मालती मैरी हैं। प्रियंका एक रियल फैशनिस्टा हैं, जो हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। प्रियंका ने हाल ही में बुल्गारी ब्रांड की 140वीं वर्षगांठ मनाने के लिए रोम (इटली) में आयोजित बुलगारी एईटर्ना कार्यक्रम में भाग लिया। उनके आउटफिट ने सभी का दिल जीत लिया। साथ ही प्रियंका के डायमंड स्टडेड नेकलेस की इस समय हर ओर चर्चा हो रही है। प्रियंका का क्लासी नेकलेस बुल्गारी ब्रांड का था। बुल्गारी के अनुसार इसे तैयार करने में 2800 घंटे लगे और यह उनके सबसे महंगे पीसेस में से एक है। नेकलेस में नाशपाती के शेप के कुल सात हीरे लगे थे और उनमें से प्रत्येक 20 कैरेट का रफ डायमंड है, जो इसे कुल 140 कैरेट का बनाता है। नाशपाती के शेप के डायमंड वेव-पैटर्न वाले डायमंड-प्लेटेड नेकपीस से जुड़े हुए थे और यह 698 बैगुएट डायमंड के साथ आया था और इसका कुल वजन 61.81 कैरेट था। कई रिपोर्टों के अनुसार नेकलेस की कीमत 43 मिलियन डॉलर यानी 350 करोड़ रुपए से ज्यादा है। प्रियंका इटली के लग्जरी जूलरी ब्रांड बुल्गारी की ब्रांड एंबेसडर है। साल 2021 में ही वो इस ब्रांड के साथ जुड़ी हैं। प्रियंका और बुल्गारी ने नेकलेस की फोटो शेयर की है।

### शादी के बाद भी

# बोल्ड सीन्स देने से नहीं कतराए ये सितारे

## ● पार्टनर के साथ आई थीं लड़ाई-झगड़े की खबरें

आजकल फिल्मों में किसिंग सीन और बोल्ड सीन देना आम बात है, लेकिन पहले के समय में ज्यादातर अभिनेत्रियां इस तरह के सीन देना तो दूर शादी के बाद फिल्में तक करना छोड़ देती थीं, लेकिन आजकल की अभिनेत्रियां और अभिनेता ऐसे नहीं हैं। शादी से पहले और बाद में वे सबसे पहले अपने करियर पर फोकस करते हैं। इसके अलावा फिल्मों में बोल्ड और किसिंग सीन भी देते हैं, लेकिन कभी-कभी इन किसिंग सीन्स के कारण उनके घरों में या पार्टनर के साथ दिक्कत का भी सामना करना पड़ता है तो चलिए आज आपको ऐसे सितारों के बारे में बताते हैं।



### सैफ अली खान

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है बॉलीवुड इंडस्ट्री के नवाब सैफ अली खान का। सैफ अली खान हिंदी सिनेमा के बेहतरीन अभिनेता हैं। उन्होंने कई फिल्मों में बोल्ड सीन दिए हैं, लेकिन जब अभिनेता ने रंगून में कंगना रणौत को ऑनस्क्रीन लिप किस किया था, उस दौरान सैफ और करीना में आपस में अनबन हो गई थी।

### काजोल




इस लिस्ट में अगला नाम आता है अभिनेत्री काजोल का। काजोल ने फिल्म फना में आमिर खान संग खूब बोल्ड सीन दिए हैं। दोनों के बोल्ड सीन जमकर वायरल हुए थे। इस फिल्म के बाद काजोल और अजय देवगन के बीच भी अनबन की खबरें आई थीं।



### शाहिद कपूर

इस लिस्ट में शाहिद कपूर भी अपनी जगह बनाए हुए हैं। फिल्म रंगून में शाहिद कपूर और कंगना रनौत का किसिंग सीन सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। शाहिद कपूर ने फिल्म में ये किसिंग सीन अपनी शादी के बाद दिया था, जिसके बाद उनके और उनकी पत्नी मीरा राजपूत के बीच अनबन हो गई थी।

### ऐश्वर्या राय



ऐश्वर्या राय भी इस लिस्ट में शामिल हैं। ऐश्वर्या राय ने भी शादी के बाद कई फिल्मों में काम किया है। वे रणबीर कपूर के साथ फिल्म ए दिल है मुश्किल में भी नजर आई थीं। इस फिल्म में रणबीर के साथ उन्होंने कई बोल्ड सीन्स दिए, जिसके बाद उनके घर पर क्लेश हुआ था।



### आयुष्मान खुराना

इस लिस्ट में आयुष्मान खुराना का नाम भी शामिल है। आयुष्मान खुराना ने भी शादी के बाद विक्की डोनर में यामी गौतम के साथ बोल्ड किसिंग सीन दिया था, जिसके बाद उनकी पत्नी ताहिरा काफी नाराज हो गई थीं और दोनों के बीच अनबन की खबरें

### जैकलीन ने किया खुलासा, बोलीं-

# किसी ने मुझसे कहा था बॉलीवुड में रहना है तो सुंदर...



जैकलीन फर्नांडीज मानती हैं कि बॉलीवुड में कई सुंदर बदलाव भी हो रहे हैं। वे कहती हैं, जब मैंने अपने करियर की शुरुआत की थी तब उन दिनों तीस पार कर चुकी अभिनेत्रियों के लिए फिल्मों में काम मिलना थोड़ा मुश्किल लगता था, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं।

जैकलीन फर्नांडीज इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में धूम मचा रही हैं। हर दिन सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने अपने करियर के शुरूआती दिनों के बारे में कई खुलासे किए। साथ ही साथ उन्होंने बॉलीवुड में अभिनेत्रियों के संघर्षों के बारे में भी कई बातें कहीं।

### बॉलीवुड में लुक्स मैटर करता है

जैकलीन फर्नांडीज बॉलीवुड में अभिनय के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी अक्स सुर्खियां बटोरती रहती हैं। जैकलीन से जब पूछा गया कि उनके करियर की शुरुआत में उन्हें सबसे बुरी सलाह क्या मिली थी। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, एक बार मैं जिम में थी और तब मैं बॉलीवुड में नई-नई ही आई थी। वहां एक सीनियर एक्टर भी जिम कर रहे थे। मैंने जब उन्हें बताया कि मैं अपने उच्चारण को सुधारने के लिए ट्यूशन ले रही हूं, तब उन्होंने कहा मुझे इसकी जरुरत नहीं है।

### ध्रुव तारा में दफनाने वाले सीन की

# शूटिंग के दौरान मैं जिंदगी की अहमियत को समझ सकी: रिया शर्मा

शो ध्रुव तारा - समय सदी से परे में लीड रोल में नजर आने वाली एक्ट्रेस रिया शर्मा ने दफनाने वाले सीन की शूटिंग के अपने एक्सपीरियंस को शेयर किया। रिया शर्मा शो में तारा का किरदार निभा रही हैं। सीक्वेंस की शूटिंग की



चुनौतियों के बारे में बात करते हुए रिया ने कहा, यह एक अलग अनुभव था। मुझे डर और दुःख दोनों एक साथ महसूस हो रहा था। इस सीक्वेंस की शूटिंग चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि मैं सिर से पैर तक कीचड़ से सनी थी। मेरे दिमाग में कई तरह की बातें चल रही थी, जिससे मुझे उन लोगों के प्रति सहानुभूति होने लगी, जो दुनिया में असहनीय पीड़ा सहते हैं। उन्होंने कहा, उस सीन में, मैं वहां लाश बनकर लेटी हुई जिंदगी की अहमियत को समझ सकी। मैं अपने परिवार वालों के साथ बिताए पलों के बारे में सोचने लगी और महसूस करने लगी कि मैं कितनी भाग्यशाली हूं कि मैं अपनी जिंदगी को खुलकर जी रही हूं। जैसे ही शूटिंग खत्म हुई, मैंने तुरंत अपने माता-पिता को फोन किया और उनसे बहुत सारी बात की।

# अब यश की टॉक्सिक का हिस्सा बनीं हुमा कुरैशी



### फिल्म में लेंगी करीना कपूर की जगह?

साउथ सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक-ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं, जो फिल्म की कहानी और उनके कलाकार से जुड़ी हुई हैं। फिल्म की कास्ट अब तक पूरी तरह से तय नहीं हुई है, ऐसे में फिल्म में शामिल हो रहे कलाकारों के बारे में जानकारियां फैंस का उत्साह बढ़ा रही हैं। वहीं अब फिल्म में एक और अभिनेत्री की शामिल होने की खबरें तेजी से सोशल मीडिया पर फैल रही हैं। चर्चा है कि फिल्म में कियारा आडवाणी पहले ही शामिल हो चुकी हैं। अब हाल ही में ऐसे अपडेट आए हैं, जिसमें बताया गया है कि एक और बॉलीवुड अभिनेत्री महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए कलाकारों में शामिल होंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी को फिल्म में अहम भूमिका के लिए कास्ट किया गया है। ऐसी अटकलें हैं कि हुमा उस भूमिका के लिए फिल्म में शामिल नहीं हो रही हैं, जिसे करीना कपूर ने मना कर दिया था।

हुमा के फिल्म में शामिल होने की खबर ने प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा दिया है। कहा जा रहा है कि वे किसी नई अहम भूमिका के लिए चुनी गई हैं। हुमा के किरदार के बारे में अन्य जानकारियां जल्द ही सामने आने की उम्मीद है। वहीं इस बीच हुमा को लेकर चर्चा है कि वे अक्षय कुमार और अरशद वारसी की जॉली एलएलबी 3 में भी नजर आएंगी।

इससे पहले टॉक्सिक में कई अभिनेत्रियों द्वारा मुख्य नायिका की भूमिका निभाने के लिए अफवाहें फैली हुई थीं। ऐसे में तब निर्माताओं ने बयान जारी करते हुए प्रशंसकों को ऐसी अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी थी। उन्होंने बयान में कहा था, टॉक्सिक-ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स की कास्टिंग के बारे में कई अप्रमाणित सिद्धांत और सूचनाएं चल रही हैं।



# इस दिन से सिकंदर की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान खान

सलमान खान इन दिनों काफी सुर्खियों छाए हुए हैं। सलमान खान ने इस साल ईद पर सिनेमाघरों में कमाल नहीं दिखाया, लेकिन उन्होंने दर्शकों को खास तोहफा दिया था। इस साल उन्होंने ईद पर अपनी नई फिल्म सिकंदर की घोषणा की थी। फिल्म को लेकर लगातार नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। कुछ समय पहले निर्माताओं ने फिल्म में मुख्य नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री का खुलासा करते हुए बताया था कि सलमान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। वहीं अब फिल्म पर नया अपडेट सामने आया है, जो इसकी शूटिंग से जुड़ा है। इस फिल्म के जरिए सलमान खान और निर्देशक एआर मुरुगादॉस पहली बार साथ काम कर रहे हैं। इसका फिल्मांकन जून 2024 में शुरू होने वाला है। मुरुगादॉस वर्तमान में तमिल अभिनेता शिवकार्तिकेयन के साथ एक्शन फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थाई शीर्षक एसके 23 है। मुरुगादॉस इसके अलावा अन्य कई परियोजनाओं को लेकर व्यस्त हैं। ऐसे में उन्होंने सलमान खान की फिल्म सिकंदरपर काम शुरू करने से पहले एसके 23 का एक महत्वपूर्ण हिस्सा खत्म करने की योजना बनाई है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, मुरुगादॉस सिकंदर के फ्लोर पर आने से पहले एसके 23 का जितना संभव हो सके उतना काम पूरा करना चाहते हैं। योजना के अनुसार मई में सिकंदर के शुरुआती शेड्यूल की शूटिंग की जाएगी, उसके बाद जून में शिवकार्तिकेयन की फिल्म पर काम शुरू होगा। जुलाई के बाद से मुरुगादॉस अपना पूरा ध्यान सिकंदर पर लगाएंगे।



# मैं ऐसे माहौल में पली-बढ़ी हूं, जिन्होंने मेरी अच्छे और बुरे की पहचान को बढ़ाया है : नेहा शर्मा



एक्ट्रेस नेहा शर्मा जल्द ही अक्षय ओबेरॉय के साथ इल्लीगल के तीसरे सीजन में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि वह ऐसे कई लोगों को जानती हैं, जो बीच की राय रखते हैं, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें इस तरह से बड़ा किया कि वह चीजों के बुरे और अच्छे की पहचान कर सकती हैं। सीजन-3 के बारे में बोलते हुए नेहा ने कहा, इस सीजन में निहारिका एक नए रूप में नजर आएंगी। बेशक, आपको अभी भी पुरानी निहारिका की झलक दिखेगी, लेकिन, अब जब उन्होंने पुनीत के साथ अपनी खुद की कंपनी बनाई है, तो वह बदल गई हैं। हम उनमें और जेजे (जनार्दन जेटली) के बीच कुछ ऐसी चीजें देखते हैं, जो दोनों में एक जैसी हैं। दोनों के लक्ष्य बदल गए हैं। वह इस सीजन में कई दिलचस्प मामले उठाती है, जो सभी वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं ऐसे माहौल में पली-बढ़ी हूं, जिन्होंने मेरी अच्छे और बुरे की पहचान को बढ़ाया है। मैं ऐसे कई लोगों को जानती हूं, जो बीच की राय रखते हैं, लेकिन, मेरे माता-पिता ने मुझे इस तरह बड़ा किया कि मैं चीजों को या तो अच्छा या फिर बुरे के रूप में पहचान सकती हूं। मैं इस सीजन में निहारिका से खुद को जोड़ नहीं पा रही हूं, क्योंकि वह बहुत बार ऐसे जोन में चली जाती है, जिनकी बीच की राय है।

# सजनी शिंदे का वायरल वीडियो किरदार की मासूमियत बरकरार रखना चाहती हूं - राधिका

मिस्ट्री फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो में मुख्य किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस राधिका मदान ने बताया कि किस तरह फिल्म ने उन्हें अपने अंदर झांकने पर मजबूर किया। बात करते हुए, राधिका ने अपने किरदार सजनी से जुड़ी कुछ बातें शेयर की। उन्होंने कहा, सजनी के लिए मुझे वास्तव में दुख हो रहा है। लेकिन इसका उपाय सिर्फ यह है कि आप समाज के लिए अपनी चमक या अपनी मासूमियत को न खोएं। यह बहुत जरूरी है कि आप अपनी नजरों में सही रहें और अपने आप पर भरोसा रखें। राधिका ने बात करते हुए कहा, किसी को बाहरी लोगों के अनुसार अपनी जिंदगी नहीं जीनी चाहिए। इसलिए, मैं सजनी की चमक और मासूमियत को अपने अंदर बरकरार रखने की पूरी कोशिश करूंगी। फिल्म की शूटिंग से जुड़े एक किस्से को बताते हुए राधिका ने कहा, हर एक सीन ने हमें अपने अंदर झांकने पर मजबूर किया। सिर्फ मुझे ही नहीं, बल्कि निर्देशक, सेट पर मौजूद लोगों, को-एक्टर्स को भी.. मुझे लगता है कि हर सीन इंट्रोस्पेक्शन से भरा था। राधिका ने कहा, आप अपने बारे में नहीं, बल्कि अपने रोल के बारे में सोचते हैं, लेकिन यह फिल्म आपसे यह सवाल करने पर मजबूर करती है कि आप खुद को कैसे देखते हैं। मिखिल मुसाले द्वारा निर्देशित यह फिल्म सजनी शिंदे (राधिका) की कहानी को उजागर करती है, जिसका जिंदगी एक वायरल वीडियो से पूरी तरह से तबाह हो जाती है। इसमें निम्रत कौर, भाग्यश्री, सुबोध भावे, सोहम मजूमदार और सुमीत व्यास भी हैं। फिल्म का प्रीमियर 25 मई को एंड एक्सप्लोर एचडी पर होगा।